राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 14 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 161, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जेल से रिहा युवक लापता, परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार...03

विजयराघवगढ़ विस के बरही में 'कृषि महोत्सव' की भव्य तैयारी...12



## संक्षिप्त खबरें

### शादी का झांसा देकर नाबालिग को भगाने वाला युवक गिरफ्तार



**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना गौर पुलिस ने नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुकदमा संख्या 43/2026 धारा 137(2), 87, 65(1) बीएनएस व 5एल/6 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अमीरुल्लाह उर्फ कुन्ना (20) पुत्र नसीबुल्लाह निवासी ग्राम द्वारिकाचक थाना सोनहा को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार अंजान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को शिवा घाट पुल के पहले स्थित मजार के पास से हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय बस्ती भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बृजलाल दत्त, हेड कांस्टेबल शिव प्रसाद गौड़ तथा महिला कांस्टेबल पूजा वर्मा शामिल रहीं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### गैस सिलेंडर की समस्या को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने डीएम से की मुलाकात, जल्द समाधान का भरोसा



**बस्ती।** बस्ती जिलेमें गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर लोगों को हो रही परेशानियों के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्सना से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गैस एजेंसियों पर लग रही लंबी-लंबी लाइनों और आम जनता को हो रही दिक्कतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया। संजय चौधरी ने कहा कि जिले में कहीं भी गैस सिलेंडर की वास्तविक कमी नहीं है, बल्कि व्यवस्था को बेहतर तरीके से संभालने और लोगों की समस्याओं पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति कराई जाएगी। वहीं जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्सना ने आश्वासन दिया कि सभी गैस एजेंसियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और कहीं भी किसी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन लगातार लोगों तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है और आने वाले कुछ समय में यह समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

### दिल्ली रैली को सफल करने के लिए सी पी एम की हुई बैठक




**हजारीबाग, झारखंडः-** सीपीएम जिला कमेटी, हजारीबाग की एक बैठक तपेश्वर राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान बतौर पर्यवेक्षक भाग लिए. इस बैठक में सर्वप्रथम अमेरिका इराक और ईरान युद्ध में मारे गए लोगों के प्रति 1 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया एवं श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने अपना रिपोर्ट पेस किया जिस पर जिला कमेटी के साथियों ने बहस करने के बाद सचिन के रिपोर्ट को पास किया. पर्यवेक्षक संजय पासवान ने बताया कि परमाणु ऊर्जा में निजी कंपनियों के प्रवेश, चार श्रम संहिता को लागू करना, मनरेगा को समाप्त कर वी जी रामजी को लागू करना, नया बिजली अधिनियम को लागू करना के विरोध में पार्टी के केंद्रीय कमेटी ने 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली का आयोजन किया है इस रैली में हजारीबाग से अधिक से अधिक लोग भाग लेंगे है। उन्होंने आगे बताया कि अमेरिका ने एक पक्षीय विश्व को बनाने के लिए विश्व के तमाम तेल पर एकाधिकार करने के लिए छोटे-छोटे देश पर कब्जा करते जा रही है. इसका ताजा उदाहरण इराक वेनेजुएला है कि किस तरह से वहां पर सरकारों को अपदस्त कर वहां के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर लिया। उसकी दादागिरी का नतीजा है इजराइल ईरान युद्ध के मामले में भारत राजनीतिक कूटनीति में पूरी तरह असफल रही जिसका असर भारत में तेल और एलपीजी पर पड़ता दिख रहा है। इस बैठक में लक्ष्मी नारायण सिंह, सुरेश कुमार दास, ईश्वर महतो, रामचंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार मैं डूबी बस्ती की स्वास्थ्य व्यवस्था सीएमओ भ्रष्टाचार की गंगा में लगा रहे डुबकी

**●बस्ती जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था भ्रष्टाचार में डूबी नजर आ रही है जिम्मेदार अधिकारी वायरल वीडियो पर कार्रवाई क्यों नहीं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है चाहे स्वास्थ्य विभाग हो या विकास विभाग हो या राजस्व विभाग हो जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है बिना घूस के कोई अधिकारी कोई कार्य नहीं करता है ताजा मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमजोत में घूस लेते हुये बाबू का वीडीयो वायरल। वायरल वीडीयो में घूस लेते दिख रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमजोत का बाबू। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमजोत का बाबू बिना घूस के नहीं करता कोई कार्य। पीड़िता के भाई ने घूस लेते हुये बाबू का बनाया वीडीयो सोशलमीडिया पर



किया वायरल।पीड़िता के मुताबिक ऐरियर बनाने के लिए 45 हजार रुपए की थी बाबू की मांगसामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमजोत के बाबू ने लिया मुझसे लिया 45 हजार रुपए रिश्वत वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई क्यों नहीं हुईजिले का स्वास्थ्य महकमा बना लूट का अड्डा अपने ही कर्मचारियों को नहीं दे रहे रियायत। इस भ्रष्टाचार में लिप्त हैं जिले के जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी मामला रफा-दफा करने की कोशिश की जा रही है लेकिन वीडियो और खबर वायरल होने से अधिकारियों के पांव फूल गए अभी तक घूसखोरी बाबू प्रदीप श्रीवास्तव कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है यह बड़ा सवाल है कि सीएमओ मामले को संज्ञान लेते ही तत्काल कार्रवाई करना चाहिए था लेकिन सी एमओ और चिकित्सा अधिकारी बचाने के जुगाड़ में लगे हुए हैं पीड़िता सुनीता वर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद बड़े बाबू माँग रहे थे ऐरियर भुगतान के लिए घूस न देने पर उच्च अधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं हो पाएंगे जिसके कारण आपका भुगतान होने में देरी लग सकता है मजबूर सुनीता थक हारकर उन्होंने घूस देने का फैसला ले लिया जबकि न्यायालय के आदेश के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है कर्मचारियों के साथ ऐसी घटना घट रही है न्यायालय ने चार हफ्ते का दिया था भुगतान करने का आदेश। किन्तु स्वास्थ्य विभाग ने न्यायालय के आदेश का किया चीर-हरण किया जा रहा है लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने दिखाया अपना दम बिना पैसे के नहीं करते कोई काम। वायरल वीडीयो पर सीएमओ बस्ती से जब बात हुई तो वह अपने भ्रष्ट बाबू की बचाव करते नजर आये ।वायरल वीडीयो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमजोत के प्रदीप श्रीवास्तव का बताया जा रहा है।

## फर्जी आ0 बा0 कार्यकर्ती से रिकबरी के आदेशबिक्रमजोत ब्लॉक-पूरे चेतन के शम्भूपुर गांव का मामला

**●छब्बीस साल तक मालती ने-उर्मिला बनकर की नौकरी**

**जब रिपोर्ट में दोषी पाय गयी तो जेल जाने की डर से दिया इस्तीफा रिकबरी के आदेश शेष कार्यवाही बिधिक सलाह पर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले के बिक्रमजोत ब्लॉक के पुरानी ग्रा0पं0 पिपरीसंग्राम नई ग्रा0पं0 पूरेचेतन के शम्भुपुर गांव का मामला है जहाँ मालती पत्नी भगवत प्रसाद दूबे उर्फ़ लड्डू दूबे ने बाल बिकास बिभाग को छब्बीस साल तक गुमराह कर फर्जी उर्मिला देवी बनकर नौकरी करती रही, मालती के पास दशवी की सर्टिफिकेट न होने से उर्मिला बन गयी ,और उर्मिला नाम का साक्ष्य आधारकार्ड पैनकार्ड, राशनकार्ड निवास प्रमाणपत्र आयप्रमाण पत्र तक बनवा लिया, जमीन का बैनामा करवाया तो उर्मिला नाम से करवाया, चुनौती था शिकायतकर्ता और बिभाग दोनों को, इतना ही नहीं कार्यकर्ती के साथ-साथ बर्ष 2000 से 2005 तक प्रधान भी रही, मतलब दो बेतन एक साथ प्राप्त किया। असली उर्मिलादेवी के पति शुरेश दत्त तिवारी, ग्राम इच्छा तिवारी पुरवा ग्रा0 पं0व पो0-सरियावा, बिकासखण्ड मसौधा जिला-अयोध्या है। जब इसकी शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता,पंकज दुबे ने 2021 में जिले के आला अधिकारियो से की तो नोटिस जारी हुआ।असली उर्मिला देवी ने अपनी बहन को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी अपना नाम प्रमिला बताया और प्रमिला नाम का आधार कार्ड दिया दोनों बहनो ने दो साल तक बिभाग को खूब गुमराह किया, मामला सुलझने के बजाय उलझता गया फिर सीडीओ ने डीपीआरओ, बीडीओ व बीईओ, सीडीपीओ की टीम बनायीं फिर स्पष्ट हो पाया की भगवत प्रसाद की पत्नी उर्मिला नहीं मालती है जब जांच रिपोर्ट में दोषी पाय गयी तो जेल जाने की डर से इस्तीफा दे दिया । डीपीओ बस्ती- ने बताया की फिर हाल दोहरे लाभ के सम्बन्ध में रिकबरी का आदेश जारी हुआ है , शेष कार्यवाही बिधिक परामर्श पर करने का आदेश सीडीपीओ बिक्रमजोत को दिया है।

## सिद्धार्थनगर में डीएम ने गैस एजेंसी का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर-** जनपद में घरेलू गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी. एन ने शुक्रवार को बर्डपुर स्थित सिद्धार्थ गैस एजेंसी के गोदाम का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गैस गोदाम में उपलब्ध स्टॉक, गैस सिलेंडरों की आपूर्ति तथा उपभोक्ताओं को किए जा रहे वितरण की पूरी स्थिति की गहनता से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने एजेंसी संचालक से स्पष्ट रूप से पूछा कि आज कितने गैस सिलेंडर गोदाम पर आए, कितने सिलेंडरों का वितरण किया गया और वर्तमान में कितना स्टॉक हैं की जानकारी ली।

## स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड से विकास सम्मानित

**देवरिया।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से विकास खंड बैतालपुर के बरनई निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विकास यादव को जिला स्तरीय स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें 25 हजार रुपये की नकद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विकास यादव कई वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, नशामुक्ति, मतदाता जागरूकता, पौधारोपण, स्वच्छता, जल संरक्षण, जैविक खेती और जरूरतमंदों को कंबल वितरण जैसे कार्यों में अहम भूमिका निभाई है। इसके साथ ही पुस्तकालय स्थापना, परिवार नियोजन जागरूकता, युवा संवाद कार्यक्रम और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में भी योगदान दिया है। कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने जरूरतमंदों की सहायता और जनजागरूकता में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें कोरोना योद्धा के रूप में भी सम्मानित किया जा चुका है। इस उपलब्धि पर जिला युवा कल्याण अधिकारी पुनीत कुमार, जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे, डॉ. अजय कुमार यादव, बीओ निखिल आनंद, नीरज मिश्रा, विशाल कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान हरेंद्र यादव, सभासद बद्रीनाथ गुप्ता, परशुराम गुप्ता सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

# लेखपाल पर अवैध कब्जा कराने का आरोपः जांच, कार्रवाई की मांग़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महंथ गिरिजेश दास ने आईजीआरएस के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके बस्ती सदर तहसील के ग्राम रामपुर मेडिकल कालेज के पीछे थाना मुण्डेरवा के गाटा सं0-333म/0.0240 भूमि पर तत्कालीन लेखपाल शीला प्रजापति के द्वारा विपक्षी से मिलकर अवैध कब्जा कराकर अवैध निर्माण कराये जाने का आरोप लगाते हुये लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई और अवैध कब्जे को खाली कराये जाने की मांग किया है। शिकायती पत्र में महंथ गिरिजेश दास ने कहा है कि बस्ती सदर तहसील के ग्राम रामपुर, थाना मुण्डेरवा के गाटा सं0 333म पर तत्कालीन लेखपाल शीला प्रजापति की मिली भगत से उक्त कीमती भूमि पर माह जून 2025 में रामपुर निवासी इबरार पुत्र ऐश मोहम्मद से गाटा सं0-333म पर निजी लाभ हेतु तत्कालीन लेखपाल ने अवैध कब्जा कराकर पक्का निर्माण करा दिया। भ्रमण के



दौरान ग्रामीणों व हिन्दू जनता के लोगों द्वारा उन्हें बताया गया कि तत्कालीन लेखपाल के द्वारा अपने हल्का क्षेत्र में अपने कार्यकाल में तमाम लोगों को ग्राम समाज व सरकार की जमीनों पर अवैध कब्जा करा दिया गया है। ग्रामीणों के सूचना व समाचार पत्रों में गाटा सं0-333म के सम्बन्ध में हो रहे अवैध निर्माण के सम्बन्ध में प्रकाशन के बावजूद भी नहीं रोका गया। उन्होने मांग किया है कि प्रकरण जनहित व सरकार हित में है. सरकार की क्षति हो रही है। प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर अवैध कब्जे में शामिल तत्कालीन लेखपाल व दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कराते हुये अवैध कब्जे को खाली कराया जाय।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में दर्ज मुकदमे में हाईकोर्ट से राहत, गिरफ्तारी पर लगी रोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केगौर थाना क्षेत्र के शिवपुर ग्राम निवासी विपिन कुमार, विनय कुमार, राधिका देवी तथा रामपाल उर्फ बागेदु के खिलाफ दर्ज नाबालिग से छेड़छाड़, मारपीट, अश्लील फोटो बनाने और दुष्कर्म के आरोपों से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी है। बताया जाता है कि एक महिला ने थाना गौर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ विपिन कुमार व अन्य आरोपितों ने छेड़छाड़, मारपीट करते हुए अश्लील फोटो बनाए और दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने धारा 65(1), 333, 64(2)(द्व), 308(2), 115(2), 76, 110, 351(3) तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की थी। यदि पुराने



आईपीसी प्रावधानों के अनुसार देखा जाए तो यह मामला धारा 376, 452, 376(2), 383, 323, 354क्, 308, 506 तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित बताया गया है।

मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस विपिन कुमार व अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस ने विपिन के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की नोटिस भी जारी कर दी थी। इसी बीच आरोपितों ने अधिवक्ता रमन पांडेय के माध्यम से इलाहाबाद हाईकोर्ट में एफआईआर को चुनौती दी। 9 मार्च 2026 को हुई सुनवाई के दौरान माननीय न्यायमूर्ति सिद्धार्थ एवं न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने दलील दी कि दर्ज एफआईआर निराधार है और पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है। बचाव पक्ष का यह भी कहना था कि पीड़िता पक्ष के खिलाफ पहले ही विपिन कुमार की माता राधिका देवी की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था। उसी मुकदमे में दबाव बनाने और समझौता कराने के उद्देश्य से नाबालिग को आधार बनाकर यह मुकदमा दर्ज कराया गया है। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने फिलहाल आरोपितों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। उधर, बताया जा रहा है कि इस प्रकरण के दौरान मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने विपिन के कुछ रिश्तेदारों के खिलाफ भी अलग से मुकदमा दर्ज किया है। हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद आरोपितों का परिवार जल्द ही अपने घर लौटने की तैयारी में है।

# संदिग्ध अवस्था में 3 बच्चों की मां की मौत

**●भाई ने लगाया हत्या का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर -** एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने पति पर पीटकर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। घटना के लगभग 17 घंटे बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, लेकिन आरोपी को अब तक हिरासत में नहीं लिया गया है। यह घटना चांदा कोतवाली क्षेत्र के शुकुल उमरी गांव की है। गांव निवासी रामबली धुरिया की 42 वर्षीय पत्नी कल्पना की शादी करीब 20 साल पहले हुई थी। उनके तीन बेटे हैं, जिनमें से बीच का बेटा दिव्यांग है। गुरुवार शाम घर के अंदर कल्पना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों का आरोप है कि उन्हें घटना की सूचना तक नहीं दी गई।



मृतका के भाई ने बताया कि यह घटना गुरुवार शाम 6 बजे की है। उनका आरोप है कि घटना से पहले पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि कल्पना के गले पर फांसी का फंदा लगा हुआ था और उसकी पीठ पर चोट के गहरे निशान भी मिले हैं। भाई ने आरोप लगाया कि बच्चों को सिखा-पढ़ाकर रस्सी को जला दिया गया है, और यह सीधा फांसी देकर हत्या का मामला है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह पति और अन्य परिजन शव का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे, तभी मायके वाले मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीओ लंभुआ अर्पित कपूर और चांदा एसओ अमित मिश्रा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस की मौजूदगी में भी आरोपी पति आराम से बैठकर भोजन करता रहा। जांच के बाद एसओ आरोपी को हिरासत में लिए बिना ही लौट गए। ग्रामीणों के अनुसार, आरोपी की पहली पत्नी की भी गर्भावस्था के दौरान मौत हो चुकी है, और उसकी मौत का आरोप भी पति पर लगा था। इसके अलावा, आरोपी का नाम अपने पिता की मौत के मामले में भी सामने आया था। गांव में उसके प्रेम प्रसंग की भी दबी जुबान चर्चा हो रही है, और इसी को लेकर पत्नी से विवाद होने की बात कही जा रही है। सीओ अर्पित कपूर ने बताया कि मायके वालों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## समारोहपूर्वक हुआ एनएसएस शिविर का समापन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुक्रवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ0 रामशिरोमणि त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, डॉ0 पुरूषोत्तम शुक्ल, इं. जितेन्द्र त्रिपाठी व डॉ0 सिद्धार्थ त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्जवलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान, राष्ट्रगीत आदि की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र के संयोजन में प्रबुद्धजनों सभासद कैलाशनाथ तिवारी, जावेद अहमद, ब्रजघोष ओझा, डॉ0 निशान्त पाण्डेय आदि का सम्मान भी हुआ। मुख्य अतिथि डॉ0 रामशिरोमणि त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य शिविरार्थियों के व्यक्तित्व व चरित्र का विकास करना है। विशिष्ट अतिथि डॉ0 पुरूषोत्तम शुक्ल ने कहा कि एनएसएस शिविर निःस्वार्थ सेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारियों को दर्शाता है। विशिष्ट अतिथि इं. जितेन्द्र त्रिपाठी व डॉ0 सिद्धार्थ त्रिपाठी ने एनएसएस की महत्ता बतायी। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 गंगाधर मिश्र ने किया। इस मौके पर डॉ0 श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0 शिवकुमार यादव, डॉ0 अभिषेक पाण्डेय, डॉ0 सियाराम मौर्य, डॉ0 शैलेन्द्र सरोज, डॉ0 ऐश्वर्य तिवारी, डॉ0 महेश पाण्डेय आदि रहे।

# अमेठी के महोना में शांति और भाईचारे के बीच अदा हुई अलविदा की नमाज

**●तहसीलदार राहुल सिंह व थाना प्रभारी विवेक वर्मा की मौजूदगी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** थाना क्षेत्र बाजार शुकुल अंतर्गत महोना कस्बे में रमजान माह की आखिरी जुमे की अलविदा की नमाज शुक्रवार को शांति और भाईचारे के माहौल में अदा की गई। नमाज के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।इस अवसर पर मुसाफिरखाना तहसीलदार राहुल सिंह तथा थाना अध्यक्ष बाजार शुकुल विवेक वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम की निगरानी करते रहे। नमाज के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।अलविदा की नमाज के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद और ईदगाह परिसर में एकत्रित हुए और देश में अमन, चैन व



तरक्की के लिए दुआ मांगी। नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे का संदेश दिया।प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से अलविदा की नमाज सकुशल संपन्न हुई।अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से आगामी त्योहारों को भी आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की। वहीं क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि जब से शुक्ल बाजार की कमान बतौर थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने संभाली है थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांति व्यवस्था कानून व्यवस्था काफी चुस्त दुरुस्त दिखाई दे रही है, सभी त्योहार शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाई जा रहे हैं ।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या ने की जनसुनवाई

**●प्राप्त शिकायतों का संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक पहुंचाएं अधिकारी -डॉ प्रियंका मौर्या**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी शिकायतों के साथ उपस्थित हुईं। जनसुनवाई के दौरान डॉ. मौर्या ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर शोषण, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर मामलों को व्यक्तिगत रूप से सुना और प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महिला आयोग पूरी तरह समर्पित है। डॉ. मौर्या ने संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि




सभी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, और उनका सशक्तिकरण तभी संभव है जब उन्हें न्याय, सुरक्षा और सम्मान मिले। जनसुनवाई के दौरान कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान भी निकाला गया। कई मामलों में संबंधित पुलिस थानों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वहीं, लंबित मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। डॉ. मौर्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत पर फॉलोअप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और शिकायतकर्ता को उसकी जानकारी भी दी जाए। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। कानून आपके साथ है और महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का शिकार हो रही है। उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी और उन्हें जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मौर्या ने यह भी कहा कि आयोग का उद्देश्य केवल सुनवाई करना नहीं, बल्कि पीड़िता को न्याय दिलाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की शासन द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए। इस जनसुनवाई में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के अंत में डॉ. मौर्या ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों पर सतत निगरानी रखी जाए और महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें न केवल उम्मीद मिलती है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। आज जनसुनवाई के दौरान कुल 33 महिलाओं ने आयोग की सदस्य के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई जिन्हें उन्होंने गंभीरता पूर्वक सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर/जिला प्रोबेशन अधिकारी नीतेश राज, पुलिस क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी, बीएसए संजय तिवारी, डीपीओ आईसीडीएस संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बलरामपुर में बिजली विभाग की टीम पर आरोपः घर में जबरन घुसकर बदसुलूकी की, अधिवक्ताओं के विरोध के बाद जांच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर में बिजली विभाग की चेकिंग टीम पर एक अधिवक्ता के घर में जबरन घुसने और महिलाओं से बदसलूकी का गंभीर आरोप लगा है। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने बिजली विभाग कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासन ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं।नई बाजार निवासी अधिवक्ता समीर कुमार यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में यह आरोप लगाया है। उनके अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे बिजली विभाग के इंस्पेक्टर, जेई, एसडीओ और कुछ पुलिसकर्मी (सादे कपड़ों में) उनके घर बिजली जांच के लिए पहुंचे थे।बाहर की जांच के बाद टीम के सदस्यों ने घर के अंदर प्रवेश करने का प्रयास किया। जब अधिवक्ता ने



इसका विरोध किया, तो आरोप है कि वे सभी जबरन घर में घुस गए।अधिवक्ता का आरोप है कि घर में घुसने के बाद टीम के सदस्यों ने चेकिंग के नाम पर गाली-गलौज की और घर की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। घर के सदस्यों द्वारा विरोध करने और शोर मचाने पर आसपास के लोग भी मौके पर जमा होने लगे। भीड़ बढ़ती देख टीम के सदस्य कथित तौर पर वहां से चले गए। अधिवक्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि टीम के साथ कोई महिला पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता बिजली विभाग के कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने बिजली विभाग के इंस्पेक्टर को साथ लेकर सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर के कार्यालय में पूरे मामले की जानकारी दी। अधिवक्ताओं ने दोषी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड बलरामपुर को मामले की जांच कर दो दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

माहौल तनावपूर्ण होने की आशंका के चलते कोतवाली नगर की पुलिस भी मौके पर तैनात रही। अधिवक्ताओं के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए एसडीएम भी बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे। उन्होंने सभी पक्षों को शांत कराते हुए निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## रमजान माह में जुमे की नमाज अदा, अमन-चैन और खुशहाली की मांगी दुआ

**मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस रही मुस्तैद**



**लालगंज (रायबरेली)।** पवित्र रमजान माह के दौरान शुक्रवार को कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने जुमे की नमाज अदा की। मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर देश और समाज में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के दौरान कस्बे का माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण बना रहा। कस्बे की चिक मंडी स्थित जामा मस्जिद, कांचमील मस्जिद, बड़ी मस्जिद, मोहम्मदिया मस्जिद और अल्ला नगर स्थित मस्जिद सहित अन्य इबादतगाहों में नमाज अदा करने के लिए दोपहर से ही नमाजियों का पहुंचना शुरू हो गया था। नमाज के समय मस्जिदों में काफी भीड़ रही। लोगों ने रमजान की बरकत और समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने की दुआ की। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। जुमे की नमाज को देखते हुए मस्जिदों और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया। प्रमुख स्थानों पर पुलिस कर्मी मुस्तैदी से ड्यूटी करते दिखाई दिए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## लहरपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, सैकड़ों मरीजों को मिला उपचार




**विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 300 से अधिक मरीजों की जांच कर दी दवाइयां, 65 लोगों की हुई रक्त जांच**

**लहरपुर सीतापुर(संवाद)।** जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन आफ इंडिया श्री पीतांबरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल पारा सराय के संयुक्त तत्वाधान में एक फ्री मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन लहरपुर के शाह मज़ा कलंदर की दरगाह के सामने मजाशाह मे आयोजित किया गया शिविर में क्षेत्र के गरीब जरूरतमंद व लहरपुर के लोगों ने निशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ सलाहकार डॉक्टर एस ए मीर एमडी मेडिसिन ने 178 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी और उनकी जांच कराई गई तथा डॉक्टर मधुलिका राय ने महिलाओं में बाझपन लिकोरिया एवं माहवारी से जुड़ी 32 महिलाओं में बीमारियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां दी गई इसके अलावा डॉक्टर हर्षित जैन के द्वारा 52 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी गई डॉ सौरभ सिंह सर्जन के द्वारा 47 रोगियों का परीक्षण कर उनको दवाइयां दी गयी कैंप में डॉक्टर निशा गौतम गाईनी स्पेशलिस्ट के अलावा नर्स स्टाफ व मेडिकल टीम के लोग उपस्थित रहे कैंप में 65 लोगों का रक्त जांच भी किया गया कार्यक्रम में अंशुमान सिंह ऐश्वरय प्रताप सिंह मोहम्मद ताहिर मोहम्मद अरशद शाही इमाम कारी अनवार आलम साहब मोहम्मद हसीन अंसारी के अलावा शहर के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## नल से जल कनेक्शन देने में यूपी देश में किस नंबर पर? जलशक्ति मंत्री ने दी जानकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश, देश में सबसे अधिक नल से जल कनेक्शन देने वाला राज्य बन गया है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को जल जीवन मिशन 2.0 को लेकर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा सभी राज्यों के साथ की गई वर्चुअल बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 2.43 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विंध्य-बुंदेलखंड क्षेत्र में 95 प्रतिशत से अधिक घरों तक नल से जल की सप्लाई की जा रही है। 100 प्रतिशत जलापूर्ति वाले गांवों में जल अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जलापूर्ति की पूरी व्यवस्था ग्राम पंचायत को हैंडओवर की जा रही है। बैठक में केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के अधिकारियों ने जल जीवन मिशन-2.0 की रूपरेखा सभी राज्यों के सामने रखी। बताया गया कि भविष्य में किस तरह से योजना को लेकर कार्य किया जाना है। इसमें केंद्र और राज्य की क्या भूमिका होगी। साथ ही राज्यों से सुझाव मांगे गए कि योजना को किस तरह से बेहतर ढंग से जमीन पर उतारा जा सकता है। बैठक में उप्र से अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव ने भी प्रतिभाग किया।

# 'स्वास्थ्य सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा 13 मार्च 2026, शुक्रवार को इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भवन, आई.ई.आई., रीवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में 'स्वास्थ्य सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस इन हैल्थकेयर) विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सचिन कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, एमिटी स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश ने उपस्थित सदस्यों को स्वास्थ्य सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के योगदान, नवीनतम तकनीकी प्रगति और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। अपने व्याख्यान में उन्होंने एआईआधारित रोग पहचान, उपचार में सुधार, डेटा विश्लेषण, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य प्रबंधन में इसके उपयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। डॉ. कुमार ने यह भी बताया कि कैसे एआईतकनीक से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है, रोगियों के लिए अधिक सटीक और त्वरित उपचार सुनिश्चित किया जा सकता है, और स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि एआई आधारित तकनीकों की सहायता से डॉक्टरों को निर्णय लेने में सहायता मिलती है, जिससे गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, टेलीमेडिसिन, डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड, रोबोटिक सर्जरी और स्मार्ट हेल्थकेयर सिस्टम जैसे क्षेत्रों में भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ, तेज और प्रभावी बन रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वी.पी. सिंह, अध्यक्ष, आई.ई.आई. उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस इन हैल्थकेयर) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभियंता और तकनीकी विशेषज्ञ इस क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और रोगियों के बेहतर उपचार के माध्यम से समाज के स्वास्थ्य स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ए.के. जौहरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसका सफल संचालन किया। उन्होंने मुख्य वक्ता डॉ. सचिन कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक और जनोपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी, जो स्वास्थ्य और तकनीकी क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा दें। संस्था के माननीय सचिव इं. नीरेन्द्र कुमार निषाद ने सभी उपस्थित अतिथियों, अभियंताओं, शिक्षाविदों एवं छात्रों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन किया। इस आयोजन ने इंजीनियरिंग और हेल्थकेयर के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका को समझने और आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में इस तरह के ज्ञानवर्धक और जनोपयोगी कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।

## दबिश के दौरान 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद लगभग 150 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट, 02 अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली:-** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा तहसील लालगंज के थाना खीरों अंतर्गत ग्राम महारानीगंज एवं नंदा खेड़ा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर नष्ट करते हुए 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## जेल से रिहा युवक लापता, परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार

**● दो माह से घर नहीं लौटा**

स्वतंत्र प्रभात



**सुल्तानपुर-** जेल से रिहा होने के बाद एक युवक पिछले दो माह से लापता है। उसके परिजन उसकी तलाश कर रहे हैं और बेटे का पता लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। हलियापुर निवासी मनीराम ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अपने पुत्र हरिकेश का पता लगाने की मांग की है। मनीराम के अनुसार, उनका बेटा आबकारी अधिनियम के तहत एक मामले में वांछित था। गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने उसे 4 जनवरी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था।

पिता मनीराम ने बताया कि 6 जनवरी को उनके बेटे ने कोर्ट में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था, जिसके बाद मजिस्ट्रेट ने उसे जेल से रिहा करने का आदेश दिया। मनीराम का आरोप है कि जब वे बेटे को लेने जेल पहुंचे तो उन्हें अगले दिन आने को कहा गया। अगले दिन पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि हरिकेश को एक दिन पहले ही रिहा कर दिया गया था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा।

परिजनों ने यह भी बताया कि उनका बेटा 15 वर्ष पुराने एक मामले में जेल से जमानत पर छूटने के बाद कानपुर चला गया था। पेशी पर उपस्थित न होने के कारण न्यायालय से उसके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट (NBW) जारी किया गया था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस संबंध में जेलर ओंकार पाण्डेय ने जानकारी दी कि 6 जनवरी को कुल 14 आरोपित रिहा किए गए थे, जिनमें हरिकेश भी शामिल था। वहीं, थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में है और युवक की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# हाउस टैक्स वसूली में नगर निगम की बड़ी सफलता, 1.12 करोड़ रुपये जमा



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष के अंतिम चरण में हाउस टैक्स वसूली अभियान तेज कर दिया गया है। नगर आयुक्त के निर्देश पर जोन-3 में चलाए गए अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने कुल 1 करोड़ 12 लाख रुपये का बकाया गृहकर वसूल कर नगर निगम के राजकोष में जमा कराया।

जानकारी के अनुसार जानकीपुरम स्थित आकांक्षा परिसर से ही करीब 1 करोड़ रुपये का बकाया हाउस टैक्स जमा कराया गया। यह कार्रवाई जोनल अधिकारी आकाश कुमार के नेतृत्व में की गई, जिसमें कर अधीक्षक आलोक श्रीवास्तव और राजस्व निरीक्षक मोहज्जिब ने टीम के साथ मिलकर अभियान चलाया।

इसके अलावा नगर निगम की टीम ने अन्य वार्डों में भी बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 12 लाख रुपये का अतिरिक्त गृहकर जमा कराया। अधिकारियों का कहना है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय से अपना गृहकर जमा कर दें, अन्यथा बकायेदारों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दबिश के दौरान 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद लगभग 150 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट, 02 अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली:-** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा तहसील लालगंज के थाना खीरों अंतर्गत ग्राम महारानीगंज एवं नंदा खेड़ा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर नष्ट करते हुए 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# आरपीएम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम

**● नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति ने लोगों को किया मंत्र मुग्ध**

**● धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लंभुआ।** सुल्तानपुर लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र के अटल नगर वार्ड में स्थित आरपीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। मंच पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर छात्र-छात्राओं ने छटा बिखेर दी। कार्यक्रम में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार उर्फ अंगद सिंह ने मौजूद प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। भाजपा नेता विकास वर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के जीवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी आवश्यकता है। सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक आशीष तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ शिक्षा और सामाजिक संदेश देने का मंच बनते हैं। भाजपा नेता अवनीश कुमार गुड्डू सिंह ने बच्चों को आगे बढ़ने एवं लक्ष्य की प्राप्ति करने के कुछ टिप्स बताए। भाजपा नेत्री श्रीमती रेखा बरनवाल ने बच्चों का हौसला आफजाई करते हुए प्रतिभाओं का सम्मान किया। मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि डिंपल सिंह, एबीएसए अजय सिंह, कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार,ईओ अमित सिंह, सपा नेता नवनीत यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश द्विवेदी, किसान नेता प्रभात सिंह, गिरीश पांडे, रणवीर सिंह, केदारनाथ दूबे, डॉ रामकरन वर्मा, प्राचार्य डॉ मंजू मगन, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद सिंह, डॉ रामअभिलाष सिंह, गौरी शंकर पांडे, हिमांशु सिंह, देवेंद्र पांडे, रामतीर्थ सिंह, आशीष सिंह, नीरज शर्मा, रत्नेश वैश्य, बृजलाल यादव आदि मौजूद थे।

# खाटू श्याम भक्तों ने 1400 किमी की पदयात्रा शुरू की, सालासर धाम के लिए हुए रवाना

**● गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ श्रद्धालुओं को दी गई विदाई, नगरवासियों ने की यात्रा की सफलता की कामना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के घोसियाना मोहल्ले से शुक्रवार को खाटू श्याम भक्तों ने सालासर धाम तक करीब 1400 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू की। यात्रा पर निकलने से पहले श्रद्धालुओं को गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ भावभीनी विदाई दी गई। नगरवासियों ने उनकी यात्रा की सफलता और सुरक्षित वापसी की कामना की।

नगर निवासी खाटू श्याम भक्त अंकित अग्रहरि और सुजल जायसवाल ने इस धार्मिक पदयात्रा की शुरुआत की। यात्रा शुरू करने से पहले दोनों श्रद्धालु बरदाही मोहल्ला स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान खाटू श्याम के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

इसके बाद दोनों श्रद्धालु सालासर धाम के लिए पैदल रवाना हो गए। सुजल जायसवाल ने बताया कि वे करीब 1400 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर सालासर धाम पहुंचेंगे।

यात्रा की शुरुआत के दौरान मोहल्ले और नगर के लोगों ने दोनों भक्तों का उत्साहवर्धन किया। श्रद्धालुओं को फूल-मालाएं पहनाकर विदा किया गया। इस अवसर पर राजकुमार जायसवाल, पंकज जायसवाल, ज्योति जायसवाल, संजय अग्रहरि, मीना अग्रहरि और सुशील सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ओथी ग्राम सभा में आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित छठवीं श्रीमद्भागवत कथा का हो रहा भव्य आयोजन

**● कलश को सिर पर धारण करने से आत्मा पवित्र हो जाती है- कथा व्यास**

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज/रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के ओथी ग्राम सभा में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा के प्रारंभ से पूर्व गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया। सभी ने सिर पर कलश रखकर गांव सहित आस पास के मुख्य मार्गो से होते हुए देवालयों में पहुंची जहां सभी ने मत्था टेका।

विदित हो कि क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा के रहने वाले आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित छठवीं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन ओथी ग्राम सभा में यजमान आशीष मौर्य के यहां प्रथम दिन शुक्रवार को सिधौना अमांवा से पधारी कथा व्यास संध्या जी भागवत कथा में माहात्म और धुंधकारी महाराज की विविध कथाओं का वर्णन कर कथा पडांल में उपस्थित समस्त श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर यज्ञ शाला के मुख्य यज्ञाचार्य पंडित योगेंद्र तिवारी,उपयज्ञाचार्य अमरेश शुक्ला, पंडित अरूण त्रिपाठी, सोनू मौर्य, अवधेश मौर्य, शांत प्रसाद, बब्लू प्रजापति, संकठा प्रसाद, बाबा जयजयराम, दिनेश कोटेदार, शिव कुमार, कन्हैया मौर्य, शिव प्रसाद सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

## जहांगीराबाद में शनिवार को लगेगा विद्युत समाधान शिविर

**बिसवां (सीतापुर)।** विद्युत वितरण उप खण्ड सांडा द्वारा बिजली से सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए शनिवार 14 मार्च को एक विद्युत शिविर का आयोजन क्षेत्र के जहांगीराबाद स्थित श्री राम मनोहर श्रीवास्तव स्मारक विद्यालय के प्रांगण में प्रातः 9 बजे से किया जा रहा है जिसमें बिजली उपभोक्ता अपनी समस्याओं के समाधान के साथ साथ बिजली बिलों को भी जमा कर सकेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए अवर अभियंता सुरेश चन्द्र ने बताया कि जब से नये स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं तब से उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने में उहापोह की स्थिति बनी हुई है जिस कारण शनिवार को विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जहां उपभोक्ता परामर्श के साथ अपनी बिजली से सम्बंधित समस्याओं/शिकायतों का समाधान कराकर अपना बिल भी जमा कर सकेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**बिसवां (सीतापुर)** आज बिसवां ब्लॉक के सुखावां कला ग्राम पंचायत में HCL Foundation के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला किसानों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह (SHG), ग्राम संगठन तथा छ्स्स्न से लगभग 300 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर के कई अधिकारी एवं अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें NRLM से गुलशन तिवारी (BMM) एवं संगीता, सदर पुलिस स्टेशन से कामिनी एवं सपना, एसआई रामचरन यादव, CHO रोली जायसवाल, BOC स्वेता वर्मा, ग्राम सचिव कनकलता तथा CLF सचिव अंजू देवी शामिल रहीं। इसके साथ ही चयनित 5 ग्राम पंचायतों की महिला प्रधान भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता HCL Foundation के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कमलेश कुमार ने की। उन्होंने HCL Foundation और उसकी माटी परियोजना एवं महिला दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुलिस विभाग से आई कामिनी एवं सपना ने महिलाओं की सुरक्षा, नारी शक्ति और सरकार द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधी सेवाओं की जानकारी देते हुए अपने संपर्क विवरण भी साझा किए। वहीं BOC स्वेता वर्मा ने महिलाओं को स्वास्थ्य, टीकाकरण और संतुलित खान-पान के बारे में जानकारी दी।

गुलशन तिवारी (BMM, NRLM) ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रखने और समूह के माध्यम से आजीविका बढ़ाने के विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान चयनित 5 ग्राम पंचायतों के एक-एक स्वयं सहायता समूह को संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र भी प्रदान किए गए, जिससे महिलाओं की कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर HCL Foundation की टीम से कमलेश कुमार, रामकुमार, जावेद अख्तर, वीरेंद्र कुमार, अमित, अमरजीत, अनुराग, संतोष, क्षमा, लक्ष्मी, प्रीति सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## चोरों ने बन्द घर को बनाया निशाना हजारों का सामान लेकर हुए फरार

**बिसवां सीतापुर** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मतिकपुर में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को असलहे के दम पर अनुप यादव के घर में लूटपात की थी दूसरे दिन चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए हजारों का सामान पार कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। गांव के बाहर स्थित लालजी यादव के फार्म हाउस में चोरों ने घर के गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में रखा इनवर्टर, बैटरी सहित अन्य सामान उठा ले गए। पीड़ित लालजी यादव ने बताया कि वह रात में अपने नतीन का तिलक ले कर गए हुए थे। सुबह जब वह वापस अपने फार्म हाउस पहुंचे तो घर का ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गए और चोरी की घटना का पता चला। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस व डायल 112 मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना से नाराज गांव के करीब 15- 20 ग्रामीण कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक से मिले। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# महिला आयोग की सदस्य ने महिला उत्पीड़न से संबंधित सुनीं शिकायतें

**● महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने के लिए दिये निर्देश**

**महिला जनसुनवाई में प्राप्त हुई 25 शिकायते**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली:-** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य पुनम द्विवेदी ने जिला पंचायत सभागार में महिला उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। महिला जन सुनवाई के दौरान 25 शिकायत प्राप्त हुई जिन्हें शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। महिला आयोग सदस्य ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय सुनिश्चित करना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है और किसी भी पीड़िता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीतापुर के आचार्यों ने सिक्किम में प्रस्तुत किए शोधपत्र

**» ए.एन.डी. टीचर्स ट्रेनिंग पीजी कॉलेज के प्राध्यापकों की राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता**

**» IATE के वार्षिक अधिवेशन में सीतापुर के शिक्षाविदों का शोधपत्र प्रस्तुतीकरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** ए.एन.डी. टीचर्स ट्रेनिंग पीजी कॉलेज, सीतापुर के प्राध्यापक प्रो. सुनील कुमार एवं प्रो. प्रनिता सिंह ने सिक्किम के गंगटोक स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में इंडियन एसोसिएशन ऑफ टीचर एजुकेटर्स (IATE) के वार्षिक अधिवेशन में अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर दोनों आचार्यों ने तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता भी की। राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षाविद, शोधार्थी एवं विद्यार्थी शामिल हुए तथा शिक्षक शिक्षा से जुड़े विविध विषयों पर अपने शोधपत्र और विचार प्रस्तुत किए। उल्लेखनीय है कि प्रो. सुनील कुमार इंडियन एसोसिएशन ऑफ टीचर एजुकेटर्स की उत्तर क्षेत्रीय समिति के सचिव भी हैं। उनके नेतृत्व में नवंबर 2025 में ए.एन.डी. टीचर्स ट्रेनिंग पीजी कॉलेज, सीतापुर में भी राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया जा चुका है।

# राष्ट्रवाद का बदलता स्वरूप, सत्ता बनाम सेवा और समर्पण

वर्तमान समय में राष्ट्रवाद अपने सबसे जटिल, विरोधाभासी और बहुअर्थी दौर से गुजर रहा है, यह वह राष्ट्रवाद नहीं रह गया है जो स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान त्याग, नैतिक साहस, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक समरसता का प्रतीक था, बल्कि यह एक ऐसा राष्ट्रवाद बनता जा रहा है जिसे बार-बार सत्ता की भाषा में परिभाषित किया जा रहा है, आज राष्ट्र सरकार का पर्याय बनने की ओर अग्रसर है और सरकार की आलोचना को राष्ट्रविरोध के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, यही वह बिंदु है जहाँ राष्ट्रवाद अपनी आत्मा खोने लगता है और लोकतंत्र अपने आधार, आज जब चुनावी सभाओं, टीवी स्टूडियो और सोशल मीडिया मंचों पर राष्ट्रवाद को धर्म, जाति, सैन्य शक्ति और भावनात्मक उन्माद के साथ जोड़कर प्रस्तुत किया जाता है, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो जाता है कि क्या राष्ट्र प्रेम का अर्थ केवल सत्ता के समर्थन तक सीमित रह गया है, हाल के वर्षों में यह स्पष्ट रूप से देखा गया है कि आतंकी घटनाओं, सीमा विवादों, सैन्य अभियानों और ऐतिहासिक स्मृतियों का चयनित उपयोग कर भावनात्मक ध्रुवीकरण को तेज किया गया है, असहमति को राष्ट्रद्रोह, प्रश्न को साजिश और आलोचना को देश के खिलाफ खड़े होने का प्रमाण बताया गया है, यह प्रवृत्ति केवल भारत तक सीमित नहीं है बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकतंत्रों के भीतर उभरते अति राष्ट्रवाद का साझा संकट है, अमेरिका में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास, रूस में सत्ता केंद्रित राष्ट्रवाद, चीन में सर्वव्यापी राज्य और एशिया व अफ्रीका में सैन्य प्रभुत्व की राजनीति यह संकेत देती है कि राष्ट्रवाद अब नागरिकों को सशक्त करने के बजाय उन्हें नियंत्रित करने का माध्यम बनता जा रहा है, भारत जैसे विविधता से भरे समाज में यह परिवर्तन और भी खतरनाक है क्योंकि यहाँ राष्ट्र का अर्थ बहुलता, सहअस्तित्व और संवैधानिक संतुलन से जुड़ा रहा है, किंतु वर्तमान राजनीतिक विमर्श में बहुलता को कमजोरी और असहमति को बाधा के रूप में चित्रित किया जा रहा है, सत्ता की निरंतरता के लिए जातिगत समीकरणों का सूक्ष्म लेकिन आक्रामक उपयोग, धार्मिक पहचान का राजनीतिकरण और लोकलुभावन योजनाओं की होड़ लोकतंत्र को तात्कालिक लाभ की राजनीति में कैद कर रही है, मुफ्त उपहार, नकद हस्तांतरण और प्रतीकात्मक घोषणाएँ जनता को क्षणिक संतोष तो देती हैं लेकिन दीर्घकालिक आर्थिक अनुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्थागत सुधार जैसे मूल प्रश्नों को हाशिए पर धकेल देती हैं, लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन को कमजोरी नहीं बल्कि शक्ति माना जाता है, किंतु आज सत्ता को स्थायित्व और राष्ट्रहित को सत्ता की निरंतरता से जोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है, इससे अधिनायकवादी प्रवृत्तियों को वैधता मिलने लगती है, हाल के वर्षों में दलबदल की बढ़ती घटनाएँ, विचारधारा से अधिक सत्ता की प्राथमिकता और राजनीतिक दलों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र का क्षरण यह दर्शाता है कि राजनीति सिद्धांत से नहीं बल्कि अवसर से संचालित हो रही है, जातिवादी मतदान और पहचान आधारित ध्रुवीकरण के कारण खाप पंचायतों जैसी समानांतर सत्ता संरचनाएँ पुनः सामाजिक स्वीकृति पाने लगी हैं, जो संवैधानिक लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी है, धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के संवैधानिक आदर्शों के बावजूद धार्मिक आस्थाओं के नाम पर नीतिगत हस्तक्षेप और व्यक्तिगत जीवनशैली पर नियंत्रण यह प्रश्न उठाता है कि राष्ट्रवाद कहीं नागरिक स्वतंत्रताओं का शत्रु तो नहीं बनता जा रहा, पशु व्यापार, भोजन की पसंद और सांस्कृतिक व्यवहार जैसे विषय जब राज्य के नियंत्रण का विषय बनते हैं तब लोकतंत्र का स्वरूप धीरे-धीरे नैतिक निगरानी में बदलने लगता है, अति राष्ट्रवाद का सबसे खतरनाक पक्ष यह है कि वह भय पैदा करता है, भय बाहरी शत्रु का, भय आंतरिक दुश्मन का और भय असहमति का, और भय जब राजनीति का आधार बनता है तब लोकतंत्र केवल चुनावी औपचारिकता बनकर रह जाता है, इतिहास साक्षी है कि बीसवीं सदी में जर्मनी, इटली और स्पेन में इसी भय आधारित राष्ट्रवाद ने फासीवाद को जन्म दिया, एशिया में पाकिस्तान, म्यांमार और उत्तर कोरिया में सुरक्षा और राष्ट्ररक्षा के नाम पर सैन्य प्रभुत्व लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित करता रहा है, भारत में भी यदि राष्ट्रवाद को केवल सैन्य शक्ति, बहुमत की भावना और नेता-केंद्रित आस्था से जोड़ा गया तो यह संविधान द्वारा प्रदत्त संतुलन को कमजोर करेगा, लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं बल्कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, संस्थाओं की स्वायत्तता और कानून के समक्ष समानता का नाम है, किंतु वर्तमान विमर्श में बहुमत को अंतिम सत्य और संख्या को नैतिक वैधता के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, मीडिया के एक बड़े हिस्से द्वारा सत्ता समर्थक राष्ट्रवादी नैरेटिव का प्रसार, सोशल मीडिया पर ट्रोल संस्कृति और चयनित सूचना का उग्र प्रसार लोकतांत्रिक संवाद को संकीर्ण और आक्रामक बना रहा है, ऐसे समय में सिविल सोसाइटी, लेखक, पत्रकार, शिक्षाविद और न्यायिक संस्थाओं की भूमिका निर्णायक हो जाती है, यदि यह वर्ग चुप रहता है तो लोकतंत्र धीरे-धीरे आत्मसमर्पण कर देगा, राष्ट्रवाद का पुनर्पाठ आवश्यक है जहाँ राष्ट्र सरकार से बड़ा हो, संविधान सत्ता से ऊपर हो और नागरिक की गरिमा सर्वोपरि मानी जाए, राष्ट्र प्रेम का अर्थ प्रश्न करना, जवाबदेही माँगना और संस्थाओं को मजबूत करना भी होना चाहिए, न कि केवल नारे लगाना और भीड़ का हिस्सा बन जाना, तात्कालिक लोकप्रियता, भावनात्मक ध्रुवीकरण और सत्ता लोलुपता के स्थान पर दीर्घकालिक नीतिगत दूरदर्शिता, सामाजिक संतुलन और संवैधानिक नैतिकता को केंद्र में लाना ही लोकतंत्र को बचा सकता है, अन्यथा राष्ट्रवाद का यह बदला हुआ रूप राष्ट्र को जोड़ने के बजाय उसे भीतर से खोखला करता चला जाएगा और इतिहास एक बार फिर हमें चेतावनी देगा कि लोकतंत्र का पतन अचानक नहीं बल्कि तालियों, नारों और मौन के बीच धीरे-धीरे होता है।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## हर खरीद में छुपा है आपका अधिकार - जानिए, समझिए, अपनाइए

**[ उपभोक्ता की जागरूकता ही बाजार की असली निगरानी ]**

**[ उपभोक्ता चेतना: भरोसेमंद और टिकाऊ बाजार की कुंजी ]**

बाजार की इस विशाल दुनिया में हम सब किसी न किसी रूप में उपभोक्ता हैं। हमारा पहनावा, हमारा भोजन और हमारी रोजमर्रा की सेवाएँ–ये सभी हमें उपभोक्ता की पहचान देती हैं। पर सवाल यह है कि क्या हर उपभोक्ता अपने अधिकारों से सचमुच परिचित है? क्या उसे यह पता है कि बाजार से उसे क्या मिलना चाहिए और क्या नहीं? यदि नहीं, तो यह जागरूकता आखिर आएगी कब और कैसे? इन्हीं प्रश्नों को केंद्र में रखकर हर वर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है, ताकि उपभोक्ता अपने अधिकारों को समझें, उनके लिए आवाज उठाएँ और एक निष्पक्ष व पारदर्शी बाजार व्यवस्था की मांग को मजबूत कर सकें।

तेजी से बदलते बाजार में उपभोक्ता की सुरक्षा और विश्वास सबसे महत्वपूर्ण आधार बन गए हैं। इसी संदर्भ में वर्ष 2026 के लिए इस दिवस की थीम 'सुरक्षित उत्पाद, आश्वस्त उपभोक्ता' निर्धारित की गई है। यह केवल औपचारिक विषय नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं में सुरक्षा और भरोसा मजबूत करने का संदेश है। जब बाजार ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रूपों में तेजी से फैल रहा है, तब उत्पादों की सुरक्षा, गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना आवश्यक हो गया है। इसलिए उपभोक्ताओं को सुरक्षित, प्रमाणित और भरोसेमंद उत्पाद व सेवाएँ मिलना जरूरी है। साथ ही बाजार व्यवस्था भी ऐसी होनी चाहिए, जहाँ पारदर्शिता, गुणवत्ता और सुरक्षा के साथ विकल्प उपलब्ध हों, ताकि उपभोक्ता विश्वास के साथ खरीदारी कर सकें। केवल उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी देना ही पर्याप्त नहीं है। असली चुनौती यह है कि आज भी बड़ी संख्या में लोग अपने अधिकारों से अनजान हैं। उन्हें यह तक पता नहीं होता कि खराब गुणवत्ता का उत्पाद मिलने या किसी सेवा में धोखा होने पर शिकायत कहाँ और कैसे दर्ज कराई जाए। कई बार लोग शिकायत करने से इसलिए भी बचते हैं कि उन्हें लगता है, इससे कोई ठोस बदलाव नहीं होगा। यही उदासीन सोच और चुप्पी व्यापारिक अनियमितताओं को पनपने का अवसर देती है।

अक्सर बाजार में उपभोक्ता गलत जानकारी, भ्रामक विज्ञापनों, मिलावटी उत्पादों और अनुचित कीमतों का शिकार बनते हैं। डिजिटल युग ने इस चुनौती को और बढ़ा दिया है, जहाँ ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी और नकली उत्पादों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे समय में उपभोक्ताओं का जागरूक होना और अपने अधिकारों की रक्षा करना पहले से अधिक जरूरी हो गया है। भारत में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया है, जो उन्हें सुरक्षा, सूचना, सुनवाई, शिकायत निवारण और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार देता है। लेकिन ये कानून तभी प्रभावी बनते हैं, जब उपभोक्ता स्वयं सतर्क और जागरूक हों।

वैश्विक स्तर पर भी अब उपभोक्ता अधिकारों को एक नई दिशा देने की पहल हो रही है। अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता संगठन और इसके सदस्य संगठन टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा देने और उसे सरल व सुलभ बनाने के प्रयास कर रहे हैं। यदि उपभोक्ता अपनी खरीदारी की आदतों में बदलाव लाएँ, तो वे न केवल अपने स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं। प्लास्टिक के स्थान पर पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं को अपनाना, जैविक खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देना और अनावश्यक उपभोग से बचना–ये सभी टिकाऊ जीवनशैली की ओर सकारात्मक कदम हैं।

हालाँकि यह परिवर्तन तभी संभव है, जब उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदारी निभाएँ। हर व्यक्ति को अपने क्रय-विक्रय के निर्णय सोच-समझकर लेने चाहिए। किसी भी वस्तु को खरीदने से पहले उसकी गुणवत्ता की जाँच करना, प्रमाणित विक्रेताओं से ही खरीदारी करना और किसी धोखाधड़ी या अनुचित व्यवहार की स्थिति में उचित मंच पर शिकायत दर्ज कराना जरूरी है। जब उपभोक्ता सचेत और सक्रिय होंगे, तभी कंपनियाँ भी अधिक जवाबदेह बनेंगी और बाजार में अनुचित व्यापारिक प्रथाओं पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा।

यह अवसर महज़ जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण संकल्प लेने का भी समय है। यह हमें याद दिलाता है कि उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सजग और सतर्क रहें तथा हर खरीद-फरोख्त का निर्णय समझदारी, जिम्मेदारी और दूरदृष्टि के साथ लें। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने अधिकारों को भली-भाँति समझेगा और टिकाऊ जीवनशैली को अपनाने की दिशा में सचेत कदम बढ़ाएगा, तब निश्चित रूप से एक ऐसी बाजार व्यवस्था का निर्माण संभव होगा जो न्यायसंगत, पारदर्शी और पर्यावरण-अनुकूल हो। उपभोक्ता अधिकारों की अवधारणा किसी एक दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह निरंतर चलने वाली एक व्यापक सामाजिक प्रक्रिया है। यह केवल व्यक्तिगत सुरक्षा और सुविधा का प्रश्न नहीं, बल्कि पूरे समाज की भलाई, पारदर्शिता और संतुलित विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। जब उपभोक्ता अपने अधिकारों को सही मायनों में समझेंगे, अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के विरुद्ध साहसपूर्वक आवाज उठाएँगे और जागरूक होकर टिकाऊ विकल्पों को अपनाएँगे, तभी वास्तव में एक संतुलित, न्यायपूर्ण और सशक्त उपभोक्ता संस्कृति का निर्माण संभव हो सकेगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# ट्रम्प की टैरिफ राजनीति और भारत के खिलाफ आर्थिक दबाव की नई रणनीति

वैश्विक व्यापार की राजनीति अक्सर केवल आर्थिक हितों तक सीमित नहीं रहती बल्कि इसके पीछे भू-राजनीतिक रणनीतियां और शक्ति संतुलन की जटिल चालें भी छिपी होती हैं। हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत और चीन सहित 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ तथाकथित अनुचित व्यापार व्यवहार की जांच शुरू करना इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके प्रशासन द्वारा अपनाई जा रही यह नीति केवल व्यापारिक नियमों का मामला नहीं है बल्कि वैश्विक आर्थिक प्रतिस्पर्धा में बढ़ते देशों को नियंत्रित करने का प्रयास भी मानी जा रही है।

पिछले महीने अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया था। यह फैसला प्रशासन की व्यापारिक रणनीति के लिए बड़ा झटका माना गया। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन ने नया कानूनी रास्ता खोजते हुए ट्रेड एक्ट 1974 के सेक्शन 301 के तहत जांच की प्रक्रिया शुरू की। इस प्रावधान के तहत अमेरिका को यह अधिकार मिलता है कि यदि किसी देश पर अनुचित व्यापार व्यवहार का आरोप साबित होता है तो वह उस देश के खिलाफ एकतरफा टैरिफ या अन्य व्यापारिक प्रतिबंध लगा सकता है।

अमेरिका का आरोप है कि कुछ देश अपनी घरेलू जरूरत से अधिक उत्पादन करते हैं और उस अतिरिक्त माल को सस्ते दामों पर वैश्विक बाजार में बेचते हैं। इसे डंपिंग कहा जाता है। साथ ही अमेरिका यह भी दावा करता है कि कई देश सरकारी सब्सिडी देकर अपने उत्पादों को कृत्रिम रूप से सस्ता बनाते हैं ताकि वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा में आगे रह सकें। अमेरिका का यह भी कहना है कि कुछ देश अपनी मुद्रा को कमजोर बनाए रखते हैं जिससे उनके निर्यात को बढ़ावा मिलता है और अमेरिकी कंपनियों को नुकसान होता है।

हालांकि इस पूरे मामले को केवल आर्थिक तर्कों के आधार पर समझना पर्याप्त नहीं है। वैश्विक विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम उस समय उठाया गया है जब भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं तेजी से वैश्विक व्यापार और उत्पादन के केंद्र बन रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने विनिर्माण क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है और कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां चीन के विकल्प के रूप में भारत की ओर रुख कर रही हैं। ऐसे समय में अमेरिका द्वारा इस प्रकार की जांच शुरू करना कई विशेषज्ञों को रणनीतिक दबाव की नीति जैसा प्रतीत होता है।

ट्रम्प प्रशासन की यह नीति दरअसल अमेरिका फर्स्ट के उस सिद्धांत से जुड़ी है जिसे ट्रम्प ने अपने राजनीतिक अभियान का आधार बनाया था। उनका मानना रहा है कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था ने अमेरिकी उद्योगों और कामगारों को नुकसान पहुंचाया है। इसी सोच के तहत उन्होंने पहले भी कई देशों पर टैरिफ लगाए थे और व्यापारिक समझौतों को दोबारा बातचीत के लिए मजबूर किया था।

लेकिन आलोचकों का कहना है कि यह नीति वैश्विक व्यापार के लिए अस्थिरता पैदा करती है। यदि अमेरिका अपने प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ लगातार टैरिफ का इस्तेमाल करता है तो इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित होंगी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में तनाव बढ़ेगा। इसका असर केवल संबंधित देशों पर ही नहीं बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

भारत के संदर्भ में यह मामला और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार ने वर्ष 2029 तक देश को वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। ऐसे समय में यदि बड़े बाजार भारत के निर्यात पर टैरिफ लगाने लगते हैं तो इससे भारतीय उद्योगों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। हालांकि यह भी सच है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में व्यापारिक कूटनीति को मजबूत किया है। भारत अब केवल एक उपभोक्ता बाजार नहीं बल्कि एक बड़ा उत्पादन केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेक इन इंडिया और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं जैसी नीतियों ने वैश्विक कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आकर्षित किया है। इसके अलावा भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भी किए हैं जिससे उसके निर्यात के नए रास्ते खुल रहे हैं।

अमेरिका द्वारा शुरू की गई इस जांच में भारत के अलावा चीन यूरोपीय संघ जापान दक्षिण कोरिया मैक्सिको वियतनाम ताइवान थाईलैंड मलेशिया कंबोडिया सिंगापुर इंडोनेशिया बांग्लादेश स्विट्जरलैंड और नॉर्वे जैसे देश भी शामिल हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह कदम केवल किसी एक देश के खिलाफ नहीं बल्कि व्यापक वैश्विक व्यापार रणनीति का हिस्सा है।

आने वाले समय में इस जांच की प्रक्रिया के तहत विभिन्न देश और कंपनियां अपनी दलीलें प्रस्तुत करेंगे। मार्च से इस प्रक्रिया की शुरुआत होगी और मई में सुनवाई के बाद अमेरिका कोई फैसला ले सकता है। यदि अमेरिका को अपने आरोपों के समर्थन में पर्याप्त आधार मिल जाता है तो वह इन देशों पर नए टैरिफ लागू कर सकता है।

फिर भी कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यह पूरी प्रक्रिया वास्तव में दबाव की रणनीति हो सकती है जिसका उद्देश्य व्यापारिक वार्ता में बेहतर शर्तें हासिल करना है। अमेरिका अक्सर इस तरह की जांच और टैरिफ की धमकी का उपयोग अपने व्यापारिक साझेदारों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए करता रहा है।

भारत के लिए इस स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण बात यह होगी कि वह अपने व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए मजबूत कूटनीतिक और आर्थिक रणनीति अपनाए। भारत को अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण करना होगा और घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को और मजबूत बनाना होगा। साथ ही वैश्विक व्यापार नियमों के तहत अपने अधिकारों की रक्षा करना भी जरूरी होगा। अंततः यह स्पष्ट है कि वैश्विक व्यापार का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। बड़े देश अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए नए नए औजारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के सामने चुनौती यह है कि वे इन दबावों के बीच भी अपनी विकास यात्रा को जारी रखें और वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी मजबूत जगह बनाएं।

**कांतिलाल मांडोत**

# युद्ध और आम नागरिक

एक तरफ जहां पश्चिम एशिया में ईरान-इजराइल व अमेरिका युद्ध को लेकर भयंकर हाहाकार मचा हुआ है और पूरी दुनिया भीषण आर्थिक झंझावतों से जूझने के कगार पर पहुंच गई है तो भारत में संसद का सत्र चालू है जिसमें इस मामले को लेकर विदेश मन्त्री श्री एस. जयशंकर बयान दे चुके हैं कि भारत कभी भी युद्ध के पक्ष में नहीं रहा है और वह हर मामले का शान्तिपूर्ण हल चाहता है परन्तु युद्ध की विभीषिका इतनी प्रबल होती है कि चाहे-अनचाहे वह दुनिया के विभिन्न शान्ति प्रिय देशों को भी अपनी चपेट मे लेने की क्षमता रखती है। अतः भारत में पश्चिम एशिया के युद्ध के जो विपरीत प्रभाव पड़ रहे हैं उसे हम सब देख रहे हैं। इस मामले में अभी तक सबसे बड़ा बुरा असर ईंधन गैस की सप्लाई पर पड़ा है और पूरे देश में इसकी किल्लत महसूस की जाने लगी है परन्तु इसके लिए सीधे सत्तारूढ़ सरकार को दोषी बता देना भी कदापि उचित नहीं है क्योंकि भारत 80 प्रतिशत से अधिक ईंधन गैस की आपूर्ति आयात द्वारा ही करता है।

पश्चिम एशिया का युद्ध अब ऐसे मोड़ पर पहुंच चुका है जहां युद्ध के सभी नियम धराशायी हो रहे हैं और ईरान व इजराइल तथा अमेरिका एक-दूसरे की ताकत को खत्म कर देने की कोशिश में सभी नैतिक मानदंडों को ताक पर रख रहे हैं जिसकी वजह से पूरे विश्व में पेट्रोलियम कच्चे तेल की सप्लाई रुक जाने के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। इस मामले में सबसे पहले यह समझना होगा कि यह लड़ाई पूरी तरह गैर संवैधानिक व नियम विरुद्ध है जो अमेरिकी राष्ट्रपति श्री डोनाल्ड ट्रम्प की जिद की वजह से शुरू हुई है। श्री ट्रम्प ने युद्ध शुरू करते हुए अपना लक्ष्य बताया था कि वह ईरान में सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। इस क्रम में उन्होंने ईरान पर हमला करके उसके सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की हत्या तक कर दी परन्तु ईरान में वहां की राष्ट्रवादी जनता ने इसे अपनी संप्रभुता पर सीधा हमला माना और वह ईरान की सत्ता पर काबिज दूसरी पंक्ति के नेताओं के पीछे चलने लगी। इसके बाद ईरान ने इस युद्ध में अपनी पूरी सामरिक शक्ति व सामर्थ्य को झोंकते हुए पूरे खाड़?ी व पश्चिम एशियाई इलाकों के विभिन्न देशो में स्थापित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला करना शुरू किया और अपने नियन्त्रण में होर्मुज के जलडमरू मध्य के समुद्री मार्ग को एक हथियार बनाना शुरू किया जिससे पूरी दुनिया का 20 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल का दुनिया के विभिन्न देशों को यातायात किया जाता है। अब इस जलडमरू मध्य से ईरान केवल कुछ गिने-चुने देशों के जहाजों को छोड़ कर अन्य देशों के जहाजों को गुजरने नहीं दे रहा है और चेतावनी दे रहा है कि यदि ऐसा करने का प्रयास किन्हीं अन्य देशों ने किया तो उसके गंभीरतम परिणाम होंगे।

युद्ध में जब ऐसा मुकाम आता है तो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक व रणनीतिक समीकरण बदलने लगते हैं। अतः हम आज जो कुछ भी होर्मुज जलडमरू मध्य में देख रहे हैं वह केवल युद्ध के दुष्परिणाम ही हैं। जहां तक खाड़ी व अरब देशों का सवाल है तो वे भी इस युद्ध में अमेरिका के सहयोगी बने रहने का परिणाम भुगत रहे हैं। मगर इस युद्ध से केवल कच्चे तेल के भाव ही प्रभावित हों ऐसा नहीं है क्योंकि होर्मुज जलडमरू मध्य वाणिज्यिक पोतों का मुख्य मार्ग है जिसकी वजह से विभिन्न देशों मे अन्य सामान की सप्लाई भी प्रभावित होती है यही वजह है कि भारत में केवल ईंधन गैस की किल्लत होने से ही इसके महानगरों के होटलों व रेस्टोरेंटों के व्यापार में भारी गिरावट दर्ज हो रही है। इतना ही समुद्री व्यापारिक मार्गो के अवरुद्ध होने की वजह से अन्य वस्तुओं पर भी परोक्ष रूप से प्रभाव पड़ रहा है।

अब महत्वपूर्ण सवाल यह है कि भारत इस संकट का मुकाबला किस प्रकार करे? जहां तक कच्चे तेल का सवाल है तो भारत ने रूस से इसका आयात बढ़ा दिया है और अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की आपूर्ति करने के लिए विश्व के दूसरे उत्पादक देशों के साथ अनुबन्ध करने शुरू कर दिये हैं। इसके साथ यह भी समझना जरूरी है कि इस अनचाहे संकट का हम भारतवासी किस प्रकार मुकाबला करें जिससे हमारे कष्ट कम से कम हो सकें। इस सन्दर्भ में हमारी संसद के चल रहे सत्र का महत्व बहुत अधिक हो जाता है क्योंकि पूरी संसद समवेत स्वर में कह सकती है कि मौजूदा सरकार को केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च रखते हुए ऐसी नीति का अनुसरण करना चाहिए जिससे आम भारतीयों को कम से कम कष्ट भोगना पड़े। बेशक भारत में बहुदलीय राजनीतिक प्रशासनिक व्यवस्था है परन्तु इसका मुख्य ध्येय केवल आम नागरिक का बहुआयामी विकास ही है।

# विकल्पहीन मजबूरी है ईच्छा मृत्यु से जीवन के अंत का फैसला

यूं तो देश की अदालतें हर साल तकरीबन सौ से अधिक मुलजिमों को फांसी की सजा सुनाती हैं तब न्याय की कुर्सी पर बैठे किसी जज को कोई ग्लानि या अफसोस नहीं होता है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक ऐसा फैसला दिया जिसे लिखते हुए उनकी आंखें सजल हो गई क्यों कि यह फैसला एक जीवन से जंग लड़ रहे इंसान को कष्ट मुक्ति के लिए मौत की ओर सहयोग करने का है। आपको बता दें कि शीर्ष अदालत ने एक अभूतपूर्व फैसले में इच्छामृत्यु को मंजूरी दी है। अदालत ने 32 साल के हरीश राणा के लिए इच्छामृत्यु की इजाजत दी। सुप्रीम कोर्ट में जब जस्टिस जे. बी. पारदीवाला यह फैसला सुना रहे थे तो इस दौरान वे बेहद भावुक हो गए और उनकी आंखें नम हो गई थी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने हरीश राणा के माता-पिता को उनकी जीवनरक्षक चिकित्सा हटाने की इजाजत दे दी है। हरीश राणा पिछले 13 साल से लगातार वेजिटेटिव स्टेट यानी कोमा में हैं। अपना फैसला पढ़ते समय जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि हरीश राणा कभी एक होनहार छात्र थे और अपनी पढ़ाई कर रहे थे, लेकिन एक दुर्घटना ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि ऐसे मामलों में मुख्य सवाल यह नहीं होता कि मरीज के लिए मौत बेहतर है या नहीं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि जीवन को बनाए रखने वाला इलाज मरीज के हित में है या नहीं। अदालत ने कहा कि हरीश राणा में सिर्फ सोने जागने के चक्र में फंसे हुए हैं, लेकिन वह किसी भी तरह की अर्थपूर्ण प्रतिक्रिया नहीं दे पा रहे हैं। वह अपने दैनिक कामों के लिए पूरी तरह दूसरों पर निर्भर हैं। अदालत ने यह भी बताया कि हरीश को पीईजी ट्यूब के जरिए क्लिनिकली एडमिनिस्टरड न्यूट्रिशन दिया जा रहा है और इतने सालों में उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है। जब एक इंसान का जीवन इतना कष्ट मय और लाइलाज हो जाए कि मौजूदा तमाम मेडिकल उपचार अनुपयोगी हो जाए और क्षण क्षण तड़प रही जिंदगी को कष्ट से बचाने का कोई उपाय न रहे तब जीवन से मुक्ति के लिए मौत ही एक मात्र विकल्प रह जाता है मौजूदा घटनाक्रम के अनुसार 20 अगस्त 2013 को हरीश राणा अपने छात्रावास की चौथी मंजिल से गिर गए थे। उनके सिर में गहरी चोट लगी और लंबे इलाज के बावजूद वे कोमा से निकल नहीं पाए हैं। उनकी स्थिति को देखते हुए उनके अभिभावकों ने ही इच्छामृत्यु की प्रार्थना की थी। जिस पर दिसंबर 2025 की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने हरीश राणा की निष्क्रिय इच्छामृत्यु की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया था। तब भी अदालत ने कहा था कि हरीश पिछले 13 वर्षों से गंभीर स्थिति में हैं, और उन्हें इस हालत में जीने नहीं दिया जा सकता। हरीश राणा को ट्यूब के जरिए पोषण पहुंचाकर जिंदा तो रखा गया, लेकिन वे किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दे पा रहे थे और लगातार बिस्तर पर होने के कारण उनकी शारीरिक अवस्था भी सही नहीं थी। उनकी चिकित्सा रिपोर्टर्स में इन सारी तकलीफों का विस्तार से वर्णन किया गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने नई दिल्ली में एम्स के चिकित्सकों के द्वितीय चिकित्सा बोर्ड द्वारा दाखिल की गई राणा की चिकित्सा संबंधी रिपोर्ट का अवलोकन किया था और कहा था कि यह रिपोर्ट' दुखद' है।

प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड ने मरीज की स्थिति की जांच करने के बाद कहा था कि उसके ठीक होने की संभावना नगण्य है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल 11 दिसंबर को मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार यह व्यक्ति' बेहद दयनीय स्थिति' में है। पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया है ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपचार को एक सुनियोजित तरीके से बंद किया जाए ताकि गरिमा बनी रहे। आमतौर पर यही कहा जाता है कि जब आप किसी व्यक्ति को जीवन दे नहीं सकते, तो जीवन लेने का हक भी आपको नहीं है। कई देशों में इसी आधार पर मृत्युदंड पर भी बहस छिड़ी रहती है, क्योंकि एक बार सांसों की डोर टूट गई, तो फिर उसे जोड़ने का कोई उपाय नहीं है। लेकिन अगर व्यक्ति जिंदा होकर भी किसी मृतप्राय व्यक्ति की तरह हो जाए, जिसके लिए कोई इलाज कारगर न साबित हो, जो असहनीय तकलीफों से गुजरे तो क्या उसे इच्छामृत्यु की इजाजत दी जा सकती है। तब क्या इसे हत्या या आत्महत्या या मृत्युदंड से अलग न्यायोचित ठहराया जा सकता है। ऐसे कई सवाल इच्छामृत्यु के फैसले पर उठते रहे हैं।

बुधवार को आए इस फैसले के बाद सम्मानजनक मृत्यु के अधिकार यानी 'राइट टू डाई विद डिग्निटी' जैसे अहम सवाल पर नयी चर्चा शुरु हो सकती है। दरअसल भारत में ऐसा ही एक मामला 1973 में आया था, जब मुंबई के केईएम अस्पताल के वार्डबॉय सोहनलाल वाल्मीकि ने नर्स अरुणा शानबाग के साथ बेरहमी से यौन उत्पीड़न किया और गला दबाया था, जिससे वे स्थायी रूप से कोमा में चली गई थी। उनके माता-पिता नहीं थे और इस घटना के बाद परिजनों ने भी उनका त्याग कर दिया था। मगर अस्पताल की साथी नर्सों ने उन्हें कोमा में होने के बावजूद जीवित रखने की पूरी कोशिश की। 2009 में पत्रकार पिंकी विरानी ने उनकी दर्दनाक हालत को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय में इच्छा मृत्यु की याचिका दायर की थी, अदालत ने 7 मार्च 2011 को याचिका खारिज कर दी थी, क्योंकि उनका इलाज करने वाली नर्सें और डॉक्टर उन्हें जीवित रखने के लिए प्रतिबद्ध थे। हालांकि, कोर्ट ने 'पैसिव यूथेनेशिया' लाइफ सपोर्ट हटाना को अनुमति दी, जिसमें कहा गया कि जब तक मरीज की हालत सुधरने की उम्मीद न हो, तब तक यह लिया जा सकता है। इसके बाद 18 मई 2015 को निमोनिया के कारण अरुणा शानबाग का निधन हो गया। हालांकि 42 वर्ष तक कोमा में रहने का कष्ट उन्होंने सहा है।

इस मामले ने भारत में 'गरिमापूर्ण मृत्यु से संबद्ध कानून की एक नई पहल हुई है अरुणा शानबाग मामले के बाद इच्छामृत्यु पर स्पष्ट कानून की जरूरत महसूस की जाने लगी। इसी मुद्दे को लेकर कॉमन कॉज़ नाम के एनजीओ ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 9 मार्च 2018 को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कॉमन कॉज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2018) सुप्रीम कोर्ट का एक ऐतिहासिक फैसला था, जिसने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमापूर्ण मृत्यु के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी। इसके अलावा अदालत ने लिविंग विल का अधिकार दिया। इसका मतलब है कि कोई व्यक्ति पहले से लिखकर यह तय कर सकता है कि अगर वह भविष्य में ऐसी स्थिति में पहुंच जाए जहां वह खुद निर्णय लेने की स्थिति में न हो, तो उसे कृत्रिम लाइफ सपोर्ट पर न रखा जाए। हालांकि, कॉमन कॉज़ मामले में निष्क्रिय इच्छामृत्यु कब लागू की जा सकती है, इस पर दिशा-निर्देशों को पूरी तरह से निर्धारित और स्पष्ट नहीं किया जा सका। मगर अब हरीश राणा के मामले में इस फैसले को आधार माना गया है।उस परिवार और माता-पिता की पीड़ा को समझना कितना दुखद है जो एक दुखद अनहोनी के बाद अपनी ही युवा संतान के लिए मौत की भीख मांगने के लिए मजबूर हुए हैं ईश्वर ऐसी वारदातों की पुनरावृत्ति न हो।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## शराब पिला कर मकान और जमीन की रजिस्ट्री कराकर 25 लाख रुपया हड़प कर फरार

**सहजनवां /गोरखपुर** - सहजनवां थाना क्षेत्र के भीटी रावत टोला भरपूरवा निवासी एक व्यक्ति को जालसाजो ने शराब पिला कर उसका घर और जमीन बैनामा कर उसके खाते से 25 लाख रुपया निकला कर फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के भीटी रावत टोला भरपूरवा निवासी मिथुन पुत्र स्व देवीदीन जो शराब पीने का आदी है। पीड़ित के मौसी का लड़का घर आया और उसे खलीलाबाद मजदूरी कराने के लिए साथ ले गया। उसने झांसा दिया कि जमीन को हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के गनौरी निवासी एक व्यक्ति को बेचना है। जो रकम होगा मिल जायेगा। जालसाज 9 मार्च को तहसील पर ले गया। और खूब शराब पिलाने के बाद आधार कार्ड,पेन कार्ड, एटीएम कार्ड ले लिया। और गवाहों की मौजूदगी में कागज पर हस्ताक्षर कराया गया। और रजिस्ट्री कार्यालय में ले जाकर वापस नीचे उतार दिया गया। इसके बाद विक्रय का जो रकम पीड़ित के खाते में 25 लाख रुपया गया था। मौसी के लड़के ने हस्ताक्षर कराकर एक चेक अपने पास रख लिया। जब घर जाने की बात किया तो जालसाज ने कहा अभी घर नहीं जाना है। पत्नी ने सारी बात बताई तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। इस संदर्भ में थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि प्रकरण की जानकारी है। जांच कराकर कारवाई की जायेगी।

## युवती के बैग से आभूषण चुराने वाला युवक गिरफ्तार

**कोंच(जालौन)**- बीते दिनों बुजुर्ग दादी को चकमा देकर घर से लाखों के सोने के आभूषण व चांदी की सिल्ली लेकर भागी व्यापारी की बेटी के मित्र को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि युवती के साथ सफर के दौरान युवक ने उसके बैग से सोने के आभूषण व चांदी की सिल्ली चोरी कर ली थी।

पिछले दिनों कस्बे के व्यापारी की पुत्री अपनी बुजुर्ग दादी को चकमा देकर घर मे रखे सोने के आभूषण व भारी मात्रा में चांदी की सिल्ली सहित नगदी लेकर चली गई थी। उसके चाचा ने अज्ञात युवक के खिलाफ बहलाफुसला कर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने कुछ दिनों पहले युवती को बरामद कर उसके पास से 6 किलो चांदी की सिल्ली व सोने के आभूषण सहित 55 हजार रुपये नगदी बरामद की थी लेकिन युवती के पास से पूरा माल बरामद नहीं हो पाया था। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की रात भेंड़ गांव के पास चेकिंग के दौरान फफूंद निवासी जरताब को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि युवक के पास करीब पांच किलो चांदी की सिल्ली व करीब 296 ग्राम सोने के आभूषण बरामद हुए है जो युवक ने युवती के साथ सफर करते समय चुराए थे। युवक के पास मौजूद उसी की तीन लाख की नकदी भी बरामद की गई है। गौरतलब है कि युवती को पुलिस ने चार दिन पहले ही जबलपुर से बरामद कर लिया था और कोर्ट में बयान कराने के बाद घरवालों के सुपुर्द कर दिया था। उस वक्त युवती के पास से तीन सौ ग्राम सोने के आभूषण, दस चांदी की सिल्ली और करीब 55 हजार रुपए नगद बरामद किए थे। बताया गया कि युवक युवती दोनों एक साथ महानगर में नीट की तैयारी कर रहे थे।

## लोक अदालत के प्रणेता शिवदयाल सिंह चौरसिया को जयंती पर किया नमन

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर शुक्रवार को लोक अदालत के प्रणेता व सामाजिक न्याय के पुरोधा बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने उन्हें याद करते हुए कहा कि शिवदयाल सिंह चौरसिया गरीबों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित महान व्यक्तित्व थे।

उन्होंने बताया कि 13 मार्च 1903 को लखनऊ के पास खरिका में जन्मे शिवदयाल सिंह चौरसिया ने विज्ञान और कानून की शिक्षा प्राप्त कर लखनऊ हाईकोर्ट, पटना हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में वकालत की तथा लोक अदालत की अवधारणा को आगे बढ़ाया।

यादव ने कहा कि उन्होंने 1929 में बैकवर्ड क्लासेस लीग की स्थापना कर पिछड़े, दलित और वंचित समाज को संगठित करने का अभियान चलाया। कार्यक्रम में इकबाल अहमद, लोरिक यादव, शंकर गोंड, सुरेश नारायण सिंह यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# हाईवे पर i20 कार में 38 वर्षीय युवक की रहस्यमयी मौत! मृतक की पहचान मजराजगंज जिले के नौतनवां रूप में हुई

**● पीपीगंज पुलिस में हड़कंप, पोस्टमार्टम और CCTV फुटेज से खुलेगा राज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद के पीपीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक सनसनीखेज घटना ने पूरे इलाके को हिला दिया। हाईवे के किनारे बिगही बारी गांव के समीप सड़क पर खड़ी एक आलीशान Hyundai i20 कार के अंदर एक युवक की लाश पड़ी मिली। कार कई घंटों से वहीं खड़ी थी और अंदर बैठा व्यक्ति अचेत नजर आ रहा था। स्थानीय लोगों को जब शक हुआ तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पीपीगंज थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। कार का दरवाजा खोलते ही चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई–युवक की सांसें थम चुकी थीं। शव को बाहर निकालकर देखा गया तो उसकी पहचान 38 वर्षीय गडेश जायसवाल के रूप में हुई। मृतक महाराजगंज जिले के नौतनवा क्षेत्र के जानकी नगर वार्ड संख्या 18 का निवासी है, जिसके पिता का नाम गोपी चंद जायसवाल बताया गया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने तुरंत शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई, जो गोरखपुर के लिए रवाना हो गए।

प्रारंभिक जांच में पुलिस अभी तक मौत के कारणों का अंदाजा नहीं लगा पाई है। क्या मौत स्वाभाविक थी? क्या कार में कोई जहरीला पदार्थ था? या फिर कोई हत्या का मामला? ये सवाल हर किसी के मन में घूम रहे हैं। पुलिस कार की पूरी तलाशी ले रही है। अंदर से मोबाइल फोन, दस्तावेज और अन्य सामान बरामद कर जांच के लिए भेज दिया गया है। सीओ कम्पियगंज ने बताया, 'मामले की गंभीरता से जांच हो रही है। हम हाईवे पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं। आसपास के गांवों के लोगों से भी पूछताछ जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारण सामने आएगा। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ' स्थानीय लोग घटना को लेकर हैरान हैं। कई लोग कह रहे हैं कि युवक अकेला था या कोई उसके साथ था? कार कहां से आई? क्या वह किसी काम से गोरखपुर आया था? तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि रात के अंधेरे में कोई अपराध हुआ हो सकता है।

पुलिस ने इस मामले को संदिग्ध मौत के रूप में दर्ज कर लिया है। जांच टीम ने कार को भी जब्त कर लिया है। तकनीकी टीम और फॉरेंसिक विशेषज्ञ मौके पर पहुंच चुके हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, छ्ष्टञ्जङ्क फुटेज और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। यह घटना पूरे गोरखपुर और महाराजगंज में चर्चा का विषय बन गई है। लोग पुलिस से जल्द से जल्द सच्चाई सामने लाने की मांग कर रहे हैं। क्या यह हत्या है, आत्महत्या या दुर्घटना? जवाब मिलने में अब ज्यादा समय नहीं लगेगा। पीपीगंज पुलिस की पूरी टीम दिन-रात एक कर इस रहस्य को सुलझाने में जुटी हुई है।

# गोरखपुर पैसे के विवाद में फायरिंग करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, अवैध पिस्टल-तमंचा और एक्सयूवी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** पैसे के विवाद में युवक पर जानलेवा फायरिंग करने के मामले में रामगढ़ताल पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पिस्टल, एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त एक्सयूवी वाहन भी बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में थाना रामगढ़ताल पुलिस, एसओजी टीम और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पंकज शाही निवासी महुआपार थाना बड़हलगंज, युवराज सिंह उर्फ राज निवासी ठठौली थाना गगहा, सर्वेश उर्फ राहुल सिंह निवासी कोठा थाना गगहा तथा लालू यादव निवासी मसान पाकत बांसुडीला थाना गगहा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 32 बोर की अवैध पिस्टल, 315 बोर का देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त एक्सयूवी वाहन बरामद किया है।

बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ा दी गई हैं। पुलिस के अनुसार घटना 10 मार्च की रात करीब 10 बजे की है। वादी के मुताबिक आरोपी पंकज शाही ने उसे और उसके एक मित्र को पैसा लौटाने के बहाने बुलाया था। जब दोनों मौके पर पहुंचे तो वहां पंकज अपने साथियों राहुल सिंह, युवराज सिंह और एक अन्य व्यक्ति के साथ मौजूद था। आरोप है कि पैसा लौटाने की बात पर विवाद हो गया और आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। इस दौरान गोली वादी के मित्र के पैर में लग गई। इसके बाद सभी आरोपी धमकी देते हुए एक्सयूवी वाहन से मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर थाना रामगढ़ताल में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सर्विलांस की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की और अंततः चारों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में से कई के खिलाफ पहले से भी विभिन्न थानों में मारपीट, धोखाधड़ी, गैंगस्टर और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में चौकी प्रभारी चिड़ियाघर उपनिरीक्षक चन्दन सिंह, सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक छोटेलाल राय, उपनिरीक्षक राम सिंह, विशाल शुक्ला सहित थाना रामगढ़ताल, एसओजी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम शामिल रही

## पिकअप से ले जाए जा रहे दो गोवंशीय पशु बरामद, अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया**- नपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बनकटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक पिकअप वाहन से दो गोवंशीय पशुओं को बरामद करते हुए एक अंतरराज्यीय पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। बनकटा पुलिस ने 12 मार्च की रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम सुन्दरपार महुअवा के पास घेराबंदी कर पिकअप को रोका। जांच में पाया गया कि वाहन से दो गोवंशीय पशुओं को बिहार ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से सफरोज पुत्र हातिम अहमद निवासी कोल्हुआ दरगाह, थाना मैरवा, जनपद सिवान (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पिकअप वाहन और दोनों गोवंशीय पशुओं को कब्जे में ले लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना बनकटा में मु0अ0सं0 62/2026 के तहत गौ हत्या निवारण अधिनियम की धारा 3/5ए/8, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 तथा बीएनएस की धारा 61(2) में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मृतक होमगार्ड के परिजन को बैंक ने दिया 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता धनराशि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मृतक होमगार्ड स्वर्गीय जगजीवन राम यादव के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहायता एक्सिस बैंक द्वारा संचालित सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत मृत्यु उपरांत नॉमिनी परिजन को दी गई। कार्यक्रम में बैंक की ओर से स्वर्गीय जगजीवन राम यादव के नामित परिजन को 30 लाख रुपये की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने इस अवसर पर कहा कि होमगार्ड जवान समाज और प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपदा प्रबंधन और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में हमेशा तत्पर रहते हैं। ऐसे में उनके आकस्मिक निधन की स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक संबल मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एक्सिस बैंक द्वारा दी गई इस सहायता को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे परिवार को कठिन समय में सहारा मिलेगा।कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना था, बल्कि यह संदेश देना भी था कि प्रशासन और संस्थाएं अपने कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़ी हैं। कार्यक्रम में परिजनों ने प्रशासन और बैंक का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर कमांडेंट होमगार्ड शिवेंद्र प्रताप सिंह, एक्सिस बैंक के क्लस्टर हेड, ब्रांच हेड तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अब बिना फिटनेस के चलने वाले स्कूली वाहनों पर होगी कार्रवाई

**● अगर कोई वाहन बिना फिटनेस के बच्चों को ले जाते मिला, तो उस विद्यालय प्रबंधक के विरुद्ध की जायेगी कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** स्कूलों की ओर से संचालित वाहन अब बिना फिटनेस के सड़क पर नहीं दौड़ पाएंगे। अगर कोई वाहन बिना फिटनेस के बच्चों को ले जाते मिला, तो उस विद्यालय के प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ श्री आर सी भारतीय ने बताया कि शासन की ओर से स्कूली वाहनों के संचालन के विषय में उत्तर प्रदेश मोटर यान 2019 का कड़ाई से पालन कराने का आदेश दिया गया है। एआरटीओ ने बताया कि बस का फिटनेस वैध होना चाहिए। बस पीले रंग में रंगी जाएगी, और आगे तथा पीछे भाग में 'विद्यालय बस' लिखा जाएगा, साथ ही दोनों साइड में विद्यालय का नाम भी लिखा होगा। बस के दरवाजों पर भरोसेमंद ताले लगाए जाएंगे और आगे के द्वार के निचले पायदान पर हैंड रोलन लगा होना आवश्यक है। इसके अलावा, बस के छत पर मजबूती से जुड़ी हुई होल्डिंग रॉड लगी होनी चाहिए, जो फिसलनयुक्त न हो। बस में पारदर्शी फर्स्ट एड बॉक्स, दो बीआईएस मार्क की क्षमता वाले अग्निशामक यंत्र, और केबिन तथा पीछे के हिस्से में लगे होने चाहिए।

बस में एक आपातकालीन द्वार और एक आपातकालीन खिड़की होना जरूरी है। आपातकालीन द्वार का आकार 55 सेमी म120 सेमी के होगे, और यह अंदर तथा बाहर दोनों ओर खुलता है। आपातकालीन निकास खिड़की पिछले भाग की ओर होगी, जिसका आकार 150 सेमी म 120 सेमी का टफन ग्लास का होगा, जिसे एक स्थायी फ्रेम में फिक्स किया गया होगा। इस खिड़की के शीशे तोड़ने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करनी होगी। स्कूल बस की खिड़की पर राड या जाली लगी होनी चाहिए, जिससे विद्यार्थी अपना सर खिड़की के बाहर ना निकल सके।बस में खतरे की चेतावनी देने वाला प्रकाश, जिसे विद्यार्थियों को चढ़ाने या उतारने के समय क्रियाशील किया जाएगा, आवश्यक है। साथ ही, बस लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस से युक्त होनी चाहिए और उसमें सीसीटीवी कैमरे भी लगे होने चाहिए।बस की फर्श जर्जर अवस्था में नहीं होनी चाहिए। परिचर की व्यवस्था भी अनिवार्य है।एआरटीओ ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी होने पर यदि दुर्घटना होती है, तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित स्कूल के प्रबंधक या प्रधानाचार्य का होगा। ऐसे में उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## नए ब्लॉक निर्माण के लिए किया भूमि पूजन



**देवरिया।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र स्थित एसबीटी पब्लिक स्कूल, विशुनपुरा बखरा में नए ब्लॉक के निर्माण के लिए शुक्रवार को विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय के चेयरमैन एम.एन. त्रिपाठी ने गौरी-गणेश पूजन कर नींव में पांच ईंट रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नए भवन का निर्माण विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने आशा जताई कि नए ब्लॉक के बनने से छात्रों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी और विद्यालय की प्रगति को नया आयाम मिलेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पति के प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने खाया जहर मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां /गोरखपुर** – सहजनवां थाना क्षेत्र के रिठूंआखोर में गुरुवार को पति के प्रताड़ना से तंग आकर एक 30 वर्षीय विवाहिता ने जहर खाकर जान दे दिया। विवाहिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या करने के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज कर आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के हरपुर निवासी सागर पुत्र स्व रामबेलास अपनी बेटी बबीता 30 वर्ष की शादी 2010 में अशोक पुत्र राम नवल के साथ किया था। शादी के बाद से पति प्रताड़ित करता था। इस बीच पति को संविदा पर सफाई कर्मी की नौकरी नगर पंचायत सहजनवां में मिल गई। वह विवाहिता को सहजनवां नगर पंचायत के धनश्याम नगरी में किराए का मकान लेकर रह रहा था। यहां भी उसे आए दिन प्रताड़ित करता था। गुरुवार को 3.30 बजे के करीब विवाहिता ने पति से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पति लेकर सीएचसी सहजनवां पहुंचा जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल तथा वहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह शव को लेकर घर चला आया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका की दो बच्चियां है। विवाहिता के पिता राम सागर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति अशोक के खिलाफ प्रताड़ित कर हत्या के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज कर लिया है।

# छत की कुण्डी से लटकता मिला युवक का शव

**● मृतक अरबाज अली का मानसिक संतुलन सही नहीं था**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिंगटी टोला मुजहना में बृहस्पतिवार की शाम एक युवक घर में छत की कुण्डी में प्लास्टिक रस्सी से गले में फंदा लगाकर लटक गया। वहीं खेत से काम करके घर पहुंची मां ने बेटे का लटकता शव देखकर चीख-पुकार मचाने लगी। शोर सुनकर आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं लोगों के मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा गया। जिंदा होने की अशंका में परिजन चिकित्सक के पास लेकर गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची सेवतरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिंगटी टोला मुजहना निवासी अरबाज अली पुत्र इद्रीस का मानसिक संतुलन सही नहीं था। जिसके कारण वह इधर-उधर घूमता रहता था। वहीं बृहस्पतिवार की शाम परिजन कहीं बाहर गए हुए थे तथा मां मीना खेत में काम करने गई थी। इस दौरान अरबाज अली घर में कुंडी से प्लास्टिक रस्सी का फंदा बनाकर लटक गया। वहीं खेत में काम कर रही मृतक की मां घर पहुंची तो देखा कि उसका बेटा फंदे से लटका हुआ था। यह देखकर मृतक की मां चीख-पुकार मचाने लगी। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों के मदद से अरबाज अली को फंदे से नीचे उतारा तथा जिंदा होने की अशंका में एक चिकित्सक के पास ले गए जहां चिकित्सकों में मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची सेवतरी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक अरबाज अली के पिता ईट भट्ठे पर मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। वही बेटे की मौत की सूचना पर पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। ऐसे में अरबाज के मौत के बाद माता-पिता व बड़ी बहन आशिया खातून उम्र (21), शाहजहां खातून (17), नूरजहां खातून (17), भाई शाजिद (14), सुलेमान (12) का रो-रोकर बूरा हाल है।

इस संबंध में सेवतरी चौकी प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# डीआईजी एस. चनप्पा ने किया पुलिस लाइन व पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को परखा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** गोरखपुर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) एस. चनप्पा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन और पुलिस कार्यालय का वार्षिक मुआयना कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं के कार्यों, अभिलेखों के रख-रखाव और जन शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी सबसे पहले पुलिस कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने वीआईपी सेल, डिस्पैच शाखा, टेलीफोन ऑपरेटर कक्ष, आंकिक कार्यालय, सीआरके शाखा और शिकायत प्रकोष्ठ सहित कई विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पटल प्रभारियों से उनके कार्यों, लंबित मामलों और अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी शाखाओं में अभिलेखों का रख-रखाव सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए और लंबित मामलों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाए। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी ने आईजीआरएस सेल और बड़ी पेशी शाखा का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से ऑनलाइन प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिया कि जन शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और संतोषजनक निस्तारण पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

इस दौरान डीआईजी ने जनसुनवाई कक्ष का भी निरीक्षण किया और वहां मौजूद कुछ फरियादियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। डीआईजी ने कहा कि पुलिस कार्यालय में आने वाले हर व्यक्ति के साथ शालीन व्यवहार किया जाए और उसकी समस्या को गंभीरता से सुना जाए, जिससे पुलिस के प्रति जनता का विश्वास मजबूत हो। इसके बाद डीआईजी ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने शस्त्रागार का जायजा लेते हुए हथियारों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था और अभिलेखों की जांच की तथा अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्टोर रूम और ऑर्डर रूम का निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। डीआईजी ने पुलिस लाइन की घुड़सवार शाखा का भी निरीक्षण किया और वहां घोड़ों के रख-रखाव व प्रशिक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके अलावा पुलिस लाइन में स्थित आवासीय भवनों का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों की सुविधाओं और साफ-सफाई की व्यवस्था पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक अपराध सुधीर जायसवाल तथा सहायक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार एस. सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने डीआईजी को विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तम दिवसीय विशेष शिविर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम हुआ संपन्न

**● बालिकाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त करना और उनके शिक्षा व सशक्तिकरण को सूनिश्चित करना प्राचार्य डा0 केपी चौरासिया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी, गोरखपुर**- खजनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत स्थित वीर बहादुर सिंह पी.जी. कॉलेज हरनही महुराव गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ 'विषय पर स्वयंसेवक/ सेविकाओं द्वारा रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रैली को संस्था के प्राचार्य डॉ. के. पी. चौरसिया द्वारा श्रीमती उदा सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरनहीं शिविर स्थल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डॉ. के .पी. चौरसिया ने स्वयंसेवक/ सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ 'का मुख्य उद्देश्य गिरते लिंगानुपात को सुधारना बालिकाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त करना और उनके शिक्षा व सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है । लिंग चयन (भ्रूण हत्या )को रोकना और बालिकाओं के प्रति सामाजिक मानसिकता को बदलना है। यह सुनिश्चित करना कि लड़कियां अपनी शिक्षा बीच में न छोड़े और उच्च शिक्षा व कौशल विकास में आगे बढ़े ।

रैली शिविर स्थल से चलकर हरनहीं चौराहा, खजनी तहसील चौराहा, हरनहीं, महुराव, एकमा, कैथवलिया ग्राम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जन जागरूक करने का कार्य किया ।जिसमें स्वयं सेवक,/ सेविकाओं ने स्लोगन तथा पोस्टर के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया। जिसके स्लोगन थे-

' बेटी है अनमोल उपहार, शिक्षा है उसका अधिकार '

'बेटियों को मत रखो निरक्षर, बेटियां भी बनेगी बडी अफसर'

'बेटी है तो कल है, बेटी को मारोगे तो दुल्हन कहां से पाओगे '

' बेटी बेटे से कम नहीं , उनके बिना हम नहीं '

सर्वधर्म में सबसे ऊपर नारी हैं, ये बेचारी नहीं राजकुमारी हैं 'बेटी एक वरदान है ,बेटी ही देश की शान है ' रैली को सफल बनाने में महाराणा प्रताप इकाई ,शिवाजी ईकाई एवं लक्ष्मीबाई ईकाई के स्वयंसेवक सेविकाओं की अहम भूमिका रही । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुण कुमार नायक स्वर्णिमा सिंह एवं अनुजा सिंह तथा प्राध्यापक श्री नारायण त्रिपाठी, डा. इंद्रजीत सिंह, शैलेंद्र कुमार, राजन, रोली सिंह ,अरुण कुमार सिंह ,वीरेंद्र सिंह, बबीता मौर्य ,सौम्या मौर्य पुष्पा मिश्रा ,रितिका त्रिपाठी, नसी यक्षमिबानो ,प्रतिभा दुबे, एकता सिंह ,आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भदपुरा ब्लॉक में आयोजित हुआ ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**बरेली**/क्यों लड़िया खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार के निर्देशन में भदपुरा ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक डॉ. एम.पी. आर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे प्रधान संघ के अध्यक्ष श्री राम प्रताप गंगवार रहे। साथ ही जिला पंचायत सदस्य शशि कुमार कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक, ग्राम प्रधान तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस अवसर पर निपुण भारत मिशन, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा तथा स्पेल-बी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में एआरपी डॉ. मधुरेश दीक्षित ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जबकि एआरपी डॉ. विवेक सक्सेना ने निपुण लक्ष्यों के बारे में उपस्थित शिक्षकों को अवगत कराया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. एम.पी. आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि भदपुरा ब्लॉक अब पिछड़ा नहीं रहा, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर अग्रणी बन रहा है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास शिक्षा की गुणवत्ता को और मजबूत करेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन राखी गंगवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार, सूरज गंगवार, राजपूत देवल, ओम बाबू, राजवीर सिंह, ठाकुरदास, इंद्रपाल गंगवार, अमिता कुमारी, मनीष कुमार, ममता गंगवार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गैस एजेंसी व मस्जिदों का किया गया सुरक्षा निरीक्षण



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** के गोला क्षेत्र में कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह तथा नानक चौकी इंचार्ज योगेश कुमार ने मय पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही अलविदा जुम्मा की नमाज को लेकर क्षेत्र की मस्जिदों का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में नमाज संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### गोला के ग्राम पंचायत गोला देहात क्षेत्र से एक 25 वर्षीय युवक लापता E,sपुलिस और परिजनों ने की अपील



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** जनपद के थाना गोला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोला देहात निवासी सर्वोदय नगर में उस समय हड़कंप मच गया, जब 25 वर्षीय एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। युवक के घर वापस न लौटने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल व्याप्त है।

**क्या है पूरा मामला?** प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सर्वोदय नगर गोला गोकर्णनाथ, सत्यम वर्मा (आकाश) (25 वर्ष) पुत्र रामसागर वर्मा, बीते 10.03.2026 को शाम करीब 5:00 बजे बिना बताए घर से निकाला था। जब देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका।

**पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी** परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना गोला में गुमशुदगी संख्या 0005/2026 दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीमें युवक की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही हैं।

# निघासन में कुकुरमुत्ते की तरह खुल रहे पैथालॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर

**● बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे कई डायग्नोस्टिक लैब**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निघासन (लखीमपुर खीरी)।** कस्बे और आसपास के क्षेत्र में इन दिनों पैथालॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर कुकुरमुत्तों की तरह खुलते जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से कई सेंटर बिना वैध रजिस्ट्रेशन और मानकों के ही खुलेआम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र की भोली-भाली जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होने का खतरा बढ़ गया है।

जानकारी के अनुसार सिंगाही रोड निघासन पर तहसील के सामने जे.एस. अल्ट्रासाउंड एंड पैथालॉजी सेंटर तथा देवा डायग्नोस्टिक सेंटर सहित कई पैथालॉजी लैब संचालित हो रही हैं। इसके अलावा पलिया रोड और ढखेरवा रोड पर भी कई नए पैथालॉजी सेंटर खुल गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन सेंटरों के बाहर लगे बोर्ड पर कहीं भी रजिस्ट्रेशन नंबर या मान्यता संबंधी कोई जानकारी दर्ज नहीं है, जो कि नियमों के खिलाफ है।

स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार किसी भी पैथालॉजी लैब या अल्ट्रासाउंड सेंटर को संचालित करने के लिए पंजीकरण, प्रशिक्षित तकनीशियन और निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य होता है। लेकिन निघासन क्षेत्र में कई सेंटर इन नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से जांचें कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ सेंटरों पर बिना योग्य तकनीशियन के ही जांच की जा रही है, जिससे रिपोर्ट की सटीकता पर भी सवाल उठ रहे हैं। गलत रिपोर्ट के कारण मरीजों का गलत इलाज होने का खतरा भी बना रहता है।

सूत्रों का यह भी दावा है कि इन अवैध पैथालॉजी सेंटरों को चलाने के पीछे स्वास्थ्य विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत हो सकती है। आरोप है कि जिले के कुछ स्वास्थ्य अधिकारियों से लेकर निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कुछ जिम्मेदारों तक मोटी रकम लेकर इन सेंटरों को संचालित होने दिया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि निघासन क्षेत्र में संचालित सभी पैथालॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच कराई जाए और बिना रजिस्ट्रेशन या मानकों के चल रहे सेंटरों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहे खिलवाड़ पर रोक लग सके।

अब देखना यह होगा कि जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले का संज्ञान कब लेते हैं और अवैध रूप से चल रहे पैथालॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

## तहसीलदार मितौली और लेखपाल सौरव राय ने पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** कस्बा मैगलगंज में मितौली तहसीलदार दिनेश कुमार एवं मैगलगंज क्षेत्र के लेखपाल सौरभ राय ने क्षेत्र के पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों और रेस्टोरेंटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने संचालकों से उपलब्धता, आपूर्ति और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार दिनेश कुमार ने गैस एजेंसियों के संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं के घरों पर अधिक से अधिक गैस सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से एजेंसी तक न आना पड़े और व्यवस्था सुचारु बनी रहे।*

तहसीलदार ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की गैस एजेंसियों में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है।

इस दौरान कोतवाली मैगलगंज प्रभारी इंद्रजीत सिंह चौहान भी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

## अज्ञात कारणों से लगी आग सारा सामान जलकर खाक



**नीमगांव खीरी** बेहजम ब्लाक के नीमगांव थाना क्षेत्र ग्राम अजमतपुर गांव में बृहस्पतिवार रात करीब 12:00 बजे बाबूराम पुत्र छत्र पाल के यहा अज्ञात कारणों से आग लग गई अज्ञात कारणों से लगी इस आग में सारा समान पूरी तरह जलकर राख हो गया और घर की समस्त सामग्री नष्ट हो गई। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन गृहस्ती का सारा सामान जलकर खाक हो गया।आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल संतोष वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की और शासन को भेज दी है। लेखपाल संतोष वर्मा ने बताया कि पीड़ित परिवार को जल्द ही आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# तहसील गोला: जहां भूत करते हैं जमीन का बयनामा

**● वर्ष 2005 में मृतक हो गए राम दुलारे के स्थान पर दूसरे आदमी को खडा करके राम दुलारे की जमीन का 2017 में बयनामा कराए जाने का मामला**

**लेखपाल भूपेंद्र और कानूनगो की मिलीभगत आई सामने**

**दिनाँक 17/02/2005 को मृतक हो चुके राम दुलारे पुत्र श्री राम तो फिर 2017 में किसने किया राम दुलारे की जमीन का लालजी प्रसाद पुत्र दीन दयाल के नाम रजिस्ट्री**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** भ्रस्टाचार और फर्जीवाड़ा की अखाड़ा बनी तहसील गोला में रोज नए नए हैरतअंगेज कारनामे खुलकर सामने आते रहते हैं।गोला तहसील में तैनात रहे लेखपाल भूपेंद्र और ठगी और फर्जीवाड़ा का गिरोह चला रहे लालजी प्रसाद उर्फ़ गुड्डू पुत्र दीन दयाल निवासी कुकुरा द्वारा लेखपाल और कानूनगो से मिलीभगत करके कहीं जिंदा आदमी को मृतक दिखाकर तो कहीं मृतक को जिंदा दिखा लोगों की जमीनों को हड़पने का खेल बदस्तूर जारी रहा है बताया जाता है कि उक्त गिरोह में लेखपाल रहे भूपेंद्र और तत्कालीन कानूनगो भी शामिल रहे। फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र फर्जीजाली, कूटरचित कागजात तैयार करके कई लोगों की जमीनें हड़पने के मामले चर्चा का विषय बने हुए हैं। लकिन तहसील प्रशासन अपने कर्मियों को बचाने और विपक्षी की तरफ से मिल रहे भारी नजराने के चलते आज तक इस फर्जीवाड़ा करके जमीनों को हड़पने के गिरोह पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकीं। भ्रस्टाचार और फर्जीवाड़ा का ऐसा ही एक हैरतअंगेज मामला फिर प्रकाश में आया है। सूत्र बताते हैं कि जिला बस्ती निवासी राम दुलारे पुत्र श्री राम के नाम ग्राम हर दुआ में लगभग 2 एकड़ जमीन राजस्व अभिलेखों में दर्ज कागजात थी। राम दुलारे की मृत्यु दिनांक 17/02/2005 को हो गई। उक्त जमीन काफी समय से रिक्त पडी थी इस पर काफी शीशम तथा अन्य काफी पेड़ लगे थे। उक्त जमीन पर भू माफ़िया और फर्जीवाड़ा का gang संचालित करने वाले सरगना लालजी प्रसाद उर्फ़ गुड्डू पुत्र दीन दयाल की नीयत खराब हो गई ।जिसके चलते अपने चहेते तत्कालीन लेखपाल से मिलीभगत कर रामदूलारे की जमीन हड़पने की योजना बना डाली गई।लेखपाल, कानूनगो की मिलीभगत से सन 2005 में मृतक हो चुके राम दुलारे की जगह दूसरे आदमी को खड़ा करके बैनामा लालजी प्रसाद ने अपने नाम करवा लिया। इतना ही नहीं 2023 में दाखिल खारिज करवाने के बाद इस पर को ऑपरेटिव बैंक से लाखों का कर्ज भी ले लिया गया। यह तहसील गोला का पहला मामला नहीं है ऐसे एक दर्जन मामले जिसमें से कई के पुख्ता साक्ष्य मौजूद है। बताया जाता है कि इस गैंग को मैलानी थाना पुलिस और पुलिस चौकी कुकुरा के चौकी प्रभारी का पूरा संरक्षण प्राप्त है।जिन वजह से इनके हौसले बुलंद है और खुले आम फर्जीवाड़ा की घटना को अंजाम दे डालते हैं।बताते चलें कि अभी गत दिनों पूर्व में एक जीवितआदमी हरिराम अनुसूचित जाति को फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र और जाली कूटरचित परिवार रजिस्टर बनाने की लिखित शिकायत की गई थी जिसमें सभी पुख्ता सबूत भी दिए गए थे लेकिन धन वर्षा के चलते आज तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया।चौकी प्रभारी कुकुरा तो न्यायाधीश की भूमिका में नजर आते दिखाई पड रहे हैं।उनके लिए फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र, और फर्जी कुटुम्ब रजिस्टर की नकल तैयार करना तथा झूठी गवाही देना संज्ञेय अपराध ही नहीं है।किसी जीवित आदमी को मृतक दिखा उसकी सम्पत्ति हड़पना कूटरचित दस्तावेज तैयार करना एक संगीन अपराध की श्रेणी में आता है फिर भी सहाब द्वारा सुविधा शुल्क लेकर मामले को रफा-दफा कर दिया गया। मामले की पुलिस अधीक्षक से साक्ष्यों सहित शिकायत कर दोषों लोगों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, हाइवोल्टेज ड्रामा

**पत्नी को ससुराल से न भेजने पर किया ड्रामा**



**सुल्तानपुर-** कादीपुर क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक अपनी मांगों को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक को इतनी ऊंचाई पर देख नीचे खड़े लोगों की सांसें अटक गई। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई।

युवक की पहचान पलिया गोलपुर निवासी प्रदीप निषाद के रूप में हुई है। उसने बताया कि उसकी पत्नी सीमा देवी घर आना चाहती है, लेकिन उसके बाबा और बहन उसे आने नहीं दे रहे हैं। प्रदीप ने यह भी आरोप लगाया कि उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी और उसने पहले भी पुलिस में शिकायत की थी। कादीपुर कोतवाली से कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और युवक को नीचे उतरने के लिए समझाते रहे। युवक टावर पर चढ़कर वीडियो के जरिए अपनी बात रख रहा था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसने खुद ही 112 पर फोन करके पुलिस को बुलाया था।

काफी मशक्कत और घंटों चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद प्रशासन युवक को सुरक्षित नीचे उतारने में कामयाब रहा। पुलिस युवक को कादीपुर कोतवाली ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल युवक सुरक्षित है और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि टावर पर चढ़ने के असली कारणों का पता लगाया जा सके।

## विद्यालयों में अनाधिकृत लोगों के प्रवेश पर लगे रोक, जितेंद्र

**बरेली/रिठौरा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा,संगठन ने बताया, बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में आए दिन बाहरी अराजक तत्व का आना जाना बना रहता है। जिससे शैक्षणिक माहौल बाधित होता है। किसी भी व्यक्ति को मना करना विद्यालय स्टाफ के लिए बहुत मुश्किल होता है। जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने बताया गया अभी कुछ दिन पूर्व एक बाहरी व्यक्ति ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरतौल के छात्रों के साथ मारपीट की, बाद में दोषी पर एफआईआर की कार्यवाही हुई थी। संगठन ने मांग की है छात्र-छात्राओं की सुरक्षा एवं शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए विद्यालय समयावधि में सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए विद्यालयों में बाहरी अराजक तत्वों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश होना चाहिए। इसी संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया है। जिला मंत्री गिरजेश कुमार ने बताया, अगर इस संबंध में अगले सप्ताह तक आदेश जारी नहीं होता है, तो संगठन पुनः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भेंट करेगा। ज्ञापन देने वालों में, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार, ऋतु मिश्रा, अरविंद चौधरी, पुष्कर उपाध्याय, अजय कुमार, अरविंद गंगवार, राहुल सिंह, अतुल सिंह, अमित गंगवार सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## कांवरियों के जत्थे का हुआ जोरदार स्वागत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।**ज्वालादेवी सिद्धपीठ संकटमोचन हनुमंत धाम में शुक्रवार को कावड़ियों के जत्थे भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। शाहजहांपुर जनपद के खुटार की ग्राम पंचायत सिमरई से निकले विप्र ब्राह्मण व्रत करके जिनका संकल्प जब तक जलाभिषेक नहीं कर देंगे, तब तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगे, पिछले सात दिनों से पैदल चल रहे, रात्रि विश्राम पीठ में हुआ।

पूज्य गुरुदेव बालव्यास डॉ रोहितानंद जी महाराज ने सभी के साथ पूजन -अर्चन कर भोले बाबा के भजन गुनगुनाए, भोर होते ही पूज्य गुरुदेव ने हनुमान जी महाराज से मंगलमय यात्रा संपन्न कराने कि अर्जी लगाई ।प्रार्थना कर सभी कांबड़ियों को तुलसी की माला पहनाकर हनुमान जी महाराज का पटका पहनाकर विदाई दी। मार्ग में अपने शिष्यों को अवगत कराते हुए कहा,सभी स्वागत को हो जायें तैयार।

क्योंकि अब सावन आते ही लोग कांवड़ तो लेने जाते है। लेकिन कांबड़ का स्वरूप ही बिगाड़ दिया है । नशा का सेवन धूम्रपान नाच- गाना फुअरपना के गाने राजनीतिकरण के गाने भगवान को नचाना आदि। उन्होंने कांबड़ियों कि प्रशंसा और प्रणाम करते हुए कहा

यह है असली सेवक भोले बाबा के व्रत रखकर पैदल भजन करते हुए जा रहे है। भोजन भी नहीं करना, ना कोई डीजे इत्यादि भोले नाथ ऐसे भक्तो पर अवश्य कृपा करते है। इस मौके पर भक्त नेपाल पटेल, पिंटू, पटेल, गिरवर पटेल, जितेंद्र गोस्वामी, सुमित गोस्वामी, डॉ गंगाप्रसाद, रामविलास, वीरपाल हेमराज आदि मौजूद रहे।

## राजश्री कालेज में ए0आई0 एण्ड सस्टेनेबल एप्रोचेस फॉर रिड्यूसिंग कार्बन फुट प्रिंट विषय पर

**● दो दिवसीय इंटरनेशनल कान्फ्रेंस का हुआ शुभारम्भ**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** राजश्री इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टैक्नोलॉजी, बरेली में 'ए0आई0 एण्ड सस्टेनेबल एप्रोचेस फॉर रिड्यूसिंग कार्बन फुट प्रिंट'' विषय पर दो दिवसीय इंटरनेशनल कान्फ्रेंस का शुभारंभ किया। जिसमें देश विदेश से तीन सौ से अधिक शोध-पत्र प्राप्त हुए। जिनको ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड के माध्यम से प्रजेंट किया गया। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, ई0सी0 काउन्सिल नोयडा के कार्तिक अत्री, एकेडमिक एडवाइजर इं0 तूलिका अग्रवाल स्वरूप, सी0ओ0ओ0 ऋषभ बंसल, लुम्बिनी टैक्निलॉजिकल यूनिवर्सिटी के डॉ0 प्रदीप कर्ण ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस मौके पर कान्फ्रेंस प्रोसीडिंग्स का विमोचन किया गया। संस्थान के चेयरमैन श्री अग्रवाल ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित वर्तमान युग में समाज को सकारात्मक परिणाम आत्मसात करने होंगे। पर्यावरण की सस्टेनिबिलिटी को ध्यान में रखते हुए ही ए0आई0 को हम जनकल्याण के उपयोग में लायेंगे। कीनोट स्पीकर कार्तिक अत्री ने ए0आई0 आधारित मशीनों के कारण नौकरियों के नुकसान पर फैली भ्रांतियों को लगाम लगाते हुए मानवीय क्षमताओं को विकसित करना आवश्यक बताया।

संस्थान की एकेडमिक एडवाइजर मिस तूलिका अग्रवाल ने पढ़ाई -लिखाई के साथ-साथ शोध एवं समाज कल्याण के कार्यक्रमों में तीव्र विकास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोगों से ही संभव होना बताया। प्रथम दिवस में प्रस्तुत किये गये शोध पत्रों में अजीत कुमार सिंह द्वारा इन्हेंसिंग रियल टाइम प्रोसेसिंग ऑन स्मार्ट सिस्टम्स, त्रिृतिक सक्सेना ने तगूची टेक्निक फॉर हाईब्रिड बेल्डिंग ऑन द ज्योमेट्री ऑफ बीड, लोकेश कुमार द्वारा एडिटिव मैनुफैक्चरिंग इन प्रमोटिंग एनवायरमेण्टल सस्टेनिबिलिटी, सचिन कुमार द्वारा कार्बन इफिसियेन्ट कन्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर, भावना सागर द्वारा पब्लिक हैल्थ इंजीनियरिंग, विवेक राजपूत द्वारा लाइफ साइकिल कार्बन ऑप्टिमाइजेशन इन इलैक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग एवं नतांश अग्रवाल द्वारा सिमुलेशन ऑफ इनकमिंग डिजास्टर ड्यू टू ए0आई0 ड्रिवेन क्लाइमेट लिट्रेसी शीर्षक पर प्रस्तुतियां सराहनीय रहीं। द्वितीय दिवस पर प्रस्तावित शोध पत्रों के प्रेजेंटेशन के साथ आये हुए, विशेषज्ञ टीचिंग एवं रिसर्च में ए0 आई0 के अनुप्रयोगों पर राजश्री संस्थान के फैकल्टी मेम्बरर्स के साथ चर्चा करेंगे।

## गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी पर जिला अधिकारी की सख्त चेतावनी

**● जिले में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं नियमों के तहत वितरण किया जाएगा सिलेंडर- डी.एम.**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने गैस एजेंसी संचालकों, ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों, पेट्रोल पंप मालिकों और रेस्टोरेंट कारोबारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था को पारदर्शी रखने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। बैठक का संचालन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। जिले में गैस, डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। यदि कहीं भी जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि तय बुकिंग सिस्टम का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए और उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार ही सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं।

उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियां अपने प्रतिष्ठान और गोदाम पर स्पष्ट नोटिस चस्पा करें, जिसमें लिखा हो कि हमारे पास पर्याप्त गैस उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस उपलब्ध कराई जाएगी। हेल्पलाइन नंबर हर समय सक्रिय रखें और आने वाली कॉल्स को अटेंड कर उपभोक्ताओं को जरूरी जानकारी व सहायता उपलब्ध कराएं। साथ ही एजेंसियों की नियमित जांच कर यह सुनिश्चित करें कि भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन हो रहा है।

डीएम ने कहा कि गैस एजेंसी के कर्मचारी उपभोक्ताओं से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कॉमर्सियल सिलेंडर के बजाय वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों का ही उपयोग करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। व्यवस्था में गड़बड़ी मिलने पर सख्त कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे।

एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने गैस एजेंसियों के संचालकों को स्पष्ट कहा कि सिलेंडर का वितरण फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर ही किया जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्देश दिए कि सभी वितरण केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सही तरीके से संचालित हों और उनकी 15 से 30 दिनों तक की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए।

कैमरों का व्यूइंग एंगल ऐसा हो कि वितरण केंद्र के हर महत्वपूर्ण हिस्से और गतिविधि पर स्पष्ट नजर रखी जा सके। एजेंसी संचालक अपने कर्मचारियों की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखें। घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक इस्तेमाल किसी भी हाल में न हो, इस पर प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर भी पुलिस की कड़ी नजर है। किसी भी तरह की भ्रामक या अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए कि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और नियमानुसार हो। उन्होंने एजेंसियों को प्रतिष्ठान व गोदामों पर नोटिस चस्पा करने और हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रखने के निर्देश दिए, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी और सहायता मिल सके। डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने पेट्रोल पंप संचालकों को चेतावनी दी कि इंडेंट समय से जमा करें। पंप ड्राई न होने दें। उन्होंने कर्मचारियों, एजेंसी स्टाफ को उपभोक्ताओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने और समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए भी निर्देशित किया।

**निगरानी कड़ी:** गैस एजेंसियों पर लेखपालों की ड्यूटी, वितरण में पूर्ण पारदर्शिता, गड़बड़ी पर तुरंत सख्त कार्रवाई : डीएम गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अहम कदम उठाया है। उन्होंने विभिन्न गैस एजेंसियों पर लेखपालों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। लेखपाल अपनी निगरानी में उपभोक्ताओं को पारदर्शी तरीके से सिलेंडर वितरण कराएंगे और पूरी व्यवस्था पर नजर रखेंगे। वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक निगरानी के बीच गैस एजेंसियों को नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा।

## फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रेम मिश्रा का निधन, बलिया के व्यापारियों ने जताया शोक

**बलिया।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वाराणसी के स्थानीय व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा का अचानक हृदयाघात से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे व्यापारिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। व्यापारियों ने इसे व्यापार समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। बलिया में (फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल) के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री (जितेंद्र चतुर्वेदी), प्र उपाध्यक्ष (रजनीकांत सिंह), जिला अध्यक्ष (अरुण गुप्ता), जिला उपाध्यक्ष (आकाश पटेल), (विकास पांडेय), संयुक्त मंत्री (अशोक गुप्ता), (राहुल) सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी व्यापारियों ने कहा कि प्रेम मिश्रा ने अपने जीवन में व्यापारियों के हितों के लिए लगातार संघर्ष किया और संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से व्यापार समाज को गहरा आघात पहुंचा है। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

## संक्षिप्त खबरें

### गैस की किल्लत की अफवाहों पर ध्यान न दें, जिले में पर्याप्त उपलब्धता: डीएम




**भदोही।** जनपद में रसोई गैस की किल्लत को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों को लेकर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपदवासियों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी होने की स्थिति नहीं है। जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर गैस की कमी को लेकर गलत और अपुष्ट सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं, जो पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि गैस एजेंसियों के माध्यम से आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से बनाए रखें तथा यदि कहीं किसी प्रकार की समस्या सामने आती है तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने जनपदवासियों से जनहित में शांति और व्यवस्था बनाए रखने तथा भ्रामक खबरों के प्रसार से बचने की भी अपील की है।

### जनसुनवाई में सख्त दिखे डीएम शैलेष कुमार, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**भदोही।** जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जन शिकायतों की सुनवाई करने और पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य और विजय नारायण सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कीलर रोड ने फिर निगली एक जिंदगी



**मीरजापुर।** किलर रोड के नाम से मशहूर वाराणसी शक्तिनगर सोनभद्र मार्ग आए दिन किसी न किसी दुर्घटनाओं से चर्चा में बना रहता है। गुरुवार शाम 5:00 बजे के लगभग अहरौरा के निकट घाटमपुर तिराहे पर एक ऐसा खौफनाक मंजर देखने को मिला की सबकी आंखें नम हो गई। राखड ट्रेलर द्वारा पति-पत्नी और बच्चे के साथ बाइक सवार को धक्का लग गया, जिसके चपेट में आने से पत्नी सीमा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुड़हुवा ,शिकारगंज जनपद चंदौली निवासी सर्वेश कुमार यादव अपनी पत्नी सीमा उम्र 35 वर्ष पुत्र अंकित उम्र 12 वर्ष के साथ वाराणसी से दवा लेकर लौट रहे थे, घाटमपुर तिराहे के समीप पीछे से आ रही राखड ट्रेलर के चपेट में आ गए,जिससे पिता पुत्र दूर जाकर गिरे, वही सीमा ट्रक की चपेट में आ गई और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर एसडीएम को बुलाने और स्पीड ब्रेकर की मांग करने लगे। रोड के दोनों तरफ वाहन के लंबे कतार लग गए।2 घंटे बाद एसडीम के पहुंचने पर लोगों को समझा बूझाकर शांत कराया गया उसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जूट गई।

# रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीखड़, मीरजापुर।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा मीरजापुर में चल रहे रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन। इस अवसर पर दैनिक उपस्थिति , प्रार्थना , ध्वज शिष्टाचार के बाद समस्त रोवर्स रेंजर्स ने दीक्षा संस्कार लेते हुए सिद्धांत और प्रतिज्ञा को दोहराया। तत्पश्चात प्रतिभागियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा समग्र प्रदर्शन के आधार पर रेंजर्स निपुण की टोली संख्या एक ने प्रथम, टोली तीन ने द्वितीय तथा टोली तीन और चार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। रेंजर्स प्रवेश की टोली संख्या तीन ने प्रथम तथा टोली संख्या एक और दो ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। रोवर्स निपुण की टीम ने प्रथम तथा प्रवेश की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप पूरे प्रशिक्षण सत्र के दौरान जो भी सीखते हो उससे आपका वैयक्तिक विकास तो होता ही साथ में आप अगर उसे वास्तविक रूप से समाज सेवा में अर्पित करते हो तो निःसंदेह हमारा समाज लाभान्वित होगा। समाज को जागरूक करना और उन तक जीवन की विपरीत परिस्थितियों में जीने की कला का प्रसार करना आपकी नैतिक जिम्मेदारी है। वही सप्त दिवसीय विशेष शिविर कैम्प में प्रो रविंद्र कुमार, समन्वयक, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी की उपस्थित हुए जिनका सभी छात्र छात्राओं ने भव्य स्वागत किया। समस्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र सिंह, डॉ. प्रेम यादव व अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो मृणालिनी सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

## त्योहारों से पहले प्रशासन अलर्ट, घोसिया बाजार में डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च



**भदोही।** आगामी त्योहार अलविदा जुमा, ईद, नवरात्रि और रामनवमी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना औराई क्षेत्र के घोसिया बाजार में पैदल गश्त व फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों और चौराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की सघन चेकिंग की गई। अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर आपसी सौहार्द और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में लगातार निगरानी और चेकिंग के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

# रोजगार मेले में 960 युवाओं को मिला रोजगार, ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बांटा नियुक्ति पत्र




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने शुक्रवार को काशी नरेश पीजी महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय विशाल रोजगार मेले का समापन करते हुए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र और ऑफर लेटर वितरित किए। रोजगार मेले में 83 कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें करीब 4000 युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें से 960 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ। मौके पर ही ऑफर लेटर मिलने से चयनित युवाओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि ऐसे रोजगार मेले युवाओं को रोजगार के अवसर देने के साथ उनके भविष्य को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने युवाओं से अपने कौशल को लगातार बढ़ाने और पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की।

मंत्री ने रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, पूर्व विधायक रवींद्र नाथ त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद रहे।

## भदोही में गेहूँ खरीद के लिए 33 क्रय केंद्र स्वीकृत, एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जनपद में गेहूँ खरीद की तैयारी तेज कर दी गई है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत पहले से स्वीकृत 23 गेहूँ क्रय केंद्रों के अतिरिक्त 10 और केंद्रों को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही जनपद में अब कुल 33 गेहूँ क्रय केंद्र संचालित किए जाएंगे।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार इन केंद्रों में खाद्य विभाग के 17, पीसीएफ के 15 तथा भारतीय खाद्य निगम का 1 केंद्र शामिल है। तहसीलवार व्यवस्था के तहत ज्ञानपुर में 11, औराई में 6 तथा भदोही तहसील में 16 गेहूँ क्रय केंद्र संचालित किए जाएंगे। इनमें से कुछ केंद्रों को मोबाइल गेहूँ क्रय केंद्र के रूप में भी संचालित किया जाएगा, जिससे किसानों को अपने क्षेत्र में ही सुविधा मिल सके।

सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद है।गेहूँ बेचने के लिए किसानों का पंजीकरण शुरू हो चुका है। किसान अपने मोबाइल, किसान मित्र ऐप या साइबर कैफे के माध्यम से विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं। खरीदे गए गेहूँ का भुगतान किसानों के आधार लिंक्ड और एनपीसीआई मैप्ड बैंक खातों में सीधे किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूँ खरीद से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी शिशिर कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार पारदर्शिता के साथ गेहूँ खरीद कराई जाएगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

## एसपी ने ली शुक्रवार परेड की सलामी, व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



**भदोही।** पुलिस लाइन ज्ञानपुर में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा प्रशिक्षण ले रहे नवचयनित आरक्षियों की पीटी और परेड का भी निरीक्षण किया गया। परेड के बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर में 112 टीम, यातायात कार्यालय, लाइब्रेरी, मनोरंजन कक्ष, विवेचना कक्ष, अतिथि गृह, भोजनालय, रेडियो शाखा और निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों की जांच कर संबंधित अधिकारियों को कार्य व्यवस्था और अनुशासन को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए।

# स्वयंसेवकों नें मलिन बस्ती में शिक्षा एवं साक्षरता का जगाया अलख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय चुनार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सत्र-2025-26 के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिन का शुभारम्भ शुक्रवार को प्राचार्य प्रो. (डॉ.) माधवी शुक्ला के दिशानिर्देश मे प्रेरणा गीत से किया गया हुआ।विशेष शिविर कार्यक्रम को चार सत्र में बांटा गया है, जिसमें योग( 8-9), ग्रामीण कार्य/ अनुभवजन्य अधिगम (11-1) बौद्धिक( 2- 5) एवं सांस्कृतिक सत्र( 7- 10) शामिल है।शारीरिक शिक्षा व क्रीड़ा विभाग प्रभारी डॉ. अरविन्द कुमार द्वारा योग सप्ताह सत्र( 8-9) के अंतर्गत तृतीय दिन शिविरार्थियों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों( टोली नो. 1) द्वारा तैयार नाश्ता किया गया। ग्रामीण/अनुभवजन्य अधिगम( 11 से 1) में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में मलिन बस्ती पिरल्लीपुर ग्राम में स्वयंसेवकों द्वारा लोगो के बीच शिक्षा एवं साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गई एवं प्राथमिक विद्यालय पिरल्लीपुर एवं आंगनवाड़ी केंद्र पर बौद्धिक सत्र( 2-5) का आयोजन किया गया, जिसका संचालन डॉ दीप नारायण ने किया। जिसमें प्राथमिक एवं पूर्व प्राथमिक स्तर के बच्चों से शिविरार्थियों ने चर्चा की जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों अर्पिता,रूपाली, अर्चना,किशन एवं दिलीप ने अनुभव साझा किया कि निपुण लक्ष्य को पाकर निपुण बने।

विशेष सत्र में रुद्र प्रताप सिंह , ज्योति यादव एवं अंजलि दुबे ने शिक्षा एवं प्रेरक गीतों से नौनिहालों को रोमांचित कर दिया। प्राथमिक विद्यालय पिरल्लीपुर के शिक्षामित्र अजय कुमार सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ने पिरल्लीपुर ग्राम पंचायत में सामुदायिक एवं शैक्षिक वातावरण बनाने का काम कर रहा है।रैली का मुख्य ध्येय शैक्षिक वातावरण को सृजित करना है।रैली में शिक्षा,नशा , स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता के नारे लगाये गये। बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. दीप नारायण असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र एवं डॉ.अरविन्द कुमार रहे।शिक्षा के सभी पक्षों को विस्तृत रूप में प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपक कुमार सिंह ने किया द्य शिविर मे 50 स्वयंसेवक/स्वयं-सेविकाएँ उपस्थित रही।

# स्टैटिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक व ग्रीन गुरु जी ने मिलकर किया पौध रोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मीरजापुर।** 3908 वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक, सचिव, अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी, मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा गंगा सेवक सम्मान से सम्मानित, प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज, पचोखरा, मीरजापुर, नमामि गंगे, जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति सदस्य,मीरजापुर ,ब्रांड अम्बेस्डर तथा ध्वजारोहक स्वच्छता, नगरपालिका परिषद, मीरजापुर द्वारा 01 जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3908 वें दिन के क्रम में हाई स्कूल/इण्टर मीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025-26 के अंतिम दिन स्टैटिक मजिस्ट्रेट, राकेश यादव, सहायक विकास अधिकारी, विकास खण्ड, राजगढ़ व अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापिका, श्रीमती प्रिया जायसवाल, सहायक अध्यापिका,राजकीय हाई स्कूल रोजौहा, पटेहरा के साथ केन्द्र ब्यवस्थापक/प्रधानाचार्य, अनिल कुमार सिंह( ग्रीन गुरु जी ) ने शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज, पचोखरा, मीरजापुर के परिसर के गमले में बोगेनवीलिया के पौध का रोपण किया।

पौध रोपण के समय घनश्याम जी, अवधेश राम, विमल कुमार सिंह, राम अनुज साथ मे थे। इस अवसर पर ग्रीन गुरु जी ने स्टैटिक मजिस्ट्रेट को अभियान का कप, अतिरिक्त केन्द्र ब्यवस्थापिका को कप व मीठी नीम का पौध, आरक्षी सूरज कुमार को अभियान का बैग, होमगार्ड, गुरुचरन मौर्य को बैग व परीक्षा सहायक, विमल कुमार सिंह को बैग तथा अदाणी फाउंडेशन से आए प्रतिनिधियों को वोगेनवीलिया के पौध के साथ अभियान का कप भेंट करते हुए,बतलाया कि लगातार प्रतिदिन जगह-जगह पौध रोपण का उद्देश्य हरा- भरा रहे धरा, पर्यावरण शुद्ध रहे, लोगों में पौध रोपण व संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है।

## एलपीजी गैस सिलिंडर को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन



● गैस को लेकर जनता परेशानः देवी प्रसाद चौधरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिर्जापुर।** एलपीजी गैस सिलिंडर को लेकर जिले में हुई किल्लत पर शुक्रवार को सपा ने प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में नेताओं व पदाधिकारियों ने हाथों में गैस सिलिंडर को लेकर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह को ज्ञापन सौंपकर किल्लत दूर करने की मांग की। ज्ञापन में जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि पूरे देश में एलपीजी गैस सिलिंडर की किल्लत है, जिसकी वजह से जिले की जनता बहुत परेशान है। गैस की किल्लत से जनता को सही समय पर बुकिंग के बाद भी गैस नहीं मिल पा रही है, जिसकी वजह से रसोई पर गहरा असर देखा जा रहा है। रमजान जैसा पवित्र महीना और शादी व भंडारे का भी समय चल रहा है। बहुत लोगों ने शादियों की तारीख तय कर ली है। उनके सामने गैस का बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस अवसर पर आदर्श यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्दर पटेल, सतीश मिश्रा, शैलेष पटेल, झल्लू यादव, कौशिक कौनिजिया, रामप्यारे गोंड, प्रिंस राव, जेपी यादव, रवि सोनकर, मेवालाल प्रजापति, शिवकुमार यादव, दीनानाथ प्रजापति, सुरेश यादव, रामजी यादव, धनंजय सिंह, सौरभ पटेल, पतालू यादव, सुबाष पटेल, विरेन्दर यादव आदि मौजूद रहे।

## गोपीगंज में युवक से मारपीट, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा
पुलिस 112 आपात सेवाएं

**भदोही।** थाना गोपीगंज क्षेत्र के पूरेटीका गांव में रास्ते में रोककर एक व्यक्ति से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के राकेश बिन्द और सुकुरु ने राधेश्याम बिन्द को रोककर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने महिला सफाई मित्रों को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मीरजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत 'नारी लीड्स स्वच्छता' पहल के तहत नगर की साफ सफाई में विशेष योगदान देने वाली महिला सफाई मित्रों को नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी द्वारा सम्मानित किया गया।बता दे आठ मार्च से चौदह मार्च तक चलने वाले इस 'नारी लीड्स स्वच्छता' पहल के तहत महिला सफाई मित्रों के नेतृत्व और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा,महिला मित्र सुरक्षा के अंतर्गत महिला सफाई मित्रों का चिकित्सीय जांच किया जाएगा,इसके साथ ही महिलाओं के नेतृत्व में सफाई को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।आज इसी अभियान के अंतर्गत शहर की सफाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला सफाई मित्रों को नपाध्यक्ष ने अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया है।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा है कि पूरे नगर की सफाई में महिला सफाई मित्रों का विशेष योगदान रहता है,उनके कठिन परिश्रम के कारण हमारे आस पास सफाई रहती है। ये महिला सफाई मित्र नारी सशक्तिकरण की उदाहरण है और अन्य महिलाओं के लिए भी समाज में प्रेरणा स्त्रोत है।आज इन सभी महिला सफाई मित्रों को सम्मानित करने का काम किया गया है।इसके साथ ही शिविर लगाकर इनकी चिकित्सीय जांच भी कराई जा रही है।उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही इसके नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाल कर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जायेगा।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती नीलम प्रभात सदस्य उत्तर प्रदेश महिला आयोग एवं नगर अध्यक्ष डॉली अग्रहरि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जौनपुर में CSC संचालक को लूटने वाले बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के गोसाईंपुर गांव निवासी सहज जनसेवा केंद्र संचालक प्रेमचंद्र यादव को बुधवार की रात गोली से घायल कर रुपये भरा बैग, मोबाइल फोन व दोपहिया वाहन लूटने वाले बदमाशों को पुलिस ने गुरुवार रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसमे से एक को पैर में गोली लगी है। पुलिस टीम जफराबाद थाना क्षेत्र के कबूलपुर पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर तीन बदमाश दिखे। इस दौरान मुठभेड़ में गौराबादशाहपुर निवासी आदर्श यादव को पैर में गीली लगने के बाद दबोच लिया गया। साथ ही दिवाकर व अमन यादव को भी पुलिस टीम ने दबोच लिया। उधर, घायल युवक का बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है।

# गैस सिलेंडरों की घटतौली, मुनाफाखोरी व अवैध भंडारण पर होगी कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोहीः-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के लगभग 40 गैस एजेंसी संचालकों, जनपदीय बिक्री अधिकारियों, खाद्य एवं रसद विभाग के समस्त अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में घरेलू गैस सिलेंडरों में घटतौली, मुनाफाखोरी अथवा अवैध भंडारण/संग्रहण की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। यदि ऐसा पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के उपभोक्ताओं को ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जनपद में संचालित 42 गैस एजेंसियों के माध्यम से घरेलू गैस सिलेंडरों की सतत आपूर्ति कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि विगत महीनों की भांति ही उपभोक्ताओं की बुकिंग के सापेक्ष निर्धारित समयावधि में होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा जनपद में ईंधन आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं है।

जिलाधिकारी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडरों का संग्रहण (होर्डिंग) न करे और न ही किसी गैस एजेंसी पर नियमों के विरुद्ध मांग प्रस्तुत करें।उन्होंने कहा कि उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस बल को भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ता केवल उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद प्रशासन द्वारा जारी की जाने वाली आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें तथा ईंधन आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जनपद प्रशासन सभी उपभोक्ताओं को समयबद्ध रूप से ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए पूर्ण रूप से संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है। अतः आमजन किसी भी प्रकार की अफवाह से प्रभावित न हों और अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर, पे भंडारण न करें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुंवर वीरेंद्र मौर्य, जिला पूर्ति अधिकारी, संबंधित सप्लाई इंस्पेक्टर, विभिन्न गैस एजेंसियों के संचालक तथा एचपी, भारत और इंडेन गैस कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जुमे की नमाज़ को लेकर करेली में पुलिस ने किया पैदल मार्च



**प्रयागराज।** शुक्रवार को करेली थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पैदल मार्च किया गया। यह मार्च एसीपी अतरसुइया राज कुमार मीना के नेतृत्व में निकाला गया, जिसमें थाना करेली के थानाध्यक्ष और उनकी पूरी पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस का यह पैदल मार्च करेली क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, बाजारों तथा संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और राहगीरों से संवाद करते हुए उन्हें आगामी अलविदा जुमे की नमाज़ के अवसर पर शांति, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। मस्जिदों और नमाज़ स्थलों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी लोग पर्व को शांति और सुरक्षित वातावरण में मना सकें। पैदल मार्च के दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और स्थानीय लोगों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### उतरांव पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**प्रयागराज।** कमिश्नरेट प्रयागराज के थाना उतरांव पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने शुक्रवार को अभियुक्त को उसके गांव के पास से पकड़कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना उतरांव पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 46/2026, धारा 62/ 65(2)/115(2) भारतीय न्याय संहिता तथा 9ख/10 पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में थाना उतरांव की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुनीम उर्फ अजय यादव पुत्र कमलेश कुमार निवासी ग्राम आराकलाँ थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज के रूप में हुई है। अभियुक्त की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने उसे शुक्रवार 13 मार्च 2026 को थाना उतरांव क्षेत्र के अंतर्गत उसके निवास ग्राम आराकलाँ के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ दर्ज मुकदमे में गंभीर धाराएं लगी हैं और वह काफी समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई है।

### नैनी जमा मस्जिद स्टेशन रोड स्थित ईदगाह में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई

**नैनी, प्रयागराज।** स्टेशन रोड स्थित जामा मस्जिद ईदगाह में अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने नमाज पढ़ी और इसी के साथ ही साथ नमाजियों ने प्रशासन का सहयोग करते हुए बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की। इस मौके पर नैनी ईदगाह कमेटी के सचिव समाजसेवी नाजिम खान ने कहा कि मस्जिद में मुल्क की तरक्की और आपसी भाईचारा के लिए दुआ किया गया।आज अलविदा जुमा को मस्जिद में इफ्तार का भी आयोजन किया गया है। यह ईदगाह नैनी शहर का प्रमुख ईदगाह है इस्लामी भाषा में इसको मैन मरकज कहा जाता है। इस मौके पर नैनी जामा मस्जिद के इन्तेजामिया कमेटी के लोगों ने कहा कि नैनी ईदगाह की खासियत यह है इस ईदगाह में नैनी के आसपास के सभी गांव के लोग नमाज पढ़ने आते हैं इंशाल्लाह इसी ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज सुबह 8:30 बजे अदा की जाएगी।वहीँ इस बार ईद उल फ़ित्र की नमाज़ मुफ़्ती शहंशाह आलम मिस्बाही साहब नमाज़ पढ़ाएंगे। इस मौके पर कारी अयूब अहमद साहब, मौलाना आलम साहब,हाफिज मोहम्मद अनस, हाजी हलीम,शाह आलम, शाफजल भाई,हाशिम खान,मकसूद भाई,अमन, अरशद, इस्तियाक, मस्जिद के आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रज्जू भैया विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं का हंगामा, फेल किए जाने के विरोध में नारेबाजी

**● नियमों के विपरीत परिणाम जारी करने का आरोप, आक्रोशित छात्रों ने वाहनों को भी रोका**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित में शुक्रवार को एक बार फिर छात्र-छात्राओं का आक्रोश देखने को मिला। परीक्षा परिणाम में कथित गड़बड़ी और नियमों के विपरीत फेल किए जाने के आरोप को लेकर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय परिसर पहुंच गए और जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में कई विद्यार्थियों को बिना उचित कारण फेल कर दिया गया है। छात्रों का आरोप है कि कॉपियों का सही मूल्यांकन नहीं किया गया और कई ऐसे विद्यार्थी भी अनुत्तीर्ण घोषित कर दिए गए हैं जिनकी परीक्षा अच्छी गई थी। इससे छात्रों में भारी नाराजगी और आक्रोश फैल गया।

आक्रोशित छात्र- छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर में इकट्ठा होकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ देर के लिए परिसर के अंदर आने-जाने वाले वाहनों को भी रोक दिया गया, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। छात्रों की भीड़ को देखकर विश्वविद्यालय परिसर में भारी हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि परीक्षा परिणाम की दोबारा जांच नहीं कराई गई और उन्हें न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से परिणाम की पुनः जांच कराने और जिन छात्रों को गलत तरीके से फेल किया गया है, उन्हें न्याय देने की मांग की।

गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी मुद्दे को लेकर छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया था। बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं होने से एक बार फिर छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में परिसर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। फिलहाल हंगामा और नारेबाजी का सिलसिला देर तक चलता रहा। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से मामले को शांत कराने का प्रयास किया गया और छात्रों को आश्वासन दिया गया कि उनकी शिकायतों की जांच कराई जाएगी।

### मतदाता जागरूकता रैली एवं यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया




**कोराव, प्रयागराज।** शिविर के तीसरे दिन राष्ट्रीय योजना के लक्ष्य जीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई तत्पश्चात एनएसएस के स्वयंसेवक सेविका द्वारा लोगों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा रैली निकाली गई, जिसमें गांव/क्षेत्र के लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। स्वयंसेवकों ने 'पहले मतदान फिर जलपान','मतदान करना है हमारा अधिकार'जैसे नारे लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया। रैली के दौरान हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नशे में वाहन न चलाने तथा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती उमा सिंह के निर्देशानुसार संचालित हो रहा है। इस कार्यक्रम मे प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह डॉ अशोक उत्तम डॉ0 वी0 पी0 सिंह, डॉ अजय सिंह, संध्या पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, बृजेश कुमार और ग्रामीण उपस्थित।

## अलविदा जुमा को लेकर प्रयागराज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, जामा मस्जिद के बाहर पुलिस प्रशासन का सख्त पहरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज** पवित्र रमजान माह के आखिरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमा की नमाज को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रशासन ने प्रमुख मस्जिदों, खासकर जामा मस्जिद के आसपास सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। नमाज के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था या भीड़ नियंत्रण की समस्या न हो, इसके लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में नमाजी जामा मस्जिद और शहर की अन्य मस्जिदों में पहुंचते हैं। इसे देखते हुए जामा मस्जिद के मुख्य द्वार और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं और संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग भी की गई है।

प्रशासन की ओर से ट्रैफिक व्यवस्था को भी विशेष रूप से दुरुस्त किया गया है ताकि नमाज के समय यातायात प्रभावित न हो। कई स्थानों पर यातायात डायवर्जन लागू किया गया है और ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया है। इसके अलावा ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर जामा मस्जिद और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। पीएसी और स्थानीय पुलिस के जवान लगातार निगरानी कर रहे हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है।

प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे शांति और सौहार्द बनाए रखें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और सहयोग बनाए रखने की भी अपील की गई है। अलविदा जुमा रमजान के महीने का आखिरी शुक्रवार होता है, जिसे मुस्लिम समुदाय में विशेष महत्व दिया जाता है। इस दिन बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा करते हैं और अमन-चैन की दुआ मांगते हैं।

## जारी बाजार में लाखों की चोरी, साई टायर्स की दुकान का शटर तोड़कर टायर ले गए चोर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कौंधियारा क्षेत्र अंतर्गत जारी बाजार में बीती रात चोरों ने एक टायर की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार जारी बाजार स्थित साई टायर्स के संचालक दिलीप कुमार केसरवानी की दुकान में देर रात अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने दुकान में रखे महंगे टायरों को चार पहिया वाहन में लाद लिया और मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि चोरी किए गए टायरों की कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई जा रही है।

सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो शटर टूटा देख उनके होश उड़ गए। दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और बड़ी संख्या में टायर गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। बताया जा रहा है कि पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में कुछ लोग चार पहिया वाहन में टायर लादते हुए दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस की गश्त सक्रिय रहती तो इतनी बड़ी चोरी की घटना नहीं होती। सूत्रों के अनुसार पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### मंडल में नए पदों का गठन, विकास श्रीवास्तव बने मंडल उपाध्यक्ष



**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित मंडल में शुक्रवार को नए पदों के गठन के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का आयोजन जायसवाल नगर स्थित अभय राज हॉस्पिटल में किया गया। कार्यक्रम में जमुनापार के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने मंडल के पदाधिकारियों को सम्मानित किया और उन्हें संगठन के हित में सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।नए पदों के गठन के अंतर्गत विकास श्रीवास्तव को मंडल उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हरिकृष्ण पांडे, मंडल उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, मंडल महामंत्री के.के. शुक्ला, मंडल मंत्री आलोक भारतीय, बूथ अध्यक्ष भारत भूषण तिवारी सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम औद्योगिक थाना के पास संपन्न हुआ।

## अलविदा की नमाज के बाद दो पक्षों में फायरिंग, महिला समेत दो लोग घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** शहर के इलाके में शुक्रवार को अलविदा की नमाज के बाद दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कहासुनी के दौरान हुई फायरिंग में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना के भीटी इलाके की है। बताया जा रहा है कि करीब 15 दिन पहले फुजैल के लड़कों और नजर नाम के युवक के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें नजर के साथ मारपीट की गई थी। उस समय स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया था।

सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को अलविदा की नमाज के बाद फुजैल और नजर आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। इसी दौरान नजर ने कथित तौर पर चेतावनी दी कि अगर दोबारा उस पर हाथ उठाया गया तो वह गोली मार देगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और गुस्से में आकर नजर ने कथित तौर पर देशी तमंचे से फायर कर दिया। फायरिंग के दौरान पास में खड़ी फुजैल की पत्नी और उसका भतीजा गोली लगने से घायल हो गए। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

## आम के पेड़ से लटका मिला किशोर का शव, कार्रवाई की मांग पर अड़े ग्रामीण

**●पुलिस के आश्वासन के बाद 8 घंटे बाद उतारा गया शव।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र के भदारी गांव में गुरुवार को एक 17 वर्षीय किशोर का शव आम के पेड़ से लटका मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन परिजन और ग्रामीण कार्रवाई की मांग को लेकर शव को पेड़ से नीचे उतारने नहीं दे रहे थे। करीब आठ घंटे तक चले हंगामे और पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद आखिरकार शव को पेड़ से उतारा गया। मृतक की पहचान शुभम भारती (17) पुत्र बिंदु शेखर पासी, निवासी भदारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शुभम ने हाल ही में हाईस्कूल (दसवीं) की परीक्षा पास की थी और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिवार में उसकी तीन बहनें शिवांगी, शैलेन्द्री और शैल हैं। पिता बिंदु शेखर पासी पेशे से राजगीर (मिस्त्री) हैं, जबकि मां सीमा देवी गृहिणी हैं। परिजनों के अनुसार घर के पीछे करीब 50 मीटर दूर स्थित बगीचे में आम के पेड़ की डाल से साड़ी के फंदे के सहारे शुभम का शव लटका मिला। बताया जा रहा है कि गुरुवार को दिनभर शुभम घर पर नहीं दिखा, जिसके बाद परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे थे। काफी खोजबीन के बाद शाम के समय बगीचे में उसका शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। यह दृश्य देखते ही परिवार में कोहराम मच गया और देखते ही देखते गांव में लोगों की भीड़ जुट गई।

ग्रामीणों के मुताबिक गांव में आई एक बारात के दौरान शुभम और गांव के ही आशु के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस विवाद को लेकर आशु ने बुधवार को थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। गुरुवार को पुलिस मामले की जांच के लिए गांव पहुंची थी। इस दौरान पुलिस शुभम की तलाश कर रही थी, लेकिन वह घर पर नहीं मिला। बताया जाता है कि पुलिस शुभम के पिता को पूछताछ के लिए थाने ले जाने लगी थी, तभी शुभम की मां की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया।

शाम को जब बगीचे में शुभम का शव पेड़ से लटका मिला तो पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया और घटना संदिग्ध नजर आने लगी। परिजन और ग्रामीणों ने इसे संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने शव को पेड़ से नीचे उतारने से मना कर दिया और मौके पर जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली बातचीत और उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद करीब आठ घंटे बाद शव को पेड़ से नीचे उतारा गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। वहीं गांव में इस घटना को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।



मृतक शुभम

# इलाहाबाद संग्रहालय में 'एकल वस्तु प्रदर्शनी' का शुभारम्भ, सोने की म्यान का पाक्षिक प्रदर्शन शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज स्थित इलाहाबाद संग्रहालय में 'एकल वस्तु प्रदर्शनी' श्रृंखला के अंतर्गत सोने की म्यान (स्कैबर्ड) के पाक्षिक प्रदर्शन का शुक्रवार को शुभारम्भ किया गया। इस विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण ने किया। इस अवसर पर मंडलायुक्त प्रयागराज एवं संग्रहालय की निदेशक सौम्या अग्रवाल सहित संग्रहालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मंडलायुक्त मुख्य अतिथि ने प्रदर्शित सोने की म्यान का अवलोकन करते हुए इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह म्यान अरब और भारत के बीच ऐतिहासिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है।

मुख्य अतिथि ज्योति नारायण ने संग्रहालय द्वारा शुरू की गई 'एकल वस्तु प्रदर्शनी' की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से आमजन को दुर्लभ और ऐतिहासिक धरोहरों को नजदीक से देखने का अवसर मिलेगा। इससे लोगों में इतिहास और विरासत के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। मंडलायुक्त एवं संग्रहालय निदेशक सौम्या अग्रवाल ने बताया कि संग्रहालयों का प्रमुख उद्देश्य समाज को उसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों से जोड़ना है। संग्रहालय न केवल अतीत की अमूल्य विरासत को संरक्षित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को इतिहास, कला और संस्कृति से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं।

उन्होंने बताया कि इलाहाबाद संग्रहालय में अनेक महत्वपूर्ण और दुर्लभ वस्तुएं सुरक्षित हैं, जिनमें से कई स्थानाभाव के कारण स्थायी प्रदर्शनी में प्रदर्शित नहीं हो पातीं। इसी को ध्यान में रखते हुए संग्रहालय समिति ने निर्णय लिया है कि ऐसी दुर्लभ एवं अब तक अप्रदर्शित वस्तुओं को 'एकल वस्तु प्रदर्शनी' के माध्यम से प्रत्येक पखवाड़े जनता के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। इस श्रृंखला की शुरुआत सोने की म्यान के प्रदर्शन से की गई है। निदेशक के अनुसार सोने से निर्मित यह म्यान लगभग 400 ग्राम वजनी है। इसे एक अरब देश के शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल को उपहार स्वरूप भेंट किया गया था। बाद में राष्ट्रीय धरोहर के रूप में इसके संरक्षण और आम जनता को इसके अवलोकन का अवसर देने के उद्देश्य से राजभवन उत्तर प्रदेश द्वारा इसे इलाहाबाद संग्रहालय को सौंप दिया गया। वर्तमान में यह म्यान संग्रहालय में सुरक्षित रूप से संरक्षित है।



संग्रहालय प्रशासन ने पर्यटकों और शहरवासियों को संग्रहालय से जोड़ने के लिए कई नई पहलें भी शुरू की हैं। इनमें विषय आधारित प्रदर्शनी, विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण, विशेष मार्गदर्शित टूर, कला और इतिहास पर संवाद कार्यक्रम तथा डिजिटल माध्यमों से संग्रहालय की धरोहरों को व्यापक रूप से प्रस्तुत करने जैसे प्रयास शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य संग्रहालय को एक जीवंत सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करना है, जहां आमजन, शोधकर्ता और कला प्रेमी नियमित रूप से आकर ज्ञान और प्रेरणा प्राप्त कर सकें। इस प्रदर्शनी का संयोजन सहायक संग्रहाध्यक्ष डॉ. संजू मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदर्शनी प्रभारी डॉ. अजय कुमार मिश्र, डॉ. राजेश कुमार मिश्र, श्वेता सिंह, डॉ. वामन वानखेड़े, सुनील कुमार पाण्डेय, सोनिका तिवारी, शशांक त्रिपाठी, शैलेश कुमार सोनू तथा डॉ. सुशील सहित संग्रहालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेटी की मौत पर पिता के साथ रोता रहा पालतू कुत्ता, उस्मापुर में भावुक कर देने वाला दृश्य

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, बेजुबान साथी ने भी मालिक के दर्द में निभाया साथ।**



**प्रयागराज।** उतराव थाना क्षेत्र के उस्मापुर गांव में शुक्रवार को एक बेहद भावुक और दिल को झकझोर देने वाला दृश्य सामने आया। गांव की एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बेटी की असमय मौत से घर में मातम पसरा हुआ है और परिजन गहरे सदमे में हैं। इस दुखद घटना के बीच एक ऐसा दृश्य भी देखने को मिला जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं। मृतका के पिता के पास उनका पालतू कुत्ता लगातार बैठा रहा। पिता जहां अपनी बेटी के जाने के गम में रोते रहे, वहीं कुत्ता भी उनके पास से हटने को तैयार नहीं था। वह कभी पिता के पास सिर झुकाकर बैठ जाता तो कभी उनके पैरों के पास लेट जाता, मानो वह भी अपने मालिक के दर्द को महसूस कर रहा हो।

गांव के लोगों का कहना है कि यह कुत्ता परिवार के साथ लंबे समय से रह रहा है और घर के हर सदस्य से बेहद लगाव रखता था। बेटी के निधन के बाद से वह भी काफी बेचैन दिखाई दे रहा है और लगातार घर के आसपास ही मंडराता रहा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घर पहुंच गए और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। हर किसी की जुबान पर यही चर्चा रही कि बेजुबान जानवर भी इंसानों के दुख-सुख को कितनी गहराई से समझते हैं। पिता के साथ बैठे कुत्ते का यह भावुक दृश्य वहां मौजूद लोगों को अंदर तक झकझोर गया। फिलहाल गांव में शोक का माहौल है और परिवार गहरे सदमे में है। यह घटना एक बार फिर यह एहसास कराती है कि इंसान ही नहीं, बल्कि बेजुबान जानवर भी अपने मालिक के दर्द को महसूस करते हैं और मुश्किल घड़ी में उनका साथ नहीं छोड़ते।

## अफवाहों पर न दें ध्यान, प्रयागराज में एलपीजी गैस की आपूर्ति पर्याप्त- जिलाधिकारी मनीष वर्मा

**●प्रशासन के दावों के बीच गैस न मिलने से जनता परेशान।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** ईरान-इजराइल एवं मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के कारण इंधन की कमी होने संबंधी अफवाहों को देखते हुए शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तेल कंपनियों और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त पुलिस मुख्यालय, अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति), जिला पूर्ति अधिकारी, जनपद के सभी उपजिलाधिकारी, आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के डिवीजनल व डिपो अधिकारी, सेल्स ऑफिसर, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक तथा गैस एजेंसी संचालक शामिल हुए। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक अफवाहों, सर्वर संबंधी दिक्कतों और ई-केवाईसी के बाद ही बुकिंग की प्रक्रिया के कारण उपभोक्ताओं में अतिरिक्त सिलेंडर की मांग बढ़ गई है, जिससे गैस एजेंसियों पर भीड़ देखी जा रही है। हालांकि जनपद की 144 गैस एजेंसियों के माध्यम से सभी उपभोक्ताओं को घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।

तेल कंपनियों के अधिकारियों ने भी स्पष्ट किया कि जनपद में एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और मांग के अनुरूप आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है। ऑनलाइन बुकिंग के लिए आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के सर्वर भी सक्रिय हो गए हैं तथा मैनुअल बुकिंग की सुविधा भी शुरू कर दी गई है। वर्तमान व्यवस्था के तहत शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता रिफिल प्राप्त करने के 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता 45 दिन बाद ही अगला सिलेंडर बुक कर सकेंगे। उपभोक्ता मोबाइल या 'स्मार्ट बुकिंग मोड ऐप' के माध्यम से बुकिंग कर डीएसी (ऑथेंटिकेशन कोड) बताकर नियमानुसार गैस रिफिल प्राप्त कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं घरेलू गैस सिलेंडरों का अनधिकृत भंडारण, डायवर्जन, ओवररेटिंग या कालाबाजारी न हो। यदि ऐसी कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 तथा भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गैस एजेंसियों को अपने परिसर के बाहर स्टॉक का प्रदर्शन करने, केवाईसी के लिए अलग काउंटर बनाने, उपभोक्ताओं से अच्छा व्यवहार करने और कार्यालय व गोदामों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए गए।




जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला पूर्ति कार्यालय प्रयागराज में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। वहीं तहसील स्तर पर भी कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि गैस रिफिल और बुकिंग से संबंधित शिकायतों का तत्काल समाधान किया जा सके। संवेदनशील गैस एजेंसियों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के भी निर्देश प्रशासन की ओर से दिए गए हैं। बावजूद इसके ऑन लाइन बुकिंग काम करना बंद हो गया है।गैस एजेंसी वाले मालिक फोन स्विच ऑफ कर लिए है।साहसी गैस एजेंसी में न तो गैस बुक हो रही है न फोन लगता है। जो लोग एजेंसी पर जाते है वहां से खाली हाथ लौट आते है। यही हाल फूलपुर की एजेंसी का है। न आपूर्ति विभाग कुछ कर रहा है न तहसील प्रशासन।

# संक्षिप्त खबरें

## बरसोत पंचायत में सड़क किनारे लगी आग, ग्रामीणों की तत्परता से पाया गया काबू



**सूचना पर अग्निशमन दल व वन विभाग की टीम भी पहुंची, बड़ी घटना टली**

**बरही, झारखंड:-** बरही प्रखंड के बरसोत पंचायत अंतर्गत जीतपुर जाने वाले रास्ते के किनारे अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं, जिसे देखकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए।घटना की सूचना मिलते ही गांव के सूरज चंद्रवंशी, सोनु चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी, राजा चंद्रवंशी, सचिन चंद्रवंशी, प्रेमचंद चंद्रवंशी, सरवन केशरी, अमर केशरी, छोटू केशरी और विशाल चंद्रवंशी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस दौरान स्थानीय मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि मोतीलाल चौधरी ने तत्काल अग्निशमन विभाग और वन विभाग को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन वाहन और वन विभाग के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का काम शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को टाल दिया गया। ग्रामीणों और प्रशासन की तत्परता से आग फैलने से पहले ही स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।

## जवाहर घाट हादसा : 24 घंटे बाद पानी से निकाला गया मछली लदा ट्रक



**बरही पुलिस चालक की तलाश में जुटी, एनडीआरएफ टीम को दी गई सूचना**

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही थाना क्षेत्र के जवाहर घाट में बुधवार रात एक बड़ा हादसा हो गया, जब आंध्रप्रदेश से बिहार की ओर जा रहा मछली लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग तोड़ते हुए करीब 50 फीट गहरे पानी में जा गिरा। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। घटना के दौरान ट्रक का उपचालक किसी तरह वाहन से बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहा, जबकि चालक का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि चालक पानी में डूब गया होगा। गुरुवार को पुलिस प्रशासन ने तीन हाइड्रा मशीनों की मदद से करीब 24 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक को पानी से बाहर निकाला। हालांकि ट्रक के केबिन में चालक नहीं मिला, जिसके बाद लापता चालक की तलाश के लिए एनडीआरएफ टीम को सूचना दी गई है। समाचार लिखे जाने तक एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि बचाव टीम से लगातार संपर्क किया जा रहा है। टीम के पहुंचते ही पानी में लापता चालक की तलाश दोबारा शुरू की जाएगी। घटनास्थल पर एसडीओ जोहन टुडू, डीएसपी अजीत कुमार विमल और थाना प्रभारी विनोद कुमार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। वहीं हादसे की खबर फैलते ही आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग डूबे हुए ट्रक को देखने के लिए घटनास्थल पर पहुंचते रहे।

## शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई अलविदा की नमाज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील लालगंज क्षेत्र में शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में अलविदा की नमाज सम्पन्न हुई।लालगंज कस्बे में बाजार स्थित चांदतारा मस्जिद के साथ ही खालसा सादात, खानापटटी, सांगीपुर, कुम्भीआइमा, पिंजरी, शुकुलपुर, जलेशरगंज, रानीगंज कैथौला, तेजगढ़, सगरा सुंदरपुर, डीहमेंहदी, हण्डौर, लीलापुर आदि मस्जिदों में बड़ी तादात में जुटे अकीदतमंद अलविदा की नमाज में शामिल हुए। अलविदा की नमाज के दौरान पुलिसकर्मी मस्जिदों के आसपास शांति व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखे। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र ने क्षेत्र भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया।

# गोपालगंज मे जदयू का तीसरी बार जिला अध्यक्ष बने प्रमोद कुमार पटेल को लोगों ने दिया बधाई एवं शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपालगंज-** जनता दल यूनाइटेड सांगठनिक चुनाव 2026 संपन्न होने के उपरांत गोपालगंज जिला में जनता दल यूनाइटेड पार्टी जिला अध्यक्ष के पद पर तीसरी बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के लोकप्रिय विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुशंसा पर राज्य निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार मुन्ना ने पार्टी के पुराने साथी और 1994 के संस्थापक सदस्य प्रदेश महासचिव रहे प्रमोद कुमार पटेल को जिला अध्यक्ष निर्वाचित करते हुए एक बार फिर श्री पटेल पर विश्वास पार्टी ने जताया है श्री पटेल इसके पूर्व गोपालगंज में 2016 से 2021 तक जिला अध्यक्ष का कमान संभाल चुके हैं , गोपालगंज जनता दल यूनाइटेड का जिला अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है ! पार्टी के नेताओं ने खुशी का इजहार करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक उमेश सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सह सांसद डॉश आलोक कुमार सुमन, बिहार सरकार के मंत्री सुनील कुमार, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार, वासुदेव कुशवाहा, विधायक सह सचेतक मंजीत कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सह विधायक रामसेवक सिंह कुशवाहा, विधायक सह प्रश्न एंव ध्यानाकर्षण समिति के सभापति अमरेंद्र कुमार पांडेय, मिथिलेश कुमार तिवारी, इंद्रदेव सिंह पटेल, भीष्म प्रताप सिंह कुशवाहा, विधान पार्षद राजीव कुमार, प्रोश डॉश वीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व विधायक रियाजुल हक राजू , छोटेलाल राय, जिला परिषद अध्यक्ष सिवान श्रीमती संगीता यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप कुमार गिरी, जदयू पूर्व जिला अध्यक्ष सदानंद सिंह, आदित्य शंकर शाही , प्रोश अनुजा सिंह, सहित पार्टी एंव एनडीए के हजारों नेताओं, पदाधिकारीयो एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है ! श्री पटेल ने कहा कि संगठन को और धारदार बनाते हुए पुराने साथियों को सम्मानित किया जाएगा और नए साथियों को पार्टी से जोड़ा जाएगा, नीतीश कुमार जी की सरकार मे 20 वर्षो में किए गए विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा !

# तिलैया जलाशय के लिए अधिग्रहित भूमि के नामांतरण का मामला विधानसभा में उठा

**●बरही विधायक मनोज कुमार यादव के सवाल पर राजस्व मंत्री ने दी जानकारी, वन भूमि डी-नोटिफिकेशन के बाद पूरी होगी प्रक्रिया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हज़ारीबाग, झारखंड:-** झारखंड विधानसभा के चल रहे सत्र के दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही अंचल के कई राजस्व ग्रामों की भूमि तिलैया जलाशय के निर्माण के लिए अधिग्रहित किए जाने का मुद्दा उठाया। विधायक ने सरकार से पूछा कि क्या यह सही है कि बरही अंचल के कई राजस्व गांवों की भूमि तिलैया जलाशय निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई है। इस पर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार मंत्री ने इसे स्वीकारात्मक बताते हुए कहा कि तिलैया जलाशय के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया है। इसके बाद विधायक मनोज कुमार यादव ने एक और सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के पुनर्वास एवं अर्जन विभाग द्वारा पत्रांक डीआर/बरही/72 दिनांक 11 नवंबर 2025 के माध्यम से बरही अंचल अधिकारी को संबंधित राजस्व ग्रामों की अधिग्रहित भूमि के दाखिल-खारिज के लिए सभी आवश्यक राजस्व कागजात उपलब्ध कराने को लेकर पत्राचार किया गया है। इस पर मंत्री ने जवाब देते हुए बताया कि निदेशक, डीवीसी (पुनर्वास एवं अर्जन) के उक्त पत्र के आलोक में अंचल अधिकारी बरही ने पत्रांक 1097 दिनांक 24 दिसंबर 2025 के माध्यम से निदेशक, विस्थापित एवं पुनर्वास, डीवीसी से विभिन्न मौजा की भूमि के नामांतरण के लिए आवश्यक राजस्व दस्तावेजों की मांग की है। इनमें बिहार सरकार के संकल्प (दिशानिर्देश), अधिग्रहित भूमि का संपूर्ण अभिलेख, भूमि अधिग्रहण से संबंधित दस्तावेज, 3डी, विक्रय केवाला और अधिसूचना आदि शामिल हैं। मंत्री ने बताया कि डीवीसी द्वारा अधिग्रहित भूमि के नामांतरण की प्रक्रिया विहित प्रावधानों के तहत की जा रही है। हालांकि, कुछ रैयतों के दाखिल-खारिज आवेदन के निष्पादन के दौरान यह सामने आया है कि डीवीसी द्वारा अधिग्रहित अधिकांश भूमि अधिसूचित वन भूमि क्षेत्र के अंतर्गत आती है। ऐसे में वन विभाग द्वारा वन भूमि का डी-नोटिफिकेशन और अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त होने के बाद ही नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। उन्होंने आगे बताया कि रैयती भूमि के दाखिल-खारिज के लिए डीवीसी द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के आधार पर रैयती खातों के खाता, प्लॉट और जमाबंदी को स्पष्ट करने के लिए डीवीसी से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। आवश्यक राजस्व दस्तावेज प्राप्त होने और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दो महीने के भीतर नामांतरण की कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद विधायक मनोज कुमार यादव ने सरकार से यह भी पूछा कि यदि उक्त तथ्यों को स्वीकार किया गया है, तो क्या सरकार अधिग्रहित भूमि से संबंधित सभी राजस्व कागजात डीवीसी को उपलब्ध कराने का विचार रखती है और यदि हां तो कब तक। इस पर मंत्री ने कहा कि संबंधित कंडिकाओं में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है और उसी के अनुरूप कार्रवाई की जा रही है।

## पॉक्सो केस में दोषी को 20 वर्ष की सश्रम कैद

**देवरिया।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत देवरिया पुलिस की प्रभावी पैरवी से पॉक्सो एक्ट के एक मामले में अदालत ने आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। थाना बरियारपुर में दर्ज मु.अ.सं. 152/2023 में धारा 376, 506 भादवि, 67 आईटी एक्ट व पॉक्सो एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त गोलू कुमार पुत्र राधेश्याम प्रसाद निवासी पंसरही थाना बरियारपुर को न्यायालय ने दोषी करार दिया। प्रभावी पैरवी के बाद 12 मार्च 2026 को न्यायालय ने उसे 20 वर्ष की सश्रम कैद और 10 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। इस मामले में विशेष लोक अभियोजक हरिदत्त मिश्रा व सम्पूर्णानंद तिवारी, कोर्ट मुहर्रिर कांस्टेबल सोनू यादव व महिला कांस्टेबल सोनम यादव, पैरवीकार आरक्षी राकेश यादव तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी दुर्गेश कुमार सिंह की अहम भूमिका रही।

## मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर डीसी ने बुलाई बैठक, 16 मार्च तक बीएलए सूची देने का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंड:-** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट (BLA) की नियुक्ति तथा उनकी सूची उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित प्रतिनिधियों को बताया कि अप्रैल माह में झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्षृ) का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर बीएलए की नियुक्ति करना और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देना जरूरी है।

उपायुक्त ने बताया कि पूर्व में आयोजित बैठक में सभी राजनीतिक दलों द्वारा 10 दिनों के भीतर बीएलए की सूची उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं आजसू पार्टी की ओर से ही सूची उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने सभी जिलाध्यक्षों और सचिवों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने बीएलए की सूची एवं संबंधित विवरण 16 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से पहले आवश्यक तैयारियां पूरी की जा सकें। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी अजय रजक, झारखंड मुक्ति मोर्चा के अरुण दुबे, कांग्रेस के गुंजर उरांव, बसपा के मुंगेश्वर राम, आम आदमी पार्टी के प्रमोद पाण्डेय सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## दारू थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**●मेढ़कुरी खुर्द स्थित बलबल धाम के पास छापेमारी कर पुलिस ने 3.43 ग्राम ब्राउन शुगर, नकद राशि और डिजिटल तराजू किया बरामद**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र में नशाखोरी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 12 मार्च 2026 को मेढ़कुरी खुर्द स्थित बलबल धाम के पास की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मेढ़कुरी खुर्द के पास कुछ लोग अवैध नशीले पदार्थों का सेवन और खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर विष्णुगढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वैद्यनाथ प्रसाद के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल जब बलबल धाम, मेढ़कुरी खुर्द पहुंचा तो वहां कुछ लोग जमावड़ा लगाए बैठे थे। पुलिस वाहन को देखते ही सभी भागने लगे, लेकिन सशस्त्र बल की मदद से तीन लोगों को खदेड़कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चंदन कुमार मेहता उर्फ जोधन मेहता (ग्राम घाघरा, थाना दारू), शान कुमार राज उर्फ चिकु (ग्राम जमुआरी, थाना ईचाक) और मनोज कुमार (ग्राम बुजुर्गनानो, थाना आंगो) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने एक अन्य फरार व्यक्ति का नाम कौशिक देव ग्राम पुनाई, थाना दारू बताया है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस द्वारा विधिवत तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से अलग-अलग मात्रा में ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ बरामद किया गया। कुल मिलाकर 3.43 ग्राम ब्राउन शुगर, 1900 रुपये नकद, दो इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल तराजू, नशा करने में उपयोग किए गए मुड़े हुए नोट और बीड़ी का पैकेट बरामद किया गया। पुलिस ने सभी बरामद सामानों को जब्त करते हुए इस मामले में दारू थाना कांड संख्या 17/26 दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 21(ङ्ग), 22(ङ्ग), 27(ङ्ग) और 29 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस छापामारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ वैद्यनाथ प्रसाद, परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कुमार, दारू थाना प्रभारी मो. इकबाल हुसैन, पुलिस अवर निरीक्षक मिथु मुर्मू, आरक्षी बालेश्वर यादव, विजय कुमार तथा चालक शकील अंसारी शामिल थे। पुलिस ने कहा है कि जिले में नशाखोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## झामुमो नेत्री की पहल से गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

**●जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता - उपासना मरांडी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड :-** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय समिति की सदस्या उपासना मरांडी की सराहनीय पहल से पाकुड़िया प्रखंड के लागडुम पंचायत के काटालदीघि ग्राम में बीते शुक्रवार को नया बिजली ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर ग्रामीणों में अत्यधिक प्रसन्नता देखी गई। बताया जाता है कि गांव में एक महीने से ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण ग्रामीणों को विशेषकर रात्रि में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी बाधित हो रही थी। इस समस्या की जानकारी ग्रामीणों ने विधायक पुत्री उपासना मरांडी को दी। इसके बाद उन्होंने तत्परता दिखाते हुए बिजली विभाग को नए सिरे से ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। गांव में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर ग्रामीणों में अपार हर्ष देखा गया। नए बिजली ट्रांसफार्मर के लगने से ग्रामीणों ने उपासना मरांडी के प्रति आभार व्यक्त किया। ट्रांसफार्मर खराब होने से अंधेरे में डूबे गांव में अब फिर से बिजली के प्रकाशित बल्बों से रोशनी लौट आई है और बच्चे भी काफी प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहले प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर जलने या खराब होने के बाद महीनों तक लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसके बावजूद नया ट्रांसफार्मर मिलना कठिन होता था। लेकिन अब उपासना मरांडी के प्रशंसनीय प्रयास से ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया तेज हुई है, जिससे प्रखंड के लोगों में प्रसन्नता और विश्वास की झलक देखने को मिल रही है।

## गमगीन माहौल में दफन हुआ दुर्घटना में मृत छात्रों का शव

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार दो छात्रों की मौत की घटना में गुरूवार की देर रात पीएम के बाद शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों ने शुक्रवार को नमाज के बाद दोनों छात्रों के शव को दफन किया। उदयपुर थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज निवासी मो0 आलम और पूरे खुदाबक्श उछापुर निवासी महफूज रायबरेली जनपद के करहिया बाजार स्थित कम्प्यूटर सेण्टर में कम्प्यूटर कोर्स की पढ़ाई करने जाते थे। बीते गुरूवार की दोपहर वह पढ़ाई करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। रायबरेली जनपद में ही कोतवाली सलोन के नुरूददीनपुर के पास अनियंत्रित कंटेनर की चपेट में आने से दोनों छात्रों की मौत हो गयी थी। पीएम के बाद रात में शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। परिजनों ने शुक्रवार को नमाज के बाद दोनों शवों को दफन किया। दुर्घटना से मृतक परिवार के लोग गमगीन हैं।

# झारखंड पुलिस को मिला 1,485 आधुनिक वाहनों का बेड़ा, 12 नए थानों का किया गया ऑनलाइन शिलान्यास

**●पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम, राज्य में कानून-व्यवस्था होगी और मजबूत : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंड:-** झारखंड में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा परिसर में आयोजित समारोह में झारखंड पुलिस को 1,485 आधुनिक वाहनों का बेड़ा सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों में बनने वाले 12 नए थानों का ऑनलाइन शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर नए थानों की आधारशिला रखी और पुलिस के लिए आवंटित वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

**पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस की है। आधुनिक वाहनों की उपलब्धता से पुलिस की गतिशीलता, प्रतिक्रिया क्षमता और क्षेत्रीय निगरानी में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे किसी भी घटना पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी और जनता को बेहतर सुरक्षा मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के गठन के 25 वर्षों में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में आधुनिक वाहनों का बेड़ा पुलिस को एक साथ उपलब्ध कराया जा रहा है, जो पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।

**धुर्वा अपहरण कांड में पुलिस की तत्परता की सराहना**

मुख्यमंत्री ने हाल ही में हुए धुर्वा अपहरण कांड का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड पुलिस की तत्परता और ईमानदार प्रयासों से अपहृत नाबालिग बच्चों को जल्द बरामद किया गया। साथ ही अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय बच्चा चोर गिरोह का भी पर्दाफाश किया गया। उन्होंने कहा कि यह उदाहरण दर्शाता है कि पुलिस नई तकनीक और संसाधनों के साथ अपराध नियंत्रण में प्रभावी भूमिका निभा रही है।

**जनता से सहयोग की अपील**

मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों से भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपराध पर नियंत्रण के लिए जनता और पुलिस के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग की कड़ी मजबूत होना जरूरी है। समय पर सूचना और जागरूकता से अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

**प्रथम चरण में 636 पेट्रोलिंग वाहन और 849 दोपहिया वाहन**

राज्य सरकार द्वारा झारखंड पुलिस के लिए कुल 1,255 पेट्रोलिंग वाहन और 1,697 दोपहिया वाहन स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से प्रथम चरण में 636 पेट्रोलिंग वाहन और 849 दोपहिया वाहन विभिन्न जिलों और पुलिस थानों को आवंटित किए गए हैं। यह आधुनिक वाहन गश्ती, क्विक रिस्पॉन्स, ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी और संवेदनशील इलाकों में अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, संजय प्रसाद यादव, डॉ. इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल तथा डीजीपी तदाशा मिश्रा सहित झारखंड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनसे ईमानदारी, संवेदनशीलता और निष्ठा के साथ राज्य की सेवा करने का आह्वान किया।

# श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई शिक्षा जगत के पुरोधा डॉ. स्व. ललन प्रसाद की छठी पुण्यतिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** चौपारण क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षाविद, समाजसेवी एवं समर्पित शिक्षक डॉ. स्व. ललन प्रसाद की छठी पुण्यतिथि डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय सह आइडियल पब्लिक स्कूल सिंहपुर में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय परिवार, शिक्षक, छात्र-छात्राओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. ललन प्रसाद ने अपना पूरा जीवन शिक्षा के प्रसार और समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता को समझते हुए शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर नई पीढ़ी को बेहतर भविष्य देने का कार्य किया। उनके प्रयासों से स्थापित विद्यालयों से आज भी क्षेत्र के अनेक छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को संवार रहे हैं, जो उनके दूरदर्शी सोच और समर्पण का परिणाम है।

मौके पर विद्यालय संस्थापक सदस्य अरबिंद सिन्हा, पूर्व शिक्षक सह समाजसेवी विकास यादव, मुखीया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर,प्रबन्धक चन्दन कुमार, प्रचार्या डॉ ममता कुमारी , शिक्षक सुग्रीव रजक, सुधीर पांडेय, मौलाना हाफिज,अखिलेश दांगी ने उनके जीवन से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि डॉ. ललन प्रसाद का व्यक्तित्व अत्यंत सरल, प्रेरणादायी और समाज के प्रति समर्पित था। उन्होंने शिक्षा को समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार माना और जीवनभर उसी दिशा में कार्य करते रहे। कार्यक्रम का समापन संस्थापक सदस्य महेश्वरी मेहता के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

इस अवसर पर संस्थापक सदस्य रक्षेपाल सिंह,कमिटी के महेंद्र कुमार, पंकज दांगी, मनोज कुमार, रामचन्द्र रजक,शिक्षक कमलेश कुमार कमल, केशव सिंह, भोलानाथ दांगी, मुकेश सिंह, सुधीर पांडेय, पप्पू गुप्ता, कृष्णा राणा, मो. सयुम, सुभाष केशरी, अखिलेश दांगी, गणेश गुप्ता, ललिता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, अनिता कुमारी, मो. इश्तेखार सर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बुंडू गांव में दो हाथियों की दस्तक, वन विभाग सतर्क

**●बीडीओ ने ग्रामीणों से की सतर्क रहने की अपील, रात में घर से बाहर निकलने से बचने का निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड के मलकोको पंचायत अंतर्गत बुंडू गांव में दो जंगली हाथियों के आने की सूचना से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथियों के देखे जाने की खबर मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई है और इलाके में लगातार निगरानी रखी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, बुंडू गांव के आसपास के जंगल और ग्रामीण इलाकों में दो हाथियों के घूमने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दी गई है। इसके बाद वन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और हाथियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रख रहे हैं, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके। इस संबंध में बरही के प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल ने आसपास के गांवों और पंचायतों के लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीण विशेष सतर्क रहें और रात के समय घर से बाहर निकलने से बचें। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कहीं हाथियों की गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग या स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। प्रशासन द्वारा लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की भी अपील की गई है। वन विभाग की टीम लगातार इलाके में गश्त कर रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर पूरी तरह नजर रखी जा रही है और लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

## बिक्री और स्टॉक का ब्यौरा प्रतिदिन कराएं उपलब्ध- एसडीएम

**कोंच(जालौन)-** गैस और पेट्रो पदार्थों की निर्बाध रूप से वितरण व्यवस्था को लेकर गत रोज गुरुवार को एसडीएम ज्योति सिंह ने आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी एवं कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह के साथ मिलकर गैस एजेंसियों/गोदामों का निरीक्षण किया था। एसडीएम ने एजेंसी संचालकों को साफ निर्देश दिए हैं कि बिक्री और स्टॉक का प्रतिदिन का ब्यौरा उपलब्ध कराएं। कालाबाजारी और भंडारण रोकने के उद्देश्य से नियमानुसार ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर ही पारदर्शी तरीके से गैस सिलेंडर बांटे। एसडीएम ने आमजन को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की गलत अफवाह न फैलाये वरना कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का उठाया लाभ



**कोंच(जालौन)-** बदलते मौसम में आमजन को मौसम जनित रोगों से बचाये जाने के लिए जागरूक करने एवं विभिन्न रोगों से ग्रसित रोगियों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए आयुष विभाग के निर्देशन में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कोंच द्वारा शुक्रवार को गोखले नगर स्थित दरिद्र नारायण सेवा समिति के भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजित स्वास्थ्य शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. ज्ञानचंद्र ने उपस्थित योगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रोगों से संबंधित होम्योपैथिक दवाएं वितरित कीं। शिविर में सर्दी, खांसी, बुखार, जोड़ों के दर्द, त्वचा रोग और पेट संबंधी समस्याओं से पीड़ित रोगियों की संख्या बहुतायत में रही। चिकित्साधिकारी ने रोगियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और समय पर उपचार कराने की सलाह दी। शिविर की व्यवस्थाओं में कमल सिंह, राजीव अग्रवाल आदि शामिल रहे। चिकित्साधिकारी ने बताया की 'आयुष आपके द्वार' अभियान का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को आयुष पद्धति की चिकित्सा सेवाएं सुलभ कराना है ताकि अधिक से अधिक लोग प्राकृतिक और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का लाभ उठा सकें।

### अलविदा जुमा पर अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ



**मस्जिदों के आसपास पुलिस प्रशासन रहा चौकन्ना**

**कोंच(जालौन)-** माहे रमजान मुबारक के शुक्रवार को आखिरी जुमे (जुमा अलविदा) की नमाज नगर की 17 मस्जिदों समेत क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में हजारों अकीदतमंदों ने अदा की। नमाज के बाद नमाजियों ने अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा और सारी दुनिया की मगफिरत के साथ-साथ मुल्क में अमन चैन कायम रहने की दुआ मांगी। मस्जिद आस्ताना कलंदरिया पर हाफिज अताउल्ला खां गौरी, जामा मस्जिद पुरानी तहसील पर हाफ़िज़ रिजवान ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा मस्जिद मंसूरान, मस्जिद जीनतुल इस्लाम, बंगला वाली मस्जिद, मरकज मस्जिद, मस्जिद काजियान, मस्जिद कुरैशियान आदि में भी अलविदा की नमाज अदा की गई। नमाज से पूर्व इमामों ने अपनी तकरीरों में कहा कि ईद से पहले अपनी अपनी जकात अदा करें और सदकाए फित्र जरूर अदा करें। मस्जिद कुरैशयान के इमाम कारी असलम रजा ने अपनी तकरीर में कहा, हजार रातों से बेहतर है शबे कद्र का एहतमाम करें। आगामी 3 ताक रातों 25, 27, 29 मे सब्बेदारी का एहतराम खासकर 27 वीं शब का एहतमाम जरूर करें। अलविदा जुमा पर सुरक्षात्मक दृष्टि से सीओ परमेश्वर प्रसाद के निर्देशन और कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह के नेतृत्व में सभी चौकी प्रभारी स्थानीय पुलिस एवं पीएसी बल के साथ मस्जिदों के आसपास मुस्तैद नजर आए। नगर पालिका द्वारा साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी गई।

### विकास भवन में संयुक्त आयुक्त विन्ध्याचल मंडल ने किया समीक्षा बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक विन्ध्याचल मंडल योगेन्द्रपाल सिंह द्वारा विकास भवन सभागार में जनपद सोनभद्र के बी पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि बी पैक्स कंप्यूटराइजेशन भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे किसानों को समितियों के माध्यम से पारदर्शी तरीके से कृषि उपकरण ,खाद एवं बीज सुलभ हो सकेगा। इससे उर्वरक एवं बीज की कालाबाजारी बंद होगी, साथ ही कृषकों को बाजार मूल्य से अधिक भुगतान नहीं करना पड़ेगा। संयुक्त आयुक्त ने प्रथम एवं द्वितीय चरण में चयनित समितियों की ऑन सिस्टम ऑडिट एवं डायनेमिक डे एण्ड प्रत्येक दशा में 20 मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने यह चेतावनी भी दी कि जो कर्मचारी शिथिलता अथवा लापरवाही बरतेगा, उसके विरुद्ध कार्रवाई संचालित की जाएगी। संयुक्त आयुक्त ने निर्देशित किया कि जिला सहकारी बैंक शाखाओं एवं बी पैक्स के द्वारा क्यू आर कोड के माध्यम से किसानों से भुगतान प्राप्त करें एवं प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप 5 मिनट के अंदर किसानों को ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ई- के0सी0सी0 योजना भी प्रारंभ करें।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित, महिला कल्याण योजनाओं की हुई समीक्षा

**●राज्य महिला आयोग अध्यक्ष व सदस्य ने की अन्नर्प्राशन गोदभराई की रस्म अदायगी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश -**उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान व महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष ने परंपरागत रीति-रिवाजों के तहत अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम में रस्म अदायगी की और उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को आशीर्वाद दिया। महिला आयोग की सदस्य ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव के कार्यक्रम में भी प्रतिभाग की।

इसके उपरांत उन्होंने जनपद के अधिकारियों के साथ महिला कल्याण से संबंधित संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने महिला कल्याण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि कन्या सुमंगला योजना, महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक के दौरान उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशाखा कमेटी का गठन सुनिश्चित किया जाए तथा उसकी नियमित बैठकें आयोजित की जाएं, जिससे कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित हो सके, समाज कल्याण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं अभ्युदय कोचिंग योजना का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए बैठक में स्वास्थ्य विभाग को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने और पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत राज विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सुलभ शौचालयों का निर्माण कराया जाए तथा उनके नियमित उपयोग और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने महिला उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त मामलों की सुनवाई भी की। उन्होंने पुलिस विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए उन्होने कहा कि महिलाओं से सम्बन्धिम विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिया जाये तथा महिला उत्पीड़न की रोक थाम व महिलाओ को त्वरित लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। उन्होंने जनपद में महिला अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी द्वारा आंगनबाड़ी के सशक्तिकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की विशेष प्रशंसा की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, सी0ओ0 चारू द्विवेदी, प्रोबेशन अधिकारी इन्द्रावती, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, सहित सम्बन्धित अधिकारीगण जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

### हर घर स्वच्छ जल की ओर कदम, देवनगर में 'जल अर्पण' कार्यक्रम सम्पन्न

**स्वच्छ पेयजल हर घर तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता: विधायक कैलाशनाथ शुक्ल**

**बलरामपुर -**जनपद बलरामपुर के विकास खण्ड तुलसीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत देवनगर में पेयजल योजना के अंतर्गत 'जल अर्पण' कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ल, ब्लाक प्रमुख तुलसीपुर प्रवीण सिंह विक्की, मंडल अध्यक्ष महंतराम गुप्ता, ग्राम प्रधान राजाराम, जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता संदीप सिंह, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पेयजल योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए ग्रामवासियों को गीतों और जागरूकता संदेशों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल, जल संरक्षण और जल संचय के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों को जल के समुचित उपयोग, जल स्रोतों के संरक्षण तथा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जल बचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल ने ग्रामवासियों से अपील की कि वे इस योजना को केवल सरकारी योजना न मानें, बल्कि अपने ग्राम पंचायत की सामूहिक संपत्ति समझते हुए इसके संरक्षण और रख-रखाव में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों को सुरक्षित रखना और योजना का दुरुपयोग रोकना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## सिंचाई कार्य में रूला रही बिजली आपूर्ति, भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोंच(जालौन)-** गर्मी का मौसम शुरू होते ही तहसील क्षेत्र में खासकर ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति कम होने से खेतों में सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है जिससे किसान परेशान नजर आ रहे हैं। किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन ने इस समस्या पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बिजली आपूर्ति दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

शुक्रवार को किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल की अगुवाई में तहसील पहुंचे पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय किसानों ने एसडीएम ज्योति सिंह को सौंपे अपने ज्ञापन में कहा कि तहसील क्षेत्र के अधिकांश गांवों में इस समय किसानों ने मूंग की फसल की बुवाई कर रखी है और गेहूं की फसल में भी आखिरी समय सिंचाई की आवश्यकता है। क्षेत्र के अधिकांश किसान निजी ट्यूबवेल पर निर्भर हैं लेकिन पर्याप्त बिजली आपूर्ति न मिलने से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में कहा कि बिजली आपूर्ति कम होने से उन्हें रात-रात भर बिजली आने का इंतजार करना पड़ रहा है। इसके बाद भी तमाम किसानों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे फसलें प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। आरोप लगाया कि बिजली विभाग ओवरलोड से आपूर्ति बाधित होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहा है। ज्ञापन में कहा कि यदि समय रहते बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। पदाधिकारियों एवं किसानों ने एसडीएम से मांग की है कि विद्युत विभाग को निर्देश देकर ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाये अन्यथा कि स्थिति में संगठन आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा। वहीं, एसडीएम ने किसानों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मामले का समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया है।

## चिकित्सकों की मांग को लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण संघर्ष समिति ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, लोगों ने दिया भरपूर समर्थन

**●सीएचसी कोन में जब तक हड्डी रोग विशेषज्ञ और महिला चिकित्सक की नियुक्ति नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा - आनन्द पटेल दयालु**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र -**रॉबर्ट्सगंज विधानसभा के ग्राम पंचायत खरौंधी में कोन के सीएचसी में विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति की मांग को लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण सेना ट्रस्ट के तत्वधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और गांव में पदयात्रा की गई। इस अवसर पर आनन्द पटेल दयालु ने कहा कि आम आदमी के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है जहाँ दो लाख आबादी वाला कोन क्षेत्र आज भी काला पानी जैसा जीवन जीने को मजबूर है क्योंकि अधिकारी इस समस्या पर शुद्धि नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोन सीएचसी में न तो हड्डी के चिकित्सक हैं और न ही महिला चिकित्सक हैं जिसकी वजह से क्षेत्र की माताओं और बहनों को इलाज के लिए लगभग सत्तर किलोमीटर दूर रॉबर्ट्सगंज जिला मुख्यालय जाना पड़ता है यही नहीं बल्कि छोटी छोटी बीमारी के लिए भी लोगों को बाहर जाना पड़ता है जो इस क्षेत्र के लोगों के लिए गंभीर समस्या है।

आनन्द पटेल दयालु ने कहा कि आजादी के लगभग अस्सी वर्ष बाद भी कोन क्षेत्र की दो लाख आबादी अच्छे चिकित्सक और स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है। अस्पताल तो है लेकिन अच्छी दवाई नहीं मिलती और जांच के लिए मशीन भी नहीं है जो यह आम आदमी का अधिकार है।

आगे उन्होंने कहा कि जब तक कोन के सरकारी अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ और महिला चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक हस्ताक्षर अभियान और जनांदोलन लगातार चलता रहेगा। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर इस जनांदोलन को समर्थन दिया और गांव गांव पदयात्रा में भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष कनौजिया प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कन्नौजिया अनिल खरवार , सत्यनारायण पटेल ,जनाब शरीफ खान प्रदेश सचिव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इस बावत् मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार राय ने कहा कि प्रशासन से डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए बार- बार मांग किया है और पुनः नव निर्माण सेना के हस्ताक्षर अभियान के क्रम में डॉक्टरों व पैरा मेडिकल स्टाफ् ( एच आर) के लिए प्रशासन से मांग प्रेषित की गई है। डॉक्टरों की नियुक्ति होते ही सीएचसी सुचारु रूप से चलाने की व्यवस्था की जायेगी।

## गैस सिलेंडर वितरण में अनियमितता का आरोप, जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला नगर के उपभोक्ताओं ने रसोई गैस सिलेंडर वितरण में कथित अनियमितताओं को लेकर लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी उतरौला को सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि बालाजी इंडेन गैस सर्विस द्वारा गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी ठीक से नहीं की जा रही है।उपभोक्ताओं का आरोप है कि जब वे गैस एजेंसी पर संपर्क करते हैं तो बताया जाता है कि गैस वितरण का काम करने वाला कर्मचारी पिछले तीन दिनों से नहीं आ रहा है और सिलेंडर उपलब्ध नहीं है। इसके चलते उपभोक्ताओं को गैस लेने के लिए स्वयं एजेंसी या अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विभाग द्वारा निर्धारित मूल्य के अतिरिक्त 500 रुपये से 1000 रुपये तक की सुविधा शुल्क की मांग कर रहे हैं।उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं जाकर सिलेंडर लेना चाहता है तो उससे 2000 रुपये तक की मांग की जाती है। इस कारण आम उपभोक्ताओं को भारी आर्थिक बोझ और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि गैस एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जा रहा है और नियमों के अनुसार सेवा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इससे नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं में असंतोष व्याप्त है।शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाएं तो गैस एजेंसी के जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी अनुरोध किया गया है कि उपभोक्ताओं को घर-घर गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि आम जनता को हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

## संघर्ष में योगदान के लिए अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान

**अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर किया गया मंथन**

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक तथा कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाए जाने को लेकर आल इण्डिया बार एसोसिएशन द्वारा जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को साथियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन, युवा अधिवक्ताओं को प्रोत्साहन भत्ता तथा न्यायिक क्षेत्र में महिला अधिवक्ताओं के विशेष आरक्षण पर मंथन भी हुआ। कार्यक्रम के संयोजक एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर विशेष बजट के लिए सरकार को मसौदा सौंपा गया है। उन्होने कहा कि अभियान को लेकर प्रदेश भर में निकली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में बढ़ चढ़कर भूमिका निभाने के लिए अधिवक्ताओं का प्रयास संघर्ष को मजबूती प्रदान करता आ रहा है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ताओं के मान सम्मान तथा सुरक्षा को सदैव प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस तिवारी तथा संचालन अधिवक्ता रोहित तिवारी ने किया। अतिथियों का स्वागत अधिवक्ता शैलेन्द्र तिवारी व आभार प्रदर्शन वरिष्ठ अधिवक्ता कौशलेंद्र वर्मा ने किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता गिरीश मिश्र, बृजेश श्रीवास्तव, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत फार्मों की सुपर चेकिंग के सम्बन्ध में मंडलायुक्त विन्ध्याचल ने किया बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश -**विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंडलायुक्त विन्ध्याचंल/ रोल ऑब्जर्वर राजेश प्रकाश द्वारा तहसील रॉबर्ट्सगंज, ओबरा एवं दुद्धी के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान फार्मों की सुपर चेकिंग के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से फॉर्म-6 से संबंधित मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। मंडलायुक्त ने बताया कि कई स्थानों पर प्रस्तर फॉर्म-6 के अंतर्गत अपलोड किए गए आवेदनों को निरस्त किए जाने की स्थिति सामने आई है इस सम्बन्ध में निर्देश दिये कि बिना पर्याप्त कारण के किसी भी आवेदन को निरस्त न किया जाए उन्होंने कहा कि मतदाताओं द्वारा किए गए संशोधन, स्थानांतरण अथवा अन्य आवश्यक परिवर्तनों से संबंधित आवेदनों का निष्पक्षता और गंभीरता के साथ परीक्षण किया जाए, ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।

साथ ही संबंधित तहसीलों के बी0आर0सी0 को निर्देशित किया गया कि फॉर्म-6 के लंबित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न करें, जिससे मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध एवं त्रुटिरहित तरीके से पूरा हो सके।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन बद्रीनाथ सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी लंबित आवेदनों का समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपस्थित उप जिला निर्वाचन वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी के आदेश पर रोरवा ग्राम पंचायत की अनियमितता की जाँच शुरु, शिकायतकर्ताओं की निगाहें जाँच आख्या पर टिकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र -** नव सृजित विकास खंड कोन के ग्राम पंचायत रोरवा में आवास योजना व मनरेगा कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत पर गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय जांच टीम गांव पहुंची और विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने आवास योजना के लाभार्थियों के बयान दर्ज किया तथा मनरेगा के कार्यों का भी मौके पर जाकर सत्यापन किया। ग्राम पंचायत रोरवा के शिकायतकर्ता राजेश भाटिया सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित संबंधित विभाग को कई बार अवगत गया था। शिकायतों पर सुनवाई न होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने जिलाधिकारी को शपथ पत्र देकर ग्राम प्रधानपति पर कई अनियमितताओं के आरोप लगाए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सहायक अभियंता तथा जिला लेखा परीक्षा अधिकारी की तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच के आदेश दिए थे।





जांच टीम ने गुरुवार को गांव पहुंचकर देर रात तक प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों व अन्य कार्यों से संबंधित पूछताछ की।इस दौरान

लाभार्थी पनवा देवी ने टीम को बताया कि आवास निर्माण के लिए सामग्री उपलब्ध कराने के नाम पर उनसे पूरी धनराशि ले ली गई।जिस पर प्रधान प्रतिनिधि द्वारा जाँच अधिकारी के समक्ष एक सिरे से नकार दिया। इसी क्रम में राजेश भाटिया व प्रतीक गुप्ता सहित अन्य शिकायतकर्ताओं ने टीम से सवाल उठाया कि जब कई आवास का जियो टैग नहीं हुआ तो आखिर किस आधार पर तीनों किस्तों का भुगतान जारी कर दिया गया।इस सवाल के जबाब में जाँच अधिकारी ने सेल फोन पर बताया कि ज्यादा क्षेत्रफल में निर्माण कार्य कराये जाने से समस्या उत्पन्न हुई जो पत्रावली के अध्ययन से स्पष्ट हो पायेगा। इसके अलावा मनरेगा के तहत जलावरोधक का निर्माण कार्य कार्य योजना के अनुरूप न कराकर अन्य स्थानों पर निर्माण कैसे कराया गया है। टीम ने उक्त स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जाँच टीम द्वारा उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों व शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को दर किनार करते हुए महज दो लोगों के कहने पर कागजी कोरम पूरा किया गया।

इस बावत् जाँच अधिकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण नरेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि मौके पर किए गए निरीक्षण और प्राप्त बयानों के आधार पर संबंधित फाइलों का भी परीक्षण किया जाएगा। तदोपरान्त पूरी जांच आख्या जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर तीन सदस्यीय जाँच टीम, ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि, एडीओ पंचायत कोन, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सहित शिकायतकर्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## उपभोक्ताओं की गैस एजेंसियों पर जुट रही भीड़





**●वृद्ध ने गैस सिलेंडर रिफिलिंग न हो पाने की एसडीएम से की शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** पश्चिमी एशियाई देशों के मध्य इन दिनों जारी जंग के बीच भारत में गैस एवं पेट्रो पदार्थों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर तमाम तरह की आशंकाओं और अफवाहों से डरे और परेशान उपभोक्ताओं की भारी भीड़ घरेलू गैस सिलेंडर रिफिलिंग के लिए गैस एजेंसियों/गोदामों पर जुटी देखी जा रही है। हालांकि स्थानीय स्तर पर प्रशासन इस पूरे मामले में सजग नजर आ रहा है और गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश एजेंसी संचालकों को दिए गए हैं। प्रशासन लगातार दावा कर रहा है कि गैस एवं पेट्रो पदार्थों की कोई कमी नहीं है। कालाबाजारी, भंडारण करने और किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी, बाबजूद इसके तमाम उपभोक्ता गैस सिलेंडर रिफिलिंग न हो पाने का दुखड़ा रोते हुए सामने आ रहे हैं।

नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी वृद्ध रामस्वरूप पुत्र रामनाथ ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी पत्नी के नाम दीवोलिया इंडेन गैस एजेंसी का कनेक्शन है। बीती 10 मार्च की दोपहर उसने गैस सिलेंडर रिफिलिंग हेतु मोबाइल से बुकिंग की थी लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी उसके गैस सिलेंडर की रिफिलिंग नहीं की गई है। रामस्वरूप ने बताया कि बीते दो दिनों से वह लगातार गैस एजेंसी पर जा रहा है लेकिन संबंधित कर्मचारियों द्वारा कोई बुकिंग न होने का हवाला देकर उसे टरका दिया जा रहा है। वृद्ध रामस्वरूप ने गैस सिलेंडर रिफिलिंग न हो पाने से उत्पन्न भोजन की समस्या का रोना रोते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उधर, सूर्यदीप सोनी सहित कुछ अन्य उपभोक्ताओं ने भी अपनी शिकायत में बताया है कि 10 से 15 दिन पहले उन्होंने बुकिंग की थी। इतने दिन के बाद भी गैस सिलेंडर रिफिलिंग होकर घर न आने पर जब कॉल कर जानकारी ली तो संबंधित एजेंसी के कर्मचारी फिलहाल स्टॉक न होने की बात उनसे कह रहे हैं। जिसके चलते भोजन पकाने में कठिनाई उठानी पड़ रही है।

## कदौरा के इमरान खान को मिला राष्ट्रीय सम्मान



**बडिंग एंब्रियोलॉजिस्ट ऑफ द ईयर से किया गया सम्मानित**

**कदौरा(जालौन)-** छोटे से कस्बे कदौरा के रहने वाले भ्रूण वैज्ञानिक लैब इंचार्ज, इंदिरा आईवीएफ नई दिल्ली इमरान खान को गत रोज मुंबई के ताज होटल में आयोजित नेशनल ईटी समारोह में बुडिंग एंब्रियोलॉजिस्ट ऑफ द ईयर के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित होने पर जनपद वासियों ने प्रसन्नता जताते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं। आईसीएसआई तकनीक से कई निःसंतान दंपत्तियों को नई उम्मीद प्रदान करने वाले इमरान को यह सम्मान एग फ्रीजिंग और आर्टिफिशियल इन्सेमिनेशन के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया है। आईसीएसआई तकनीक के माध्यम से इमरान ने अनेक ऐसे दंपत्तियों में भ्रूण बनने में सहायता की है जिनमें पुरुषों के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी या शुक्राणु नलियों में अवरोध (ब्लॉकेज) की समस्या थी। यह सम्मान आमतौर पर उन युवा विशेषज्ञों को दिया जाता है जो बांझपन के उपचार और भ्रूण विज्ञान में नई तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं।

## डॉ. सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 'क्रेनिया 2026' महोत्सव का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** डॉ. सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'क्रेनिया 2026' का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश चतुर्वेदी द्वारा फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दिव्या मिश्रा ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम को सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्वक आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विश्वासनी चौधरी द्वारा मधुर आवाज़ में प्रस्तुत गीत एवं प्रतिष्ठा श्रीवास्तव के नृत्य प्रस्तुति को सभी ने सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उपरांत प्राचार्य डॉ. राजेश चतुर्वेदी एवं मुख्य अतिथि डॉ. दिव्या मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।इसके बाद पुलिस लाइन स्टेडियम में फैकल्टी क्रिकेट मैच आयोजित किए गए। इन मैचों में डॉ. मयंक, डॉ. आलोक, डॉ. सुदीप, डॉ. अतुल सहित अन्य फैकल्टी सदस्य शामिल हुए। इस दौरान प्राचार्य डॉ. राजेश चतुर्वेदी, उप-प्राचार्य डॉ. रश्मि यादव, डॉ. दीपिका पांडेय, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. राकेश चौरसिया, डॉ. अग्नि सरोज तथा डॉ. मोना सक्सेना भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में बताया गया कि 11 मार्च की शाम आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अभय पचौरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अथर्व गुप्ता द्वितीय एवं स्वस्तिक द्विवेदी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## संक्षिप्त खबरें

### आग लगने से झोपड़ी जल कर राख



**सिद्धार्थनगर-** इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसन्तपुर निवासिनी धर्मा देवी पत्नी राम मिलन के मकान में गुरुवार की रात में अचानक आग लग जाने के कारण लाखों रुपए का नुकसान हुआ। धर्मा देवी आग लगने से आग की लपट देख कर जोर- जोर से चीखना - चिल्लाना शुरू कर दी, इतने में गांव के प्रधान विजय कुमार मौर्या व गांव के लोगों ने पहुंच कर आग बुझाने में मदद की जिससे आग पर काबू पाया गया, आग लगने से घर में रखा जेवरात, कपड़ा, चावल,गेहूँ , चारपाई, बिस्तर, बर्तन, तथा छप्पर की झोपड़ी जल कर राख हो गई । हल्का लेखपाल अवधेश प्रसाद ने बताया कि इस अग्नि घटना में लगभग लाखों रुपये की क्षति होने का अनुमान हैं इसकी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को दी जाएगी।

### भाजपा बरीपाल मंडल अध्यक्ष ने कार्यकारिणी का किया गठन



**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत बरीपाल मंडल में क्षेत्र एवं जिला नेतृत्व के अनुमोदन के पश्चात भाजपा बरीपाल मंडल अध्यक्ष आशीष पाठक ने मंडल कार्यकारिणी के गठन की घोषणा कर दी है,, मंडल कार्यकारिणी में मंडल उपाध्यक्ष निरंजन प्रजापति,, मंडल उपाध्यक्ष राम सागर खंगार,3, गयाप्रसाद निषाद,4, शिवसिंह सेंगर,5, पवन साहू,5,शिवानी शर्मा,सभी मंडल उपाध्यक्ष, मंडल महामंत्री, इस प्रकार से रणबीर सचान,2 विकाश कुमार मिश्र,,, मंडल मंत्री,, संतोष प्रजापति, 2 , संध्या देवी, 3अवधेश निषाद,4 राजा सचान ,5 पदम् सिंह परमार,6,प्रदीप अवस्थी, मंडल कोषाध्यक्ष,शिव मोहन सखवार , मंडल मीडिया प्रमुख कमलेश कुमार शुक्ला,,सोशल मीडिया प्रमुख हिमांशु प्रजापति, आई टी प्रमुख महावीर निषाद को नवीन दायित्व सौंपा और सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

### स्टेट ओपन आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता में रोमांचक मैच खेले गए



**खेल छात्रावास अयोध्या, विवेक अकादमी वाराणसी बाराबंकी और स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने जीते अपने अपने मैच**

**प्रतापगढ़।** जिला खेल स्टेडियम में आयोजित की जा रही ओपन स्टेट आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ विधायक सदर राजेंद्र मौर्य व मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर दिव्या मिश्रा द्वारा किया गया गया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी अशोक सिंह,युवा कल्याण अधिकारी सुमित पाल,भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ,भाजयुमो महामंत्री नीतीश श्रीवास्तव,पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अशोक पांडे, वॉलीबॉल निर्णायक राम शिरोमणि सिंह ,वॉलीबॉल सचिव और निर्णायक विनोद यादव,अपना दल एस विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव परमानंद मिश्रा,एंजिल्स इंटर कॉलेज की प्रबंधिका डॉ. शाहिदा, शकुंतला शुक्ला, हॉकी प्रतापगढ़ के सचिव आजम अली,गुलरेज आलम,जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह,जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह,स्काउट शिक्षक सुशील सिंह,पत्रकार डीपी सिंह, कमेंटेटर गंगा पांडे,अनवर हॉकी सोसायटी के सचिव खुर्शीद अली,कांग्रेस जिलाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ दुर्गेश तिवारी सहित जनपद के बहुत सारे खेलप्रेमी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।पहला मैच खेल छात्रावास अयोध्या व गोरखपुर,दूसरा मैच विवेक अकादमी वाराणसी व प्रयागराज,तीसरा मैच भदोही व बाराबंकी,चौथा दिलचस्प मैच स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर 14 व मेरठ 00,पांचवा मैच अयोध्या छात्रावास 03 व प्रतापगढ़ 00,छठवां मैच बाराबंकी 6 व बिजनौर 1 के बीच संपन्न हुआ।

# मत्स्य पालन किसानों की आय बढ़ाने लिए महत्वपूर्ण और लाभकारी माध्यम बन सकता है : जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के प्राणी विज्ञान विभाग तथा जिला प्रशासन सिद्धार्थनगर के संयुक्त तत्वावधान में किसानों में पैंगेसियस मछली पालन की आधुनिक तकनीकों, व्यवसायिक संभावनाओं तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी उन्नत करने के उद्देश्य से गौतम बुद्ध सभागार में 'पैंगेसियस मछली पालन किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी. एन. ने कहा कि मत्स्य पालन किसानों की आय बढ़ाने लिए राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय प्रशासन का यह संयुक्त प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण और लाभकारी माध्यम बन सकता है। उन्होंने विशेष रूप से पैंगेसियस मछली पालन को कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाली तकनीक बताया। जिलाधिकारी ने किसानों को सरकार की विभिन्न मत्स्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीकों को अपना कर किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। साथ ही उन्होंने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो कविता शाह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों के लिए आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि और मत्स्य क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। कार्यक्रम में प्राणी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार वर्मा ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों और यहां अध्ययन के लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो प्रकृति राय ने किया । आचार्य डॉ. विनीता रावत, मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक नन्द किशोर प्रसाद, एक्वा डॉक्टर सॉल्यूशंस कोलकाता के डॉ देब तनु बर्मन, गौरव एक्वा यूनिवर्स, महाराजगंज के संस्थापक वीर गौरव, जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने हैचरी प्रबंधन तथा सहायक आचार्य एवं सह-संयोजक डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने रोग निदान के विषय में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो नीता यादव , अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय प्रो सौरभ , डॉ लक्ष्मण सिंह, डॉ विशाल गुप्ता, डॉ अविनाश प्रताप सिंह सहित लगभग एक सौ पचास किसानों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### सात दिवसीय राम कथा व शतचंडी महायज्ञ पूर्णाहुति , प्रसाद वितरण के साथ संपन्न



**सिद्धार्थनगर ।** इमिलिया गांव में स्थित समय माता मंदिर के परिसर में आयोजित सात दिवसीय राम कथा व शतचंडी महायज्ञ का पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ शुक्रवार को समापन हो गया। यज्ञ में क्षेत्र के तमाम लोगों ने पहुंचकर आहुतियां दी और यज्ञ स्थल की परिक्रमा की। शुक्रवार को रामकथा के साथ शतचंडी महायज्ञ का समापन हो गया। 11 कन्याओं को भोज कराने के बाद प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि राघवेन्द प्रताप सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह, मिंटू सिंह , सत्येंद्र प्रताप सिंह , लेखपाल अवधेश प्रसाद आदि मौजूद रहें।

# कानपुर देहात बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री पद का चुनाव 25 को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 13. 3.2026 को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौर के पत्रांक की संख्या 176 /26 दिनांक 27. 2. 2026 के निर्देशानुसार चुनाव प्रक्रिया के अनुसार नामांकन पत्र की वापसी व जांच की गई जिसमें दाखिल सभी नामांकन पत्र जांच में वैध पाए गए तथा कोई भी नामांकन पत्र वापस नहीं लिया गया अध्यक्ष पद पर जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान एवं बलराम सिंह यादव व महामंत्री पद हेतु दुर्गेश चन्द्र यादव एवं नरेन्द्र सिंह सेंगर के क्रमशः 2-2 नामांकन पत्र रहे ,शेष पदों पर एकल नामांकन दाखिल हुए अब केवल अध्यक्ष महामंत्री के पदों पर दिनांक 25 3.2026 को समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान होगा तदोपरांत उसी दिन मतगणना होगी व परिणाम घोषित किए जाएंगे तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभा कुमारी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, कोषाध्यक्ष श्रीकांत, मंत्री क्षमता सिंह,संयुक्त मंत्री प्रशासन जय गोपाल,संयुक्त मंत्री प्रशासन अवधेश कुमार, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय शशि बिंदु, वरिष्ठ कार्यकारिणी के सदस्य रईस अहमद, जगन्नाथ,संतोष सिंह, गोपी सिंह, राहुल कुमार,चंद्र लता,एवं कनिष्ठ कार्यकारिणी के सदस्य श्याम कुमार,अनुज प्रताप सिंह,अजीत सिंह, प्रमोद कुमार,संजय सिंह व श्याम सुंदर निर्विरोध पदाधिकारी चुन लिए गए मात्र घोषणा होना बाकी है उक्त जानकारी जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के के निर्वाचन समिति के चेयरमैन श्री संपत लाल यादव व प्रभारी रमेश चंद्र सिंह और व सदस्य गण रईस अहमद कुरेशी, जय गोविंद सिंह, विकास मिश्रा, रवि शंकर,हिमांशु गुप्ता ने संयुक्त स्वरूप से बताई।

### घाटमपुर उपजिलाधिकारी ने गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया



**घाटमपुर।** एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने घाटमपुर क्षेत्र में गैस की किल्लत और समस्याओं से जुड़ी अफवाहों के मद्देनजर क्षेत्र की गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया,, उन्होंने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि घाटमपुर में गैस का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है,, निरीक्षण के बाद एसडीएम ने स्पष्ट किया कि गैस का वितरण सामान्य रूप से और बिना किसी बाधा के जारी है,, उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नहीं है,, प्रशासन पूरी स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए हैं,ताकि कालाबाजारी या किसी भी अन्य समस्या को रोका जा सके, एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने घाटमपुर क्षेत्र की जनता से अपील की हैं कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

# पति पत्नी के विवाद में पति को लगी चाकू, हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कमिश्नरेट अंतर्गत थाना बिधनू क्षेत्र के तकसिहपुर गांव में पति-पत्नी के विवाद के बाद पति को चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया,, शुक्रवार सुबह वह घर के मुख्य दरवाजे के पास खून से लथपथ बेसुध पड़ा मिला,, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए सीएचसी भेजा , जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए हैलट अस्पताल रेफर कर दिया,, जानकारी के अनुसार तकसिहपुर गांव निवासी लवकुश 40 वर्ष,पुत्र जगदीश का गुरुवार देर रात पत्नी सरोज से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने लवकुश को घर के मेन गेट के पास फर्स पर खून से लथपथ पड़ा देखा,, जबकि पत्नी वहीं बैठ कर रो रहीं थीं,, इसके बाद पड़ोसियों ने 108 एंबुलेंस और 112 पुलिस को सूचना दी,, मौके पर पहुंची एंबुलेंस और पुलिस कर्मियों ने घायल को बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया , डॉक्टरों के अनुसार लवकुश की गर्दन और पेट में चाकू के तीन गहरे घाव है प्राथमिक उपचार के बाद उसे हैलट रेफर कर दिया गया है,, वहीं घटना के संबंध में पत्नी ने अभी तक स्पष्ट जानकारी नहीं दी हैं,, बिधनू पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है, बिधनू थाना प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी, घटना की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है, तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व सांसद शिवदयाल चौरसिया की 123वीं जयंती पर शिक्षा सेमिनार

**● महंगी शिक्षा और महंगी किताबों के कारण छात्र विद्यालय छोड़ रहे हैं, देश में 55 लाख छात्रों ने स्कूल छोड़ा। प्रदेश सरकार शिक्षा बजट में कटौती कर रही है- फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी और पीडीए मिशन द्वारा पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की 123वीं जयंती पर एक शिक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में हुआ, जिसमें सपा के 78 वार्डों के अध्यक्षों और पीडीए मिशन की टीम की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव मिन्टू ने किया, कार्यक्रम संयोजक अमित चौरसिया थे। सपा अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सर्वप्रथम शिक्षा जगत के महान योद्धा पूर्व सांसद शिवदयाल चौरसिया के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चौरसिया जी ने समाज में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया और उनकी पुस्तकों व फीस के लिए आर्थिक मदद की।

उन्होंने कहा कि शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाकर ही देश को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाया जा सकता है। अपने संबोधन में अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा के बजट में कटौती कर रही है, वहीं दूसरी ओर महंगी फीस और महंगी किताबों के कारण छात्र विद्यालय छोड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश में 55 लाख छात्रों ने इंटर की पढ़ाई छोड़ दी है, क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति भयावह हो गई है। सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के बजाय इसे निजी हाथों में सौंप रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, सत्यनारायण गहरवार, महेन्द्र सिह, परमवीर गंभीर, रजत मिश्रा, सुलेखा यादव मौजूद रहे।

# समाजसेविका सरोजिनी मिश्रा की पुण्यतिथि पर हुआ सुंदरकांड पाठ : सैकड़ों ने ग्रहण किया प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** यहां समाजसेविका सरोजनी मिश्रा की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित किए गए सुंदरकांड पाठ में भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं का भी जमावड़ा रहा। गुजैनी स्थित निज निवास में भारतीय जनता पार्टी के चर्चित युवा नेताओं में से एक देवेंद्र मिश्रा सोनू द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक सुरेंद्र मैथानी ,वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक अजय कपूर ,दक्षिण भाजपा के अध्यक्ष शिवराम सिंह, भाजपा नेता मनोज सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक मिश्रा, पूर्व मंत्री शिव कुमार बेरिया समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व अध्यक्ष वीर सेन यादव, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ,बाबू सिंह चंदेल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। भाजपा नेता देवेंद्र मिश्रा सोनू और अंशिता मिश्रा की अगुवाई में सुंदरकांड के पाठ का समापन भक्ति भावपूर्ण भजनों के साथ हुआ जिसके बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले और सहयोग के मामले में व्यवहार कुशलता के पर्याय वार्ड 55 गुजैनी की पूर्व पार्षद प्रत्याशी भाजपा नेता अंशिता देवेन्द्र मिश्रा सोनू के बारे में यह भी अवगत कराते चलें कि समस्याओं के खिलाफ विकास के मामले में भी उन्होंने जिस तरह से सफलता पूर्वक कदम बढ़ाए हैं, उससे मतदाताओं के बीच पैदा उनकी लोकप्रियता ने उन्हें एक बार फिर चुनाव जीतने जैसी क्षमता के नजदीक भी खड़ा कर दिया है। वहीं कानपुर दक्षिण में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा सोनू की भी गिनती जुझारू, व्यवहार कुशल और तेजतर्रार युवा नेताओं में की जाती है। खास बात यह भी कि अंशिता देवेंद्र मिश्रा सोनू की लोकप्रियता का यह प्रभाव केवल भाजपा तक ही सीमित नहीं है बल्कि अन्य सभी राजनीतिक दलों के लोग भी उसके दायरे से बाहर नहीं है,जिसकी मजबूत बानगी उनकी मां सरोजिनी मिश्रा की तृतीय पूर्ण तिथि पर आयोजित सुंदरकांड पाठ के भव्य अनुष्ठान में भी दिखाई पड़ी। कुल मिलाकर हर वर्ग ,हर धर्म और हर जाति के मतदाताओं में लगातार मजबूत होती उनकी पकड़ विरोधियों के लिए गंभीर चिंता का कारण भी बताई जाती है। इस अवसर पर आगतों का स्वागत शैलेंद्र मिश्रा आदि ने भी किया।

# कानपुर के लोग गैस आपूर्ति को लेकर घबराएं नहीं, पैनिक बुकिंग से बचें : डीएसओ

**●कॉल सेंटर पर शिकायत के बाद सिलेंडरों की होम डिलीवरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। आज कुल 252 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 92 का निस्तारण कराया गया। अधिकांश शिकायतें गैस बुकिंग न होने या समय पर सिलेंडर न मिलने से संबंधित पाई गई। जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग दर्ज थी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराया गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में घरेलू गैस आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है और उपभोक्ताओं से पैनिक बुकिंग न करने की अपील की।

जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि गल्ला मंडी निवासी रामजानकी का घरेलू गैस कनेक्शन प्रियंका गैस सर्विस से है। उनकी बुकिंग 6 मार्च की थी और सिलेंडर न मिलने पर उन्होंने कॉल सेंटर के लैंडलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद उन्हें होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर घर पर उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार बाबू पुरवा निवासी आफरीन का गैस कनेक्शन विजय गैस एजेंसी से है। उन्होंने 5 मार्च को बुकिंग कराई थी, लेकिन सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ था। शिकायत मिलने पर कार्रवाई करते हुए उन्हें होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध कराई गई। किदवई नगर ब्लॉक निवासी राजकुमार मल्होत्रा का कनेक्शन साक्षी गैस एजेंसी से है। उन्होंने 27 फरवरी की बुकिंग के बावजूद सिलेंडर न मिलने की जानकारी दी, जिस पर उन्हें भी घर पर सिलेंडर उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा जयप्रकाश वर्मा ने उपकार गैस एजेंसी से इनवॉइस जनरेट होने के बाद भी गैस न मिलने की शिकायत की थी, जबकि अनवरगंज निवासी किशन लाल ने शांति गैस एजेंसी से 3 मार्च को बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर न मिलने की सूचना दी। दोनों मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराया गया।

# जिलाधिकारी ने गैस एजेन्सी व पेट्रोल पम्प मालिकों के साथ की बैठक

**●गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई, पेट्रोल बोतल में बेचने पर भी रोक-डीएम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने गुरुवार को अपने कैम्प कार्यालय के सभागार में गैस एजेंसी संचालकों और पेट्रोल पंप मालिकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसामान्य को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष रूप से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी भी एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एजेंसी संचालकों से पारदर्शिता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने को कहा। बैठक के दौरान गैस एजेंसी मालिकों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जिले में गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। हालांकि, गैस बुकिंग से जुड़ा मोबाइल एप सही तरीके से कार्य नहीं कर रहा है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को भी कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को फुटकर खुला पेट्रोल की बिक्री किसी भी परिस्थिति में न की जाए। उन्होंने कहा कि इस नियम का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी, सेल्स ऑफिसर आईओसीएल सत्यम सिंह, सेल्स ऑफिसर आईओसीएल पेट्रोल गौरव जायसवाल, भारत पेट्रोलियम के सत्यम सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पंकज सिंह, पूर्ति निरीक्षक सदर राजीव सिंह, कुमार इंडियन वितरक अठेहा ओम प्रकाश पांडेय, नागेश्वर इंडियन वितरक रमेश सिंह, लालता ग्रामीण वितरण अजय सिंह, शंकर साई वितरक राजेश तिवारी, गोकुल आटोमोबाइल्स के राजेश सिंह, जगवन्ती आटोमोबाइल्स के देवव्रत मिश्रा, मनगढ़ आईओसीएल के गौरव जायसवाल, अम्बिका शंकर आटोमोबाइल्स विश्वनाथगंज के हर्षवर्धन सिंह, मनगढ़ बीपीसीएल के सत्यम सिंह, शुक्ला आटोमोबाइल्स चिलबिला के धर्मेन्द्र शुक्ला, राजापाल आटोमोबाइल्स के संदीप कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं एजेंसी संचालक उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली, दूसरा गिरफ्तार, चोरी की इनोवा कार बिना नंबर प्लेट के ले जा रहे थे नेपाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** जिले में पुलिस व एसओजी टीम और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक अपराधी के पैर में गोली लगी है, जबकि उसके दूसरे साथी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना 13 मार्च की भोर सनई-शोहरतगढ़ मार्ग पर पतसिया के पास हुई। पुलिस ने इनके कब्जे से बिना नंबर प्लेट की एक इनोवा कार, एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किया हैं। एसओजी प्रभारी मिथिलेश कुमार राय अपनी टीम के साथ सिद्धार्थनगर कोतवाली पुलिस के साथ साड़ी तिराहा क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बिना नंबर प्लेट की इनोवा कार तेज गति से आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का संकेत दिया, लेकिन चालक गाड़ी रोकने के बजाय तेजी से भागने लगा। भागते समय वाहन डिवाइडर से टकरा गया और फिर शोहरतगढ़ की ओर बढ़ गया। संदिग्ध स्थिति को देखते हुए इसकी सूचना जिला नियंत्रण कक्ष और आसपास की पुलिस टीमों को दी गई।शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह अपनी टीम के साथ आगे से घेराबंदी करने लगे, जबकि जोगिया उदयपुर थानाध्यक्ष अभय सिंह भी अपनी टीम के साथ मौके की ओर रवाना हुए। जबकि पीछे से एसओजी प्रभारी मिथिलेश कुमार राय अपनी एसओजी टीम और सिद्धार्थनगर कोतवाली पुलिस के साथ बदमाशों का पीछा करते रहे, कुछ ही दूरी पर सनई-शोहरतगढ़ मार्ग स्थित पतसिया के पास पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया। घिरते देख बदमाश इनोवा से उतरकर भागने लगे और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। एक गोली एसओजी टीम की गाड़ी में लगी, हालांकि पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई।घायल बदमाश को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने उसके साथी को मौके से ही पकड़ लिया। दोनों आरोपी बिहार के रहने वाले हैं और लूटी गई इस कार को नंबर प्लेट हटाकर नेपाल में तस्करी के लिए ले जाने की तैयारी में थे।

पकड़े गए बदमाशों की पहचान अंकित कुमार निवासी भरतपुर थाना महुआ जिला वैशाली (बिहार) और विजय सिंह निवासी आमी थाना अवतारनगर जिला छपरा (बिहार) के रूप में हुई। मुठभेड़ में घायल अंकित कुमार को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि 22 फरवरी 2026 को उन्होंने नौगढ़ रेलवे स्टेशन क्षेत्र से इनोवा कार बुक कराई थी। रास्ते में बिहार के गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र के पास उन्होंने वाहन चालक को नशीला पदार्थ पिला दिया और कार लेकर फरार हो गए।

इस मामले में वाहन स्वामी नागेंद्र गुप्ता निवासी शिवपुरी कॉलोनी शास्त्री नगर थाना कोतवाली नौगढ़ की तहरीर पर 22 फरवरी को कोतवाली नौगढ़ में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे इनोवा कार की नंबर प्लेट हटाकर उसे नेपाल ले जाकर बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से बिना नंबर प्लेट की इनोवा कार, 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में एसओजी प्रभारी मिथिलेश कुमार राय, शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह, जोगिया उदयपुर थानाध्यक्ष अभय सिंह, उपनिरीक्षक विजयशंकर सिंह, उपनिरीक्षक वीरेंद्र यादव, उपनिरीक्षक संतोष सिंह, हेड कांस्टेबल राजीव शुक्ला, मनोज राय, दिलीप कुमार, आशुतोष दूबे, पुष्पेंद्र गौतम, कांस्टेबल वीरेंद्र तिवारी, सत्येंद्र यादव, छविराज यादव, कृष्णपाल और धर्मनाथ सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने इस मामले में जोगिया उदयपुर थाने में मुठभेड़ और अवैध हथियार से संबंधित धाराओं में नया मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राथमिक विद्यालय भगौतीपुर प्रथम में माता अभिभावक संघ की बैठक सम्पन्न



**बालिका शिक्षा बहुत आवश्यक है :- पूनम बाजपेई ए आर पी**

**खैराबाद सीतापुर** स्थानीय प्राथमिक विद्यालय भागौतीपुर प्रथम में माता अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन प्रधानाध्यापिका प्रतिमा मिश्रा के द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान श्रीमती गुडी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु विद्यालय में पधारी ए आर पी श्रीमती पूनम जी के द्वारा भी विद्यालय के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर ग्रामीण महिला अभिभावकों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। पूनम बाजपेई ने कहा कि जैसे मनुष्य को जीवित रहने के लिए सांस लेना जरूरी है उसी प्रकार बालिका शिक्षा भी बहुत आवश्यक है। विद्यालय में अधिक से अधिक बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित हो इस हेतु महिला अभिभावकों के समक्ष एक ग्रुप मोनो एक्टिंग वास्तविक जीवन से संबंधित बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई। मार्च माह में जन्मदिवस वाले बच्चों का जन्मदिन उनकी माताओं के साथ मनाकर भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम सेबच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। ये नवाचार निश्चय ही विद्यालय में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति को सुनिश्चित करेगा। शिक्षित नारी शिक्षित समाज इसी से होगा देश का विकास इन्हीं शब्दों के साथ प्रधानाध्यापिका प्रतिमा मिश्रा ने ग्राम प्रधान गुड्डी, ए आर पी पूनम बाजपेई जी उपस्थित सभी महिला अभिभावकों का विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

### प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों के पेशेवर दुनिया में जाने के महत्वपूर्ण सफर



**बस्ती।** बस्ती जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार को प्रशिक्षित डीएलएड प्रशिक्षुओं हेतु प्लेसमेंट ड्राइव एवं करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके किया। डीएलएड प्रशिक्षुओ को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य ने कहा कि प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों के अकादमिक जगत से पेशेवर दुनिया में जाने के सफर का एक अहम मोड़ होता है। कहा कि प्रदर्शन का दबाव, नए अवसरों का उत्साह और प्रतिस्पर्धा की चिंता इस अनुभव को रोमांचकारी और चुनौतीपूर्ण दोनों बनाती है जीडी गोयनका स्कूल की प्रिंसिपल हुमा वसीम ने कहा कि प्लेसमेंट ड्राइव आपके करियर की शुरुआत मात्र है। इस दौरान आप जो कौशल, दृढ़ता और अनुकूलन क्षमता विकसित करेंगे, वह मनचाही नौकरी मिलने के बाद भी आपके लिए लंबे समय तक उपयोगी साबित होगी। आरएलएमसी स्कूल बस्ती की डायरेक्टर प्रीति खंडेलवाल ने कहा कि आज के समय में करियर के अवसर केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं हैं। निजी क्षेत्र, उद्यमिता, स्टार्टअप, डिजिटल सेवाओं और कौशल आधारित क्षेत्रों में युवाओं के लिए अनेक संभावनाएँ उपलब्ध हैं। युवाओं को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर की योजना बनानी चाहिए। जी डी गोयनका की काउंसलर गुरजीत कौर एवं टीजीटी टीचर मधुबाला ने कहा कि अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना महत्वपूर्ण है, लेकिन याद रखें कि हर कोई सीखने की प्रक्रिया में है। प्रतिक्रियाओं के लिए हमेशा तैयार रहें और हर अनुभव को, चाहे वह सफल हो या असफल, विकास के अवसर के रूप में देखें। कार्यक्रम के नोडल कुलदीप चौधरी और सह नोडल अलीउद्दीन खान ने कहा कि प्लेसमेंट ड्राइव में सफल होने का मतलब पहली ही बार में नौकरी पाना नहीं है, बल्कि अनुभव से सीखना और आगे बढ़ना है। हर परीक्षा, हर बातचीत और हर इंटरव्यू आपके कौशल को निखारता है, आपका आत्मविश्वास बढ़ाता है इस अवसर पर डायट प्रवक्ता डॉ रविनाथ, डॉ गोविन्द, डॉ ऋचा शुक्ला, अलीउद्दीन खान, शशि दर्शन त्रिपाठी, नवनीत कुमार, अनिल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# विजयराघवगढ़ विस के बरही में ‘कृषि महोत्सव’ की भव्य तैयारी

● **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का होगा ऐतिहासिक स्वागत।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

ब्यूरो प्रयागराज। दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**कटनी/ बरही: (एमपी) विजयराघवगढ़।** विधानसभा क्षेत्र के लिए आगामी 14 मार्च (शनिवार) का दिन खुशहाली और विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत करने वाला है। बरही के श्री विजयनाथ धाम (मेला ग्राउंड) में आयोजित होने वाले विशाल ‘कृषि महोत्सव’ में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ. यादव का इस क्षेत्र में यह प्रथम आगमन है, जिसे यादगार बनाने के लिए *विधायक संजय सत्येंद्र पाठक* के नेतृत्व में भव्य तैयारियां की जा रही हैं।

**50 हजार एकड़ भूमि के लिए सिंचाई की बड़ी सौगात**

इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य हाल ही में कैबिनेट द्वारा स्वीकृत दो महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करना है। इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की लगभग 50,000 एकड़ कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी, जिससे ‘हर खेत को पानी’ का सपना साकार होगा।




कार्यक्रम विवरण।
दिनांक: 14 मार्च 2026, शनिवार
समय: दोपहर 1:30 बजे से
स्थान: श्री विजयनाथ धाम, मेला ग्राउंड, बरही में रैली, कृषि महोत्सव, सिंचाई योजनाओं पर संबोधन और रोड शो।

यह कदम स्थानीय किसानों की आर्थिक समृद्धि और कृषि उत्पादन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

**सुरक्षा और प्रशासनिक अमला अलर्ट। आईजी और कलेक्टर ने लिया जायजा।**

मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए प्रशासनिक और पुलिस अमला पूरी तरह मुस्तैद है। जबलपुर जोन के आईजी प्रमोद वर्मा ने बरही पहुँचकर हेलीपैड, रोड शो मार्ग, और सभा स्थल की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने और



यातायात प्रबंधन के कड़े निर्देश दिए हैं। आज (गुरुवार) कटनी कलेक्टर ने भी कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया ताकि मुख्यमंत्री के पहले आगमन पर कोई कमी न रहे।

**भव्य स्वागत और ‘बरही चलो’ का आह्वान।**

मुख्यमंत्री की अगवानी के लिए पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। विधायक संजय पाठक ने क्षेत्रवासियों से भावुक अपील करते हुए कहा है कि यह उत्सव किसानों की जीत का प्रतीक है।

कार्यक्रम के दौरान एक भव्य रोड शो और रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जहाँ जनता पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन करेगी। ’बरही चलो’ के नारों के साथ गांव-गांव में पीले चावल देकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है।

## दिल्ली मानकपुरा डोरीवालान में विधायक और एस एच ओ अमित ने किया सड़क का उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली**, बादल हुसैन मानकपुरा, डोरीवालान, बागरोजी, शादीपुरा, शहरवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा देने के संकल्प के साथ विधायक विषेश रवि ने गुरुवार को गोशाला रोड,मानक पुरा बाजार वाली गली सड़क शनि मंदीर से डीसीएम चौक तक बनने वाली नयी सड़क के निर्माण कार्य का उद्घाटन नारियल तोड़ कर किया।आम आदमी पार्टी के करोलबाग विधानसभा क्षेत्र से विधायक विषेश रवि ने बताया कि इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना पर करीब 50 लाख से अधिक रुपए की राशि खर्च की जाएगी।सडक निर्माण से पहले यहां पानी निकासी की व्यवस्था की जाएगी, ताकि भविष्य में जलभराव या सड़क टूटने की समस्या न रहे। निर्माण कार्य में केवल उच्च श्रेणी की सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता में कई समझौतों बर्दाश्त नहीं किया




जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क की हालत काफी समय से खस्ता थी और यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। और स्थानीय लोगों का डीमांड भी था कि सकड बने, लेकिन अब सड़क बनने के बाद यातायात सुचारू रूप से चलेगा।इस अवसर पर निगम पार्षद उर्मिला गोतम ने भी क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त किया और लोगों की समस्या भी सुनी और जल्द समस्या हल करने की आश्वासन भी दिए। वहीं शीदीपुरा थाना के एस एच ओ अमीत ने कहा कि सड़क पर ठेली खुंचे व छोटे छोटे दुकानदारों के लिए कार्ड का व्यवस्था किया जाए, ताकि एक गरीब दुकानदारों अच्छा से अपना व्यापार को आगे बढ़ा सके एस एच ओ ने कहा कि यह मार्ग शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है। बेहतर सड़कें न केवल व्यापार को गति देती है, बल्कि दुर्घटनाओं को कम कर समय की भी बचत करती है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में खुशी की लहर है। लोगों ने फूल मालाओं के साथ विधायक विषेश रवि का स्वागत किया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधि अंकित रवि, क्षेत्र के प्रधान,बंशल जी,रमेश जी,बंटी जी, और पार्टी के कार्यकर्ताओं व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## निपुण भारत मिशन के तहत दो दिवसीय शिक्षक संकुल क्षमता-वर्धन कार्यशाला का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सुरियावां, भदोही।** आज दिनांक 13 मार्च 2026 को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र सुरियावां में दो दिवसीय शिक्षक संकुल क्षमता-वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस में शिक्षक संकुल के उद्देश्य, महत्व, भूमिका एवं उत्तरदायित्व पर विस्तार से चर्चा की गई तथा प्रतिभागियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान संकुल शिक्षकों को आने वाली अकादमिक चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया और उनके समाधान के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई। भाषा शिक्षण के संदर्भ में समझ के साथ पढ़ना (Reading with comprehension) तथा उससे संबंधित कक्षा-कक्ष की गतिविधियों पर भी विचार साझा किए गए।

सत्र में यह भी बताया गया कि शिक्षक किस प्रकार बच्चों के लेखन कार्य पर प्रभावी फीडबैक देकर उनके सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बना सकते हैं। कक्षा के उदाहरणों के माध्यम से सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ बच्चों को मार्गदर्शन देने पर विशेष जोर दिया गया। अंत में रूब्स-कोर्स के संबंध में प्रतिभागियों को जानकारी देते हुए उसकी उपयोगिता पर समझ विकसित की गई और इसी के साथ कार्यशाला के प्रथम दिवस का समापन किया गया। कार्यशाला की सभी गतिविधियाँ समूह कार्य, छोटे एवं बड़े समूह में चर्चा तथा प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संचालित की



गई। इस अवसर पर LLF के ब्लॉक अकादमिक कॉर्डिनेटर लालचंद यादव, हनुमान जी, एआरपी देवेंद्र कुमार मिश्र, मनोज सिंह, भास्करानंद मिश्र, भैरवानंद यादव, संतोष कुमार सहित शिक्षक संकुल नारायण मिश्र, संतोष शुक्ल, सुनील दुबे, वेद प्रकाश रघुवंशी, भोलानाथ सरोज, मनोज कुमार, अवधनारायण तथा सभी संकुल के शिक्षक उपस्थित रहे।

## चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कार्यक्रमो का आयोजन

● **युवा ही विकसित भारत के निर्माता हैं: डॉ आरबीएस रावत**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन उत्तराखंड के सेवानिवृत्ति मुख्य वन संरक्षक डॉ आर बी एस रावत ने छात्र-छात्राओं को उनके व्यक्तित्व के विकास और राष्ट्रीय एकता तथा टीमवर्क पर चर्चा की उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसी संस्था है जो युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ राष्ट्र के विकास में मदद कर रही है युवा ही विकसित भारत के निर्माता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने राष्ट्रीय योजना में छात्र में नेतृत्व की भावना का विकास होता है जो राष्ट्र के विकास में बहुत सहयोगी है। मुख्य अतिथि डॉ आर बी एस रावत ने महाविद्यालय कैंपस में वृक्षारोपण भी किया।

ट्रैफिक ट्रेनिंग संस्था के प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक के नियम बताएं तथा वाद विवाद प्रतियोगिता भी कराई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रगान गाकर शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी धनेंद्र कुमार सिंह, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ उपमा त्रिपाठी एवं डॉ सुधीर सिंह रघुवंशी, डॉ हृदय नारायण तिवारी,डॉ स्वाहा सी चंदा, डॉ पी के सिंह, डॉ दीपक पांडे, डॉ अनिल कुमार वर्मा, डॉ विवेक कुमार वर्मा, डॉ अखिलेश शर्मा, डॉ इबाद, डॉ श्वेता मिश्रा, डॉ रश्मि पांडे, डॉ रजनी शुक्ला, डॉ गुरप्रीत भाटिया, डॉ धर्मेश कुमार सिंह, डॉ के डी सिंह, डॉ उरूज आलम सिद्दीकी, डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा, डॉ जसकरन सिंह, जितेंद्र कुमार बाजपेई, दिलीप कुमार सिंह, गुलाब




यादव, राहुल सिंह, प्रशासनिक अधिकारी शिव मंगल चौरसिया, समन्वयक अधिकारी अजय सिंह भदोरिया, सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शनिवारको महाविद्यालय कैंपस से एक रैली का आयोजन किया गया है जिसमें जनमानस को जागरूक करने समाज में व्याप्त कुर्तियां को दूर करना तथा समाज को जागरूक करने का काम किया जाएगा। शिविर का समापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशुतोष श्रीवास्तव ने किया।

# बिष्णुप्रिया मणिपुरी समुदाय को जल्द से जल्द केंद्रीय OBC (COBC) देने की मांग

● **केंद्रीय OBC न होने के कारण विभिन्न केंद्रीय बलों की परीक्षाओं में उत्तीर्ण कई युवक-युवतियां नौकरी से वंचित।**

● **मुख्यमंत्री, स्थानीय मंत्री, सांसद और विधायक का ध्यान आकर्षित।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि:** असम के विभिन्न जिलों सहित श्रीभूमि जिले के कई क्षेत्रों से जानकारी मिली है कि बिष्णुप्रिया मणिपुरी समुदाय की लंबे समय से सरकार से मांग रही है कि उन्हें केंद्रीय OBC (COBC) का दर्जा दिया जाए। लेकिन अब तक यह मांग पूरी नहीं होने के कारण समुदाय के लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि इस समुदाय के पास केंद्रीय OBC (COBC) का प्रमाणपत्र न होने के कारण कई युवक-युवतियां CRPF सहित विभिन्न केंद्रीय सुरक्षा बलों की परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के बाद भी समय पर नौकरी जॉइन नहीं कर पाए। परिणामस्वरूप उन्हें भारत के विभिन्न राज्यों से अपने घर असम लौटना पड़ा।

समुदाय के लोगों ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के त्रिपुरा राज्य में बिष्णुप्रिया मणिपुरी समुदाय को केंद्रीय OBC की सुविधा प्राप्त है, लेकिन असम में इस समुदाय के उम्मीदवारों को यह सुविधा नहीं मिल रही है। ऐसे में असम और त्रिपुरा के बीच इस प्रकार का अंतर क्यों है, इसको लेकर कई जगह सवाल उठ रहे हैं।

इस संबंध में समुदाय की ओर से असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, स्थानीय मंत्री कृष्णेंदु पॉल, सांसद कृपानाथ मल्लाह तथा विधायक बिजॉय मलकर का ध्यान आकर्षित किया गया है। उनसे अनुरोध किया गया है कि इस महत्वपूर्ण विषय को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर जल्द से जल्द बिष्णुप्रिया मणिपुरी समुदाय को केंद्रीय OBC का दर्जा दिलाने की व्यवस्था की जाए। समुदाय का कहना है कि यदि शीघ्र निर्णय लिया जाता है, तो जो उम्मीदवार पहले ही विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण हो चुके हैं, वे नियुक्ति पत्र प्राप्त कर नौकरी में शामिल हो सकेंगे और उनका भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। समुदाय के लोगों ने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ‘सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास’ के नारे को ध्यान में रखते हुए इस लंबे समय से लंबित समस्या का समाधान करेगी और बिष्णुप्रिया मणिपुरी समुदाय के वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के हित में सकारात्मक कदम उठाएगी, इस आशा पर।

## विधायक विजय की सक्रियता से मुख्यमंत्री राहत कोष से 285 लोगों को चिकित्सा व शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता (चेक) वितरित

● **इस पहल से क्षेत्र के लोगों ने की सराहना।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि:** रामकृष्णनगर के लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार की सक्रिय पहल पर आज 13 मार्च (शुक्रवार) को उनके निवास पर 285 जरूरतमंद लोगों के बीच चिकित्सा और शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता (चेक) वितरित किए गए। यह सहायता असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के प्रयास से मुख्यमंत्री राहत कोष (CMRF) के अंतर्गत प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान आर्थिक रूप से असहाय मरीजों और जरूरतमंद परिवारों को वित्तीय सहायता के चेक सौंपे गए। लोगों का कहना है कि इलाज के भारी खर्च से जूझ रहे इन परिवारों के लिए यह सहायता नई आशा की किरण साबित हुई है।

सूत्रों के अनुसार, कई मरीज लंबे समय



से गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे और इलाज के खर्च का प्रबंध करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। मामला विधायक के संज्ञान में आते ही उन्होंने तुरंत आवश्यक पहल करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की। इसके परिणामस्वरूप आज शुक्रवार को औपचारिक रूप से लाभार्थियों के हाथों में सहायता राशि के चेक सौंपे गए। इस पहल को सरकार की जनकल्याणकारी नीति और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक माना जा रहा है। सहायता प्राप्त करने वाले मरीजों और उनके परिजनों ने असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व



शर्मा तथा स्थानीय विधायक विजय मालाकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए इस तरह की मानवीय पहल आगे भी जारी रहेगी।

# असम माला 3.0 परियोजना के तहत आनीपुर-दुल्लभछड़ा- चामटिला सड़क का शिलान्यास

● **38 करोड़ से अधिक की लागत से होगा लगभग 10 किमी सड़क का विस्तार, क्षेत्र में खुशी की लहर।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि संवाददाता स्वतंत्र प्रभात:** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज 13 मार्च (शुक्रवार) बराक घाटी की कई विकास परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। राज्य की सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई असम माला 3.0 परियोजना के तहत महत्वपूर्ण सड़क विकास कार्यों की शुरुआत हुई। इसी क्रम में श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर पूर्त टेरिटोरियल रोड डिवीजन के अधीन आनीपुर तिमुखा से दुल्लभछड़ा होकर चामटिला तक लगभग 10 किलोमीटर लंबी सड़क का औपचारिक शिलान्यास विधायक विजय मालाकार की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में स्थानीय जनता की भारी उपस्थिति रही, जिससे क्षेत्र में इस विकासात्मक पहल के प्रति उत्साह और समर्थन देखा गया।

जानकारी के अनुसार इस परियोजना को लागू करने के लिए कुल 38 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने का अनुमान है। सड़क का आधुनिकीकरण और चौड़ीकरण किया जाएगा। नई सड़क की चौड़ाई 5-6 मीटर तक बढ़ाई जाएगी, और दोनों ओर स्लैब सहित नालियों का निर्माण किया जाएगा, ताकि मानसून में जल निकासी की समस्या दूर हो और सड़क की स्थायित्व बनी रहे।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग



अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रतिदिन कई लोग इसका उपयोग बाजार, शैक्षणिक संस्थानों और कार्यस्थलों तक जाने के लिए करते हैं। सड़क के चौड़ीकरण से क्षेत्र की संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। ‘शिलान्यास के अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विधायक विजय मालाकार और संबंधित अधिकारियों को धन्यवाद दिया और परियोजना के शीघ्र पूरा होने की कामना की।

## बिसवां तहसील के पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा की नई पहल, स्कूल से दूर बच्चों को फिर से जोड़ेगा पहल फाउंडेशन

● **पहल फाउंडेशन सक्रिय, ड्रॉपआउट बच्चों का पुनः होगा विद्यालयों में प्रवेश**

**डॉ. सुधाकर का यह सपना! शिक्षित हो हर बच्चा अपना!**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बिसवां (सीतापुर)।** पहल फाउंडेशन के तत्वावधान में ‘शिक्षा संकल्प’ कार्यक्रम के अंतर्गत बिसवां तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत भूरकुड़ी के भुरकुंडी गांव में जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। यह कार्यक्रम प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सुधाकर वर्मा के प्रेरक स्वप्न ‘शिक्षित हो हर बच्चा अपना’ को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, विशेषकर बालिका शिक्षा तथा बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास की आधारशिला है। इसलिए प्रत्येक अभिभावक का यह दायित्व है कि वह अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करे। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। पहल फाउंडेशन द्वारा संचालित ‘शिक्षा संकल्प’ अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। पहल फाउंडेशन की संयुक्त सचिव पिंकी प्रजापति ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा चयनित गांवों में ड्रॉपआउट और स्कूल से बाहर बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे विद्यालय छोड़ चुके हैं, उन्हें पुनः विद्यालय में प्रवेश दिलाने



तथा जो बच्चे अभी तक स्कूल नहीं जाते हैं, उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित कर उन्हें सरकारी अथवा निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और हर बच्चा पढ़-लिखकर अपने जीवन को बेहतर बना सके। इस मौके पर डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति, सतीश वर्मा, प्रेम यादव, पुष्पेंद्र वर्मा, लवकुश यादव, विकास निगम सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा
स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254
www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com